मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.4	13.2
डालटनगंज	28.8	12.5
धनबाद	27.3	16.2

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शनिवार 22 नवंबर 2025 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 222 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

ब्रीफ न्यूज

पाक के पंजाब प्रांत में फैक्टरी में गैस धमाका, 15 की मौत

इस्लामाबाद । पाक के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को एक फैक्टरी में हुए गैस धमाके में 15 लोगों की जान चली गई. इस विस्फोट में कई अन्य घायल भी हुए हैं. प्रांत की सीएम मरियम नवाज ने घटना में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया है. डान अखबार के अनुसार, फैसलाबाद कमिश्नर ने कहा गया कि मलिकपुर इलाके के पास एक फैक्टरी में हुए गैस धमाके में 15 लोगों की मौत हो गई.

मस्जिद की जमीन से निकली राम की मूर्ति

सागर । मध्य प्रदेश के सागर जिले में बंडा तहसील अंतर्गत ग्राम पापेट में शुक्रवार को मस्जिद की जमीन पर बाउंड्रीवॉल की खुदाई के दौरान एक प्राचीन मूर्ति निकली. उक्त मूर्ति भगवान राम और माता सीता की होना बताई जा रही है. यह सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के लोग ग्राम पापेट पहुंच गए और उन्होंने मूर्ति की पूजा-अर्चना की. इसी बीच कुछ देर बाद मुस्लिम समाज के लोग भी वहां पहुंच गए और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे

जोहान्सबर्ग । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अफ्रीकी महाद्वीप में पहली बार होने वाली जी-20 नेताओं की शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार तड़के जोहान्सबर्ग पहुंचे. दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में पहली बार होने वाला यह शिखर सम्मेलन 21 से 23 नवंबर तक चलेगा.मीडिया में खबरों के मुताबिक एयर इंडिया वन से स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 6:30 बजे ओआर टांबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग के बाद प्रधानमंत्री का यहां जोरदार स्वागत किया गया.

बांग्लादेश में भूकंप: 3 की मौत, 100 घायल

ढाका । बांग्लादेश की राजधानी ढाका के पास नरसिंदी जिले में शुक्रवार सुबह आए भूकंप के कारण कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 100 से ज्यादा अन्य घायल हो गए. भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मांपी गई. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 10:08 बजे आए इस भूकंप का केंद्र नरसिंदी से 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था, जो ढाका से लगभग 50 किलोमीटर दूर है.

एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं: भागवत

इम्फाल । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मणिपुर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां जनजातीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया. उन्होंने समाज में स्थायी शांति, सौहार्द और प्रगति के लिए एकता एवं चरित्र निर्माण को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भ्रातृत्व ही भारत का धर्म है. उन्होंने कहा कि एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं है. डॉ. भागवत ने कहा कि संघ पूर्णतः सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य समाज को जोड़ना है.

मेक्सिको की फातिमा बॉश के सिर सजा मिस यूनिवर्स 2025 का ताज
भारत की मनिका विश्वकर्मा टॉप 12 में नहीं बना पाईं जगह

नई दिल्ली । थाईलैंड में आयोजित मिस यूनिवर्स 2025 प्रतियोगिता में मेक्सिको की फातिमा बॉश ने खिताब अपने नाम कर लिया. उन्हें 2024 की मिस यूनिवर्स डेनमार्क की विक्टोरिया केजर थेलविग ने ताज पहनाया. फिनाले के दौरान फातिमा के नाम की घोषणा होते ही पूरा हॉल उत्साह से भर उठा. ताज पहनाए जाने के पल में उनकी भावनाएं साफ झलक रही थीं. यह उनके वर्षों की मेहनत और समर्पण का नतीजा था. भारत की मनिका विश्वकर्मा टॉप 12 में जगह नहीं बना पाईं. इस बार 100 से ज्यादा देशों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. फाइनलिस्ट में चिली, कोलंबिया, क्यूबा, ग्वाडेलोप, मेक्सिको, प्यूर्टो रिको, वेनेजुएला, चीन, फिलीपींस, थाईलैंड, माल्टा और कोटे डी आइवर शामिल रहे. इस वर्ष भारत की बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल जजों के पैनल का हिस्सा थीं.

दुबई एयर शो में भारतीय फाइटर जेट तेजस क्रैश
हादसे में पायलट की मौत

एजेंसी । दुबई

दुबई एयर शो में शुक्रवार को आयोजित उड़ान प्रदर्शन के दौरान भारतीय तेजस लड़ाकू विमान हादसे का शिकार हो गया. वायु सेना ने बयान जारी कर बताया कि इस हादसे में पायलट की भी मौत हो गई है. स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2:10 बजे तेजस एम के-1 प्रदर्शन के दौरान डेमो उड़ान भर रहा था, तभी अचानक विमान अनियंत्रित हो गया और नीचे गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान के जमीन से टकराते ही जोरदार धमाका हुआ और कुछ ही पलों में काले धुएं का गुबार हवा में फैल गया. वहां मौजूद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया. बड़ी संख्या में लोग दुबई एयर शो देखने आए थे. इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे. भीड़ ने विमान को नीचे गिरते देखा और फिर अचानक उठते धुएं के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

एक घंटे से भी कम समय में आग पर पाया गया काबू : दुबई की स्थानीय मीडिया के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद हेलिकॉप्टर्स और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया गया. करीब 45 मिनट में पूरे घटनाक्रम को संभाल लिया गया. कार्यक्रम दोबारा शुरू होगा या नहीं, इस पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है.

स्वदेशी है ताकतवर तेजस

भारतीय वायुसेना का तेजस एम के-1 लड़ाकू विमान पूरी तरह भारत में निर्मित एक आधुनिक फाइटर जेट है. इसे हल्का, तेज और अधिक फुर्तीला बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि यह विभिन्न तरह के कॉम्बैट मिशन आसानी से पूरा कर सके. तेजस को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हॉल) ने विकसित किया है. यह देश की स्वदेशी रक्षा क्षमता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है. इसके डिजाइन और संरचना में कई उन्नत तकनीकों का समावेश किया गया है. तेजस 4.5 जनरेशन श्रेणी का विमान है, जिसमें आधुनिक एवियोनिक्स, बेहतर हथियार प्रणाली और उत्कृष्ट मैनूवरिंग क्षमताएं शामिल हैं. यह छोटा और हल्का होने के बावजूद सुपरसोनिक गति से उड़ान भरने की क्षमता रखता है.

दिल्ली ब्लास्ट केस : मुजम्मिल और उमर का ऐसे हुआ ब्रेनवॉश
विदेश से हैंडलर ने भेजे 3 दर्जन सुसाइड बॉम्बिंग के वीडियो

एजेंसी । नयी दिल्ली

दिल्ली धमाके में विदेशी साजिश के स्पष्ट साबूत मिले हैं. लाल किले बम धमाके में शामिल आरोपियों को एनक्रिप्टेड ऐप्लिकेशन के ज़रिए विदेशों से सुसाइड बॉम्बिंग के वीडियो भेजे गए हैं. दिल्ली बम धमाकों की जांच कर रही एजेंसियों ने ख़ुलासा करते हुए कहा है कि साइड बॉम्बिंग वीडियो जैश के डॉक्टर माड्यूल से शेयर किए जा रहे थे. ऐसे करीब 3 दर्जन से ज़्यादा वीडियो इस मॉड्यूल के विदेशी हैंडलरों ने डॉक्टरों से शेयर किया था. ये डॉक्टर ब्लास्ट में शामिल थे और जांच एजेंसियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. इनमें से एक डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनी है जिसे एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है. इस डॉक्टर ने पूछताछ के दौरान पूरी कार्यप्रणाली जांच एजेंसियों को बताया है. डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनी ने जांच एजेंसियों से कहा है कि इन वीडियो में बारीकी से इस बात का ज़िक्र होता था कि सुसाइड बॉम्बर का मकसद क्या होता है, और किस तरीके से उनके भीतर ऐसी प्रवृत्ति आ रही है.

जांच एजेंसियों के मुताबिक ऐसे वीडियो का दुनिया के दूसरे आतंकी संगठन भी इस्तेमाल करते हैं. जांच एजेंसियां अब इस बात की तफ़्तीश कर रही है कि मुजम्मिल के अलावा और किस-किस को लाल किले बम धमाके के मॉड्यूल को हैंडलरों ने इस तरह का वीडियो भेजा है.

इन वीडियो के जरिये ये आतंकी अपने पैसे से बम बना रहे थे. और इसके लिए खुद खरीदारी कर रहे थे. इससे पता चलता है कि ये आतंकी किस कदर रेडिक्लाइज हो गए थे. जानकारी के मुताबिक इन आतंकियों ने 26 लाख रुपये खुद इकट्ठा किए थे और 4 गाड़ियों को जमा किया था. इन वीडियो से डॉ मुजम्मिल और डॉ उमर पूरी तरह से ब्रेनवश़ हो चुके थे. डॉ उमर ने ही लाल किले के बाहर अपनी कार से ब्लास्ट किया था. इस धमाके में आतंकी उमर के चिथड़े उड़ गए थे. जांच एजेंसियां अब इन हैंडलरों का पता लगाने में जुटी हैं. इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली केस में तीन हैंडलरों की पहचान 'हनजुल्लाह', 'निसार' और 'उकासा' के रूप में हुई है. लेकिन ये इनका कोड नेम हो सकता है. इस रिपोर्ट के अनुसार जो शख्स 'हनजुल्लाह' नाम इस्तेमाल कर रहा था उसने लगभग 40 वीडियो मुजम्मिल अहमद गनी को भेजे. गनी ही वो शख्स था जिसने धमाके में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक को इकट्ठा किया था. दिल्ली ब्लास्ट में जांच एजेंसियों ने अबतक 6 लोगों को गिरफ्तार किया है.

अल-फलाह यूनिवर्सिटी चेयरमैन के घर पर तोड़फोड़ कार्रवाई रुकी, हाईकोर्ट ने 15 दिन का स्टे लगाया

इंदौर । फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद सिद्दीकी के महू स्थित मकान पर की जा रही तोड़फोड़ की कार्रवाई को फिलहाल हाई कोर्ट से राहत मिल गई है. शुक्रवार सुबह 11 बजे मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने महू कैंट बोर्ड द्वारा जारी नोटिस पर 15 दिनों का अंतरिम स्थगन आदेश (स्टे) जारी किया. यह आदेश मकान में रह रहे अब्दुल माजिद की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगले 15 दिनों तक भवन पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई या तोड़फोड़ नहीं की जाएगी. इसके बाद मामले की अगली सुनवाई निर्धारित होगी. दरअसल, याचिकाकर्ता अब्दुल माजिद ने अपनी अर्जी में कैंट बोर्ड के नोटिस को आधारहीन बताते हुए चुनौती दी थी. याचिका में कहा गया कि नोटिस में यह उल्लेख ही नहीं किया गया है कि भवन का कौन-सा हिस्सा अवैध निर्माण की श्रेणी में आता है. इसके अलावा, कैंट बोर्ड ने 1996-97 के पुराने नोटिसों का हवाला दिया है, जबकि वर्तमान हालात के अनुरूप कोई

स्पष्ट तथ्य या आधार प्रस्तुत नहीं किए गए. याचिका में यह भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट की वर्ष 2025 की गाइडलाइन का पालन नोटिस में नहीं किया गया. मकान के स्वामित्व को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की गई. बताया गया कि यह मकान पहले जवाद सिद्दीकी के पिता हम्माद सिद्दीकी ने उन्हें गिफ्ट किया था. बाद में जवाद सिद्दीकी ने इसे अब्दुल माजिद को गिफ्ट में दिया, जो लंबे समय से अपने परिवार के साथ वहीं रह रहे हैं.

फरीदाबाद से एक शख्स हिरासत में, ग्राइंडर-मेल्टिंग फर्नेस बरामद

फरीदाबाद में एक जांच एजेंसी ने आतंकी गतिविधियों के एक मामले में कार्रवाई करते हुए शब्बीर नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. एजेंसी ने शब्बीर के पास से एक ग्राइंडर और मेल्टिंग फर्नेस भी बरामद किया है. सूत्रों के मुताबिक, बीती रात जांच एजेंसियां शब्बीर के घर पहुंचीं थी और इसी दौरान सामान बरामद किया. इसके बाद एजेंसिया शब्बीर को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गईं. बताया जाता है कि मेल्टिंग फर्नेस और ग्राइंडर शब्बीर के घर पर डॉक्टर मुजम्मिल ने रखे थे. मुजम्मिल ने शब्बीर से कहा था कि यह सामान उसकी बहन के यहां जाना है, इसलिए वह इसे कुछ समय के लिए अपने पास रख ले.

शातिर प्रवृत्ति का है मुजम्मिल : शब्बीर और डॉक्टर मुजम्मिल के बीच संबंध कई साल पुराना है. कहा जाता है कि शब्बीर के बेटे के जल जाने के बाद डॉ. मुजम्मिल ने उसका

इलाज किया था. इसके बाद से मुजम्मिल लगातार शब्बीर के संपर्क में था. डॉ. मुजम्मिल की कार्यप्रणाली यह रही है कि वह पहले लोगों से व्यक्तिगत संबंध बनाता था और फिर उन्हें अपनी जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल करता था. इसी तरह, मुजम्मिल ने पहले मस्जिद के इमाम इस्ताक के घर पर 2500 किलो से ज़्यादा विस्फोटक रखा था.

बिहार में सभी मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा
सम्राट चौधरी को गृह मंत्रालय और रामकृपाल को मिला कृषि विभाग

संवाददाता । पटना

बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया गया. इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. यह पहला मौका है जब गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री की बजाय उप मुख्यमंत्री को सौंपा गया है. नई गठबंधन सरकार में भाजपा, जदयू, हम, रालोम और लोजपा (रामविलास) के कोटे से शामिल मंत्रियों को भी उनके विभाग आवंटित कर दिए गए हैं. विभागों के बंटवारे में सहयोगी दलों की हिस्सेदारी और अनुभव को ध्यान में रखा गया है, ताकि प्रशासनिक कामकाज को गति दी जा सके. विभागों के बंटवारे के साथ ही नई सरकार ने प्रशासनिक कामकाज को गति देने की तैयारी शुरू कर दी है. विभाग आवंटन में सहयोगी दलों की हिस्सेदारी और अनुभव को ध्यान में रखते हुए संतुलन साधने की कोशिश की गई है.

किस मंत्री को मिला कौन-सा विभाग

भाजपा से शामिल मंत्री : सम्राट चौधरी (उपमुख्यमंत्री)- गृह विभाग, विजय कुमार सिन्हा (उपमुख्यमंत्री)-राजस्व एवं भूमि विभाग, मंगल पांडेय-स्वास्थ्य एवं विधि विभाग, डॉ. दिलीप जायसवाल - उद्योग विभाग, नितिन नवीन - पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, रामकृपाल यादव-कृषि विभाग, संजय टाइगर-श्रम संसाधन विभाग, अरुण शंकर प्रसाद-पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, सुरेंद्र मेहता-पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, नारायण प्रसाद-आपदा प्रबंधन विभाग, रमा निषाद-पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, लखेंद्र कुमार रोशन-अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, श्रेयसी सिंह-सूचना एवं खेल विभाग, प्रमोद कुमार (चंद्रवंशी)-सहकारिता, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

जदयू (जदयू) से शामिल मंत्री : विजय चौधरी-जल संशाधन और भवन निर्माण विभाग, विजेंद्र प्रसाद यादव-ऊर्जा मंत्री, श्रवण कुमार-ग्रामीण विकास मंत्रालय, अशोक चौधरी-ग्रामीण कार्य मंत्रालय, लेसी सिंह-खाद्य उपभोक्ता मंत्रालय, मदन साहनी-समाज कल्याण मंत्रालय, मोहम्मद जमा खान-अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सुनील कुमार - शिक्षा मंत्रालय.

हम से शामिल मंत्री : संतोष कुमार सुमन-लघु जल संसाधन विभाग, लोजपा (राम विलास) से शामिल मंत्री, संजय कुमार-गन्ना उद्योग विभाग, संजय सिंह - लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग.

राष्ट्रीय लोक मोर्चा से शामिल मंत्री : दीपक प्रकाश-पंचायती राज विभाग.

बिहार महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सरवत ने दिया इस्तीफा

पटना । बिहार विधानसभा चुनाव (2025) में एक तरफ जहां कांग्रेस ने खराब प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर अब

पार्टी के नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी है. बिहार महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी से नाराज होकर सरवत जहां ने इस्तीफा दे दिया है. शुक्रवार को मीडिया से उन्होंने बातचीत में कहा कि 2025 में सिर्फ 8 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व रहा, जो दुखद है. उन्होंने कहा कि मुझे बिहार महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष बने 28 महीने हो गए. महिला कांग्रेस की जो हमारी बहन हैं, बिहार के 38 जिलों की जो महिला जिलाध्यक्ष हैं, हम सब मिलकर बूथ स्तर पर गए. महिलाओं की जो समस्या थी उसको उठाया. महिला कांग्रेस हमेशा सड़क पर रही. बहुत सारी महिलाओं को उम्मीद थी कि टिकट मिलेगा. पहली बार ऐसा हुआ कि महिला अध्यक्ष को भी टिकट नहीं मिला.

देश से घुसपैठियों को एक-एक कर बाहर निकालेंगे : अमित साह

भुज । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश की लोकतांत्रिक

व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए घुसपैठियों को रोकना अनिवार्य है. इसके लिए देशवासियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में पूरा सहयोग देना चाहिए. गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते एसआईआर का विरोध करने वाले दल देश के मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को कमजोर कर रहे हैं, जबकि यह प्रक्रिया मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है. शाह ने कहा कि देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा. बिहार की जनता के ताज़ा जनमत ने भी संदेश दे दिया है कि देशवासी घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे.

विदाई : आखिरी कार्यदिवस पर भावुक हुए सीजेआई बीआर गवई, बोले-
जो भी देश के लिए कर सकता था वो किया

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि वह लगभग चार दशक लंबे अपने कानूनी और न्यायिक सफर के अंत में पूरे संतोष और तृप्ति के साथ 'न्याय के छात्र' के तौर पर इस संस्था को छोड़ रहे हैं. गौरतलब है कि सीजेआई गवई का सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को आखिरी दिन था. वे इस दौरान विदाई समारोह के लिए गठित बेंच के साथ कार्यवाही पर बैठते हुए भावुक नजर आए. इस बेंच में उनके साथ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विनोद चंद्रन मौजूद थे. गवई ने कहा, आप सभी को सुनने के बाद, खासकर अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और कपिल सिब्बल की कविताएं और आप सभी की गर्मजोशी से भरी भावनाएं सुनकर मेरी आवाज थम-सी गई है. उन्होंने कहा, जब मैं इस अदालत कक्ष से आखिरी बार बाहर जाऊंगा... मैं इस अनुभूति के साथ जाऊंगा कि मैंने इस देश के लिए जो कुछ कर सकता था, वह किया. धन्यवाद, बहुत-बहुत धन्यवाद. कार्यवाही के दौरान साथी जजों ने सीजेआई गवई के योगदान को याद किया. बता दें कि गवई जस्टिस केजी बालकृष्णन के बाद दूसरे दलित और पहले बौद्ध सीजेआई हैं. गवई ने कहा, मैं हमेशा मानता हूं कि हमारा संविधान समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के

सिद्धांतों पर आधारित है, और मैंने अपनी जिम्मेदारियां इन्हीं चार दीवारों के भीतर रहकर निभाईं.

इस साल 14 मई को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ लेने वाले गवई 23 नवंबर 2025 को पद छोड़ देंगे और शुक्रवार उनका अंतिम कार्यदिवस था. अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा, 1985 में जब मैंने पेशे में प्रवेश किया, तब मैं कानून की पढ़ाई के लिए विद्यालय में आया था. आज जब मैं पद छोड़ रहा हूं, तो 'न्याय का विद्यार्थी' बनकर जा रहा हूं. उन्होंने वकील, हाईकोर्ट के जज, सुप्रीम कोर्ट के जज और आखिरकार चीफ जस्टिस के पद तक की अपनी 40 वर्ष से ज्यादा की यात्रा को संतोषजनक बताया.

आंबेडकर के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और अपने पिता, जो बाबासाहेब के करीबी सहयोगी थे, का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी न्यायिक विचारधारा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के प्रति आंबेडकर की प्रतिबद्धता से आकार लेती रही. सुप्रीम कोर्ट के प्रशासन पर उन्होंने कहा, सीजेआई के रूप में लिए सभी निर्णय सामूहिक रूप से लिए गए. हम एक संस्था की तरह कार्य करें, यही मेरी धारणा रही.

सहयोगियों ने भी याद किए साथ काम करने के अनुभव : जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, वे मेरे लिए केवल सहकर्मी नहीं, भाई और विश्वास पात्र हैं. बेहद ईमानदार व्यक्ति. उन्होंने बताया कि गवई मामलों को धीरज और गरिमा के साथ संभालते थे और युवा वकीलों को प्रोत्साहित करते थे. दूसरी तरफ भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने 'भूषण' शब्द के मराठी अर्थ आभूषण का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति गवई ने न्यायपालिका को 'सुशोभित' किया है.

लेबर रिफॉर्म्स का नया दौर: आज से देश में लागू हुए 4 नए श्रम कानून
नियुक्ति पत्र, समय पर सैलरी व न्यूनतम वेतन अब कानूनी रूप से होगा अनिवार्य

एजेंसी । नयी दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को श्रम क्षेत्र में सुधार करते हुए चार नए लेबर कोड लागू कर दिए हैं. 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने वाले इन सुधारों के साथ वर्षों पुराने 29 केंद्रीय श्रम कानून खत्म हो गए और उनकी जगह चार आधुनिक कोड लागू हुए हैं- वेज कोड 2019, इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020, सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020. सरकार का कहना है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य एक मजबूत, सुरक्षित और पारदर्शी मजदूर-ढांचा तैयार करना है, जिससे श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित हों और उद्योगों को सरल और प्रतिस्पर्धी माहौल मिले.

नए लेबर कोडों के प्रमुख बदलाव

नियुक्ति पत्र अनिवार्य : अब देशभर में सभी नियोक्ताओं को नियुक्ति के समय कर्मचारियों को अपॉइंटमेंट लेटर देना होगा, जिससे रोजगार की शर्तों में पारदर्शिता बढ़ेगी. **न्यूनतम वेतन पूरे देश में लागू :** हर श्रमिक को ऐसा वेतन मिलेगा जो जीवन यापन के लिए पर्याप्त हो. **समय पर वेतन :** नियोक्ता निर्धारित समय पर सैलरी देने के कानूनी रूप से बाध्य होंगे. **स्वास्थ्य-सुरक्षा :** 40 वर्ष से अधिक आयु वाले कर्मचारियों के लिए वार्षिक हेल्थ चेकअप मुफ्त किया गया है. **महिलाओं को बराबरी व सुरक्षा :** सुरक्षा प्रावधानों के साथ अब महिलाएं रात की शिफ्ट में काम कर सकेंगी. **अनौपचारिक व गिग वर्कर्स को पहचान :** प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स को पीएफ, बीमा, पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं मिलेंगी, जिनमें कंपनियों को योगदान देना होगा.

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि ये सुधार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार करेंगे. सामाजिक सुरक्षा कवरेज पहले 19% था, जो 2025 में बढ़कर 64% हुआ और आगे और बढ़ने की उम्मीद है. नए कोडों से खासकर एमएसएमई श्रमिकों, कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स, महिलाओं और गिग वर्कर्स को बड़ा लाभ मिलेगा.

1984 सिख दंगा पीड़ितों के मामले की निगरानी जारी

आयोग को सभी सुविधाएं जारी रखने का निर्देश दिया

शुभम संदेश। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा देने और दंगों से जुड़े मामलों की निगरानी के लिए गठित वन मैन कमीशन को सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. अदालत ने कहा कि आयोग को स्वतंत्र रूप से और बिना किसी बाधा के काम करने दिया जाना चाहिए. अगली सुनवाई मार्च 2026 में होगी.मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वन मैन कमीशन को स्टेनोग्राफर, कंप्यूटर टाइपिस्ट और नोडल अधिकारी जैसी सभी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं. अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि एक बार प्रदान की गई सुविधाओं को वापस नहीं लिया जाएगा.

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने अदालत को बताया कि वन मैन कमीशन को सभी सुविधाएं प्रदान कर दी गई हैं. इससे पहले, हस्तक्षेपकर्ता की ओर से अदालत को यह बताया गया था कि आयोग को अभी तक कई जरूरी सुविधाएं नहीं मिली थीं. याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को यह भी जानकारी दी कि आयोग ने चार जिलों, रांची, रामगढ़, बोकारो और पलामू में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा देने की सिफारिश की है. राज्य सरकार ने बताया कि आयोग की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जारी है और 41 में से 39 पीड़ितों को मुआवजा प्रदान किया जा चुका है.

गौरतलब है कि सिख दंगों की जांच और पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीपी सिंह की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया गया था. आयोग ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है, जिसमें चार जिलों में प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की स्पष्ट सिफारिश की गई है.

झारखंड@25 स्मारिका का विमोचन : वक्ताओं ने कहा

राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधा इच्छाशक्ति का अभाव

शुभम संदेश। रांची

रांची प्रेस क्लब सभागार में झारखंड राज्य के 25 वर्षों की यात्रा पर आधारित स्मारिका 'झारखंड@25' का बुधवार को औपचारिक विमोचन किया गया. सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र, रांची द्वारा प्रकाशित 178 पृष्ठीय इस स्मारिका में राज्य के शासन-प्रशासन, आर्थिक-सामाजिक स्थिति, शिक्षा-स्वास्थ्य की दशा और प्रशासनिक चुनौतियों पर वरिष्ठ अधिकारियों व विशेषज्ञों के विश्लेषण शामिल हैं. कार्यक्रम में पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद, पूर्व विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अर्थशास्त्री एवं राज्य वित्त आयोग सदस्य हरिश्वर दयाल, पूर्व सांसद महेश पोद्दार समेत कई दिग्गजों ने संयुक्त रूप से स्मारिका का लोकार्पण किया.

कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि झारखंड के विकास को सबसे अधिक प्रभावित करने वाली समस्या राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति का अभाव है. पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद ने स्पष्ट कहा कि मजबूत

प्रशासनिक प्रतिबद्धता हो तो झारखंड को पांच वर्षों में बदला जा सकता है. लेकिन स्थानीय नीति संबंधी विवाद, नियुक्तियों में अनियमितता, संवैधानिक संस्थाओं में राजनीतिक हस्तक्षेप और अधिकारियों की दबाव में पदस्थापना जैसी बाधाएं विकास की रफ्तार को रोक देती हैं.

पूर्व विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने चिंतापूर्ण स्थिति की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि जब वरिष्ठ अधिकारियों को अपने ही अधीनस्थों से डर महसूस होने लगे, तब सुचारु प्रशासन की उम्मीद करना कठिन है. उन्होंने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में झारखंड की अपार संभावनाएं होने के बावजूद 'मोमेंटम झारखंड' जैसे आयोजनों का वास्तविक लाभ नहीं मिल पाया क्योंकि निवेशकों को समय पर भूमि, बिजली और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराई गईं. उनके अनुसार, जब एक उद्योग राज्य से हटता है तो उसके प्रभाव में करीब दस संभावित निवेशक भी झारखंड आने से हिचकते हैं.

अर्थशास्त्री हरिश्वर दयाल ने कहा कि बीते 25 वर्षों में झारखंड की आर्थिक नींव अवश्य मजबूत हुई है, लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर तक उठाना और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है. वहीं पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि रांची से केवल 17 किलोमीटर दूर स्थित गांवों में अब भी लोग बिजली का इंतजार कर रहे हैं, जो विकास की असमानता को दर्शाता है. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की आधी आबादी में अभी विकास की अपेक्षा तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सकी है.

स्मारिका के प्रधान संपादक प्रो. चंद्रकांत शुक्ल और प्रबंध संपादक अयोध्या नाथ मिश्र के नेतृत्व में इसे तैयार किया गया है. संस्था अब तक झारखंड पर आधारित दस महत्वपूर्ण स्मारिकाएं प्रकाशित कर चुकी है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी, बुद्धिजीवी और पत्रकार उपस्थित रहे.

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'सरदार @150 पदयात्रा'

राज्यपाल ने दिलाई स्वदेशी और नशा-मुक्ति की शपथ

शुभम संदेश। रांची

'लौहपुरुष' देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी रांची में राष्ट्रीय एकता और आत्मनिर्भरता के संदेश के साथ भव्य 'सरदार @150 पदयात्रा' का आयोजन किया गया. राजभवन के मुख्यद्वार से ओटीसी ग्राउंड तक निकली इस पदयात्रा की अगुवाई राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने की. विशाल जनभागीदारी के साथ आयोजित यह पदयात्रा न केवल सरदार पटेल के योगदान को नमन करने का अवसर बनी, बल्कि युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की भावना को सशक्त करने का माध्यम भी रही. राज्यपाल ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को स्वदेशी अपनाने और नशा-मुक्ति का संकल्प दिलाकर सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया.

राज्यपाल ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि एनएसएस, एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स, माई भारत वॉलेंटियर्स और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के हजारों विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी यह प्रमाण है कि भारत का युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण के प्रति पूर्णतः समर्पित है. उन्होंने कहा कि देश का भविष्य उसी एकजुटता, प्रतिबद्धता और चरित्र पर निर्भर करता है, जो आज के युवा प्रदर्शित कर रहे हैं. प्रधानमंत्री द्वारा "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड राजभवन भी इसी भावना के अनुरूप विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस समारोहों का आयोजन कर देश की विविधता में एकता को सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है. अपने संबोधन में राज्यपाल ने गुजरात स्थित 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' का भी उल्लेख किया. उन्होंने बताया कि इस माह 9 तारीख को उन्हें इस भव्य प्रतिमा के दर्शन का अवसर मिला. उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा का अवलोकन कर वह अभिभूत हो उठे, जहां देश-विदेश से आए लोग श्रद्धा के साथ लौहपुरुष को स्मरण कर रहे थे. उनके अनुसार यह प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकजुटता और संकल्प का जीता-जागता प्रतीक है.

कार्यक्रम में रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल भी उपस्थित रहे. सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित यह पदयात्रा एकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र सेवा की भावना को पुनर्स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुई.

सरदार पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी

पदयात्रा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी, जो उनकी दूरदृष्टि, साहस और राष्ट्रनिष्ठा का प्रमाण है. उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का ये संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है–'एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है. राज्यपाल ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माई भारत द्वारा सरदार पटेल की जयंती वर्षगांठ को जन–आंदोलन का स्वरूप देने की पहल की सराहना की. उन्होंने कहा कि देशभर में आयोजित पदयात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध–प्रतियोगिताएं, क्विज, 'एक था सरदार' पॉडकास्ट और 'राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता' जैसी गतिविधियां युवाओं के भीतर राष्ट्रभावना को और मजबूत कर रही हैं.

झारखंड में मशरूम उत्पादन व मधुमक्खीपालन से रुकेगा ग्रामीण पलायन : शिल्पी नेहा तिर्की

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन से पलायन को रोका जा सकता है. राज्य की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने यह बात मांडर के बिसाहा खटंगा पंचायत और बेड़ो के नेहालू पंचायत में आयोजित उद्यानिकी प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान कही. कार्यशाला में महिलाओं को मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन के अवसरों पर जानकारी दी गई. मंत्री ने कहा कि हजारीबाग की महिलाएं मशरूम उत्पादन में मिसाल बन चुकी हैं और अब मांडर क्षेत्र की महिलाएं भी इस क्षेत्र में सफलता हासिल कर लाखों रुपये कमा सकती हैं. उन्होंने महिलाओं को इच्छाशक्ति और निरंतर मेहनत की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिन परिश्रम से ही भविष्य संवर सकता है.

कृषि मंत्री तिर्की ने बताया कि झारखंड की प्राकृतिक बनावट मधुमक्खी पालन के लिए उपयुक्त है, इसलिए विभाग इसे बढ़ावा दे रहा है. उन्होंने अधिकारियों को मशरूम उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को एक्सपोजर ट्रेनिंग दिलाने का निर्देश भी दिया. कार्यशाला के दौरान सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को पांच दिन का मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण के अंत में महिलाओं को प्रमाण पत्र और मशरूम उत्पादन के 30 बैग वितरित किए गए. इसके अलावा, ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ बी-कीपिंग किट भी प्रदान की गयी.

कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक शशि भूषण अग्रवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंचला कुमारी, जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे. मंत्री ने कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश भी दिया कि महिलाएं सही दिशा, मेहनत और समर्पण से आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं और अपने गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ा सकती हैं.

झारखंड शराब घोटाला: नवीन केडिया के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक, 28 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

रांची। झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपी कारोबारी नवीन केडिया को एसीबी की विशेष अदालत से बड़ी अंतरिम राहत मिली है. अदालत ने शुक्रवार को कहा कि उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर अंतिम आदेश आने तक नवीन केडिया के खिलाफ कोई भी गिरफ्तारी या कार्रवाई नहीं की जाएगी.नवीन केडिया ने 30 अक्टूबर को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी. शुक्रवार को अदालत सुनवाई कर आदेश सुनाने वाली थी, लेकिन इस दौरान उनकी ओर से एक नई अर्जी दाखिल की गई, जिसमें जारी गिरफ्तारी वारंट को रद्द या वापस लेने का अनुरोध किया गया.अदालत ने विशेष लोक अभियोजक (स्पेशल पीपी) से कहा कि वे 28 नवंबर को अगली तारीख से पहले इस अर्जी पर अपना जवाब दाखिल करें.

जेएससीसी-सीजीएल पेपर लीक मामले में विनय साह की गिरफ्तारी, सरकार पर साधा निशाना

जो काम झारखंड पुलिस नहीं कर पायी, वह योगी आदित्यनाथ की पुलिस ने कर दिखाया : बाबूलाल

शुभम संदेश। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने

जेएससीसी-सीजीएल परीक्षा में हुए व्यापक भ्रष्टाचार मामले में अभियुक्त विनय साह की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि विनय साह की गिरफ्तारी कई गंभीर सवाल खड़े करती है. मरांडी ने आरोप लगाया कि जो काम झारखंड पुलिस, पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता और राज्य सरकार के दबाव में नहीं कर पाई, वह काम योगी आदित्यनाथ की यूपी पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने कर दिखाया. उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई खत्म होने के बाद ही गिरफ्तारी क्यों हुई और क्या राज्य पुलिस का खुफिया तंत्र आरोपियों को पकड़ने में एक साल तक विफल रहा?उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले का मुख्य अभियुक्त अनीश अभी भी फरार है और उनके सूत्रों के अनुसार, पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मोटी रकम लेकर उसकी गिरफ्तारी को रोक रखी थी, ताकि पेपर लीक से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों को नष्ट किया जा सकें. आरोप लगाया कि जिन छात्रों ने रांची, हजारीबाग और नेपाल में प्रश्नों के उत्तर रटे थे, उनके स्वीकारोक्ति बयानों को सरकार और पूर्व डीजीपी के दबाव में बदल दिया गया.

मरांडी ने यह भी सवाल उठाया कि क्यों सीआईडी की पूरी जांच टीम को दो बार बदला गया और आयोग के अधिकारियों से अब तक पूछताछ क्यों नहीं की गई, जबकि प्रारंभ में आयोग ने छात्रों के सबूतों को 'एडिटेड' बताया था. उन्होंने बताया कि अभियुक्त विनय साह ने खुद स्वीकार किया कि रांची के एक होटल में परीक्षा से पहले पेपर लीक की साजिश की गई और छात्रों को नेपाल ले जाकर उत्तर रटवाए गए.मरांडी ने यह भी दावा किया कि फरार अभियुक्त अनीश का सीधा संपर्क परीक्षा कराने वाली एजेंसी, आयोग के अधिकारियों और पूर्व डीजीपी से है. उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि उनकी मंशा स्पष्ट है, तो पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए.

देश की सीमा और नक्सल अभियान में शहादत देने वाले झारखंड के वीर सपूतों को नमन

विधानसभा के 25वें स्थापना दिवस पर आज शहीदों के 16 परिजनों का होगा सम्मान

- विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो करेंगे शहीद के आश्रितों को सम्मानित
- समारोह में आवागमन की विशेष व्यवस्था के निर्देश

शुभम संदेश। रांची

झारखंड विधानसभा के 25वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर शनिवार, 22 नवंबर को देश की सुरक्षा और नक्सल अभियान में वीरगति को प्राप्त होने वाले झारखंड के शहीद जवानों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा. इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष शहीदों के आश्रितों को सम्मान प्रदान करेंगे.

झारखंड वीरों की धरती, शहादत को सलाम : झारखंड हमेशा से वीर सपूतों की भूमि रही है. चाहे नक्सल उन्मूलन अभियान हो या देश की सीमाओं की रक्षा, राज्य के जवान हर परिस्थिति में कर्तव्य पालन करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करते रहे हैं. राज्य सरकार का दायित्व है कि वह शहीद परिवारों को सम्मान और सहयोग प्रदान करे. इसी भावना से झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस पर शहीदों को नमन करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है.

गृह, कार्मिक एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भेजी गई सूची के आधार पर कुल 16 शहीद सैनिकों, अर्धसैनिक बलों और झारखंड पुलिस के जवानों के आश्रितों को विधानसभा में सम्मानित किया जाएगा. विधानसभा अध्यक्ष समारोह में उनके बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करेंगे.

कार्यक्रम में बेहतर व्यवस्था के निर्देश : समारोह में शामिल होने वाले सभी शहीद परिजनों को 22 नवंबर को विधानसभा परिसर में ससम्मान आमंत्रित किया गया है. विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि आश्रितों को समारोह स्थल तक लाने और वापस उनके निवास तक पहुंचाने की व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाए.

सम्मानित किए जाने वाले शहीदों के आश्रितों की सूची

- रामदेव महतो (झारखंड पुलिस) – पिता नितिन महतो, मां यात्री महतो, पत्नी बबीता महतो
- सिकंदर सिंह (झारखंड पुलिस) – पिता अशोक कुमार सिंह, मां जगत देवी, पत्नी सुधा देवी
- सुकन राम (झारखंड पुलिस) – पिता अमरजीत मांझी, मां कौशल्या देवी, पत्नी लक्ष्मी कुमारी
- चौहान हेंब्रम (झारखंड पुलिस) – पिता नंदलाल हेंब्रम, मां रोशनी मुर्मू, पत्नी जयंती देवी
- सुनील धान (झारखंड जगुआर) – माता फगनी उराइन, पत्नी गंदरी धान
- सुनील राम (झारखंड पुलिस) – पिता मूलधन राम, मां चंद्रावती देवी, पत्नी शोभा कुमारी
- संतान कुमार मेहता (झारखंड पुलिस) – पिता राम धर्म मेहता, मां धन कालिया देवी
- महिमानंद शुक्ला (सीआरपीएफ) – पत्नी प्रिया देवी
- सुनील कुमार मंडल (सीआरपीएफ) – पत्नी कृष्णा मंडल
- महराबम प्रबो सिंह (सीआरपीएफ) – पत्नी अलीजा देवी
- प्रणेश्वर कोच (सीआरपीएफ) – पत्नी सावित्री देवी
- संदीप कुमार (सीआरपीएफ) – पत्नी सरस्वती देवी
- महेंद्र लश्कर (सीआरपीएफ) – पत्नी मौसमी लस्कर
- कप्तान करमजीत सिंह बक्शी (भारतीय सेना) – पत्नी हरजीत कौर बक्शी
- अग्निवीर अर्जुन महतो (भारतीय सेना) – पत्नी हुलासी देवी

जनजातीय आभूषण को वैश्विक बाजार से जोड़ने की झारखंड सरकार की दूरदर्शी पहल

पारंपरिक कारीगरी को अंतरराष्ट्रीय मार्केट से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम

कारीगरों से लेकर उद्यमियों तक; झारखंड सरकार की नई पहल भविष्य की 'हस्त निर्मित इकॉनॉमी' को देगी गति

शुभम संदेश। रांची/नयी दिल्ली

भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2025 में फोकस स्टेट के रूप में शामिल झारखंड पेवेलियन इस वर्ष दर्शकों का खास आकर्षण बना हुआ है, जहां प्रदर्शित पारंपरिक आदिवासी एवं सिल्वर आभूषण दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है. झारखंड सरकार द्वारा स्थापित यह पेवेलियन राज्य की सांस्कृतिक विरासत, कारीगरी, कुटीर उद्योग, महिला उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रहा है. वहीं सरकार का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों को बड़े बाजारों से जोड़ना, उनके उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है.

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में जनजातीय कला को मिला व्यापक मंच

सरकार द्वारा किए गए प्रयासों जैसे स्टॉल सब्सिडी, उत्पाद प्रमोशन, बाजार अंतसंबर्धन, डिज़ाइन विकास सहायता और प्रशिक्षण कार्यक्रम ने स्थानीय समुदायों को नई पहचान दिलाई है. इस सक्रिय सहयोग के परिणामस्वरूप न केवल आदिवासी कला को व्यापक मंच मिला है, बल्कि झारखंड को पारंपरिक कला, सिल्वर आभूषण और हस्तशिल्प के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर भी मजबूत हुआ है.

झारखंड के प्रसिद्ध पारंपरिक जनजातीय आभूषण, फैशन की मांग: झारखंड की प्रसिद्ध आदिवासी आभूषण जैसे हंसुली, ठेला, पैरी, बंगारी और अन्य चांदी व धातु के आभूषण अपने अनूठे डिजाइन, पारंपरिक तकनीक और सांस्कृतिक महत्व के कारण लोगों को बेहद पसंद आ रहे हैं. स्टॉल संचालिका गीता रानी ने बताया कि विशिष्ट डिजाइन, सांस्कृतिक पहचान और किफायती कीमतों ने झारखंड के आभूषण को दर्शको के बीच तेजी से पसंदीदा बनाया है. पेवेलियन में युवाओं की बढ़ती रुचि और मौजूदगी से स्पष्ट है कि पारंपरिक फैशन की मांग बढ़ रही है.

झारखंड कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान अंतिम चरण में

दिसंबर में गठित होगी सभी जिला समितियां

शुभम संदेश। रांची

झारखंड कांग्रेस अपने संगठन सृजन अभियान के अंतिम चरण में पहुंच गई है और दिसंबर के पहले सप्ताह तक राज्य की सभी जिला कांग्रेस समितियों (डीसीसी) के गठन की योजना है. रांची सहित 24 जिलों में जिला अध्यक्ष और पर्यवेक्षक तो नियुक्त हो चुके हैं, लेकिन अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति अभी बाकी है. लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी ही फिलहाल पूरी तरह गठित हो पाई है.

कांग्रेस संगठन में गतिशीलता तब आई जब एआईसीसी के विशेष आमंत्रित सदस्य के राजू को प्रदेश प्रभारी बनाया गया. इसके बाद से प्रदेश में गतिविधियों की गति तेज हो गई, लेकिन बीएलए (बेसिक लेवल एजेंसी) बनाने और सभी जिलों में डीसीसी गठन का काम समय पर पूरा नहीं हो पाया. कांग्रेस संगठन सृजन 2025 के तहत अगस्त में निर्देश दिया

गया था कि 100 दिन के भीतर बूथ से लेकर जिला स्तर तक सभी सांगठनिक कार्य पूरे किए जाएं. हालांकि, बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य कारणों से यह कार्य अब तक अधूरा है.

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि दिसंबर तक सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे. प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, कई जिला अध्यक्षों ने अपनी समितियों के प्रस्ताव पहले ही भेज दिए हैं और लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी के नामों को पीसीसी ने हाल ही में अनुमोदित किया. सभी 25 जिलों में डीसीसी गठन और बीएलए नियुक्ति की प्रक्रिया दिसंबर के पहले सप्ताह तक पूरी कर दी जाएगी.

डीसीसी गठन में देरी के पीछे कई कारण हैं. पार्टी आलाकमान ने जिला कमेटियों के गठन में पदाधिकारियों की संख्या, जातीय और क्षेत्रीय समीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा है. प्रदेश कमेटी के नेताओं के अनुसार, इन सभी नियमों पर काम करने के कारण प्रक्रिया लंबी हो रही है. संगठन सृजन में एक चुनौती महिला कांग्रेस की भी है. कई जिलों में महिला कांग्रेस की कमिटियां अब तक नहीं बनी हैं. हाल ही में गुंजन सिंह की जगह रमा खलखो को प्रदेश महिला कांग्रेस की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन औपचारिक बैठक अभी तक नहीं हुई है. कांग्रेस का प्रयास है कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जाए और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए.कुल मिलाकर, झारखंड कांग्रेस दिसंबर तक सभी जिला समितियों के गठन और संगठन सृजन अभियान को पूरा करने की प्रक्रिया में जुटी है.

https://epaper.shubhamsandesh.net

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 22 नवंबर 2025 I मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष द्वितीया, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 4, अंक : 222 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

ब्रीफ खबरें

11 अरब की गड़बड़ी का आरोप, हाईकोर्ट ने मांगा सरकार से जवाब

रांची। बोकारो जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) में 11 अरब रुपए तक की कथित वित्तीय अनियमितताओं और फंड के दुरुपयोग को लेकर दायर जनहित याचिकाओं की झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को महत्वपूर्ण सुनवाई हुई. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान भी लिया है. सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने आरोप लगाया कि 2016 से अब तक डीएमएफटी फंड का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा बिना किसी वास्तविक काम के खर्च किया गया. उन्होंने बताया कि बिना टेंडर के मनमाने तरीके से ठेके आवंटित किए गए और प्रदूषण नियंत्रण उपकरण जैसी सामग्रियों में भारी वित्तीय गड़बड़ी हुई.

करोड़ों की सड़क निर्माण में भारी अनियमितता

गोमो। तोपचांची प्रखंड अन्तर्गत चिनपुन से कतरास रोड होते हुए मझली गोडा, गेंदनवाडीह तक ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद की देख रेख में डेढ़ करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली पीसीसी रोड, कलवर्ट, गार्ड वॉल, निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा शुरुआती दौर में ही अनियमितता बरती जा रही है. ग्रामीणों द्वारा लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं और वीडियो बना कर सोशल मीडिया में चलाए जा रहे हैं. आरोप लगाया जा रहा कि ग्रामीणों के आखों में धूल झोंक कर कार्य किया जा रहा है. शिकायत के बावजूद भी विभागीय अभियंता धरातल पर मौजूद रह कर कार्य कराना जरूरी नहीं समझते हैं.

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छत्रुटांड का निरीक्षण

महुदा। बाघमारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. श्रीनाथ ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छत्रुटांड़ का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र भवन, चिकित्सक कक्ष, दवा भण्डार कक्ष एवं स्वास्थ्य केन्द्र के बाहरी परिसर का जायजा लिया. साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र के एएनएम सुनीता कुमारी को स्वास्थ्य केन्द्र से संबंधित कई सुझाव दिये. केंद्र में चिकित्सक एवं दवा के सवाल पर चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि अभी स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की कमी है. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो चिकित्सक पदस्थापित हैं लेकिन चिकित्सकों की कमी रहने के कारण दूसरे स्वास्थ्य केन्द्र में जहां जरूरत होती है, वहां प्रतिनियुक्त कर दिए जा रहे हैं.

पलामू में 80 करोड़ रुपये कीमत का सांप का जहर बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

अंतरराष्ट्रीय तस्करी के रखा था 1 किलो 200 ग्राम सांप का जहर

खास बातें

- औरंगाबाद के सिराज और मिराज के साथ पलामू का राजकुमार गिरफ्तार

शुभम संदेश। पलामू

पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) और वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिकने वाले अवैध वन्यजीव पदार्थ के कारोबार में बड़ी सफलता हासिल की है. टीम ने कार्रवाई करते हुए लगभग 80 करोड़ रुपये मूल्य का सांप का ज़हर बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया. वन विभाग ने कुल 1 किलो 200 ग्राम सांप का ज़हर जब्त किया, जिसे स्थानीय स्तर पर इकट्ठा कर अंतरराष्ट्रीय तस्करी के लिए तैयार किया जा रहा था. इस कार्रवाई में बिहार के औरंगाबाद (देव) निवासी मोहम्मद सिराज और मोहम्मद मिराज के साथ-साथ पलामू के हरिहरगंज के कौवाखोह निवासी राजू कुमार को गिरफ्तार किया गया. इसके अलावा सात अन्य लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है.

15 लाख रुपए मूल्य के पैंगोलिन के शल्क भी बरामद : तस्करों के कब्जे से पैंगोलिन के शल्क भी बरामद हुए हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है. वन विभाग की टीम पिछले कई दिनों से इस अवैध नेटवर्क पर नजर रख रही थी और तीन दिन पहले मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ.

पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने पुष्टि की कि यह ऑपरेशन गुप्त सूचना के आधार पर शुरू किया गया था. उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह ज़हर पलामू से किन-किन अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक पहुंचाया जाता था. उन्होंने यह भी बताया कि कार्रवाई के दौरान अन्य सात लोगों को हिरासत में लिया गया और उनका नेटवर्क अभी भी जांच के दायरे में है.

उपनिदेशक जेना ने कहा कि करोड़ों की कीमत का ज़हर बरामद हुआ है, जो स्थानीय स्तर पर इकट्ठा किया गया था. हमारी टीम पूरे नेटवर्क को बेनकाब करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है. वन विभाग की इस कार्रवाई को वन्यजीव अपराध पर कड़ा संदेश माना जा रहा है, ताकि अवैध व्यापार को नियंत्रित किया जा सके.

झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल एक्ट

हाईकोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने मामला डबल बेंच को भेजा

रांची। झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल एक्ट के तहत दायर अपीलों की सुनवाई किस प्रकार की पीठ में होनी चाहिए, इस संवैधानिक मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने शुक्रवार को विस्तृत सुनवाई की. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान, जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंद सेन, जस्टिस राजेश शंकर और जस्टिस राजेश कुमार की संविधान पीठ ने सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद मामला तकनीकी और कानूनी पहलुओं की गहन जांच के लिए डबल बेंच के पास भेज दिया.

बंगाल-झारखंड में कोयला कारोबारियों पर ईडी का बड़ा एक्शन

40 से ज्यादा ठिकानों पर छापा करोड़ों की नकदी-जेवरात बरामद

- ईडी की टीम ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर, हावड़ा, पुरुलिया और कोलकाता जिलों में कुल 24 परिसरों की तलाशी ली

शुभम संदेश। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में कोयला कारोबारियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है. यह रेड अवैध कोयला खनन, तस्करी, भंडारण और कोयला खदानों के टेंडरों में हुई अनियमितताओं को लेकर चल रही लंबी जांच का हिस्सा है. ईडी की इस संयुक्त कार्रवाई में 100 से अधिक अधिकारी शामिल रहे, जिन्होंने दोनों राज्यों में 40 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर, हावड़ा, पुरुलिया और कोलकाता जिलों में कुल 24 परिसरों की तलाशी ली. यह तलाशी अवैध कोयला खनन और परिवहन से जुड़े मामलों में की जा रही है.

प्रमुख आरोपियों में नरेंद्र खरका, अनिल, युधिष्ठिर घोष, कृष्ण मुरारी कयाल सहित कई कोयला कारोबारियों और उनके सहयोगियों के आवास व कार्यालयों को खंगाला गया. छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये मूल्य की नकदी, सोने-चांदी के जेवरात, फर्जी दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और कई संदिग्ध लेनदेन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रमाण ईडी के हाथ लगे हैं. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, यह अवैध कोयला कारोबार पिछले कई वर्षों से चल रहा था, जिससे सरकारी खजाने को सैकड़ों करोड़ का नुकसान हुआ.

झारखंड में ईडी ने धनबाद, झरिया और बोकारो क्षेत्र में 18 स्थानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया. यह रेड मुख्य रूप से कोयला कारोबारियों अनिल, संजय उद्योग समूह, अमर मंडल और धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारी एलबी सिंह से जुड़े ठिकानों पर केंद्रित थी. इन सभी पर बड़े पैमाने पर कोयला चोरी और अवैध आपूर्ति के आरोप हैं.

सूत्रों के अनुसार, इन कारोबारियों ने फर्जी टेंडर, फर्जी बिलिंग, ब्लैक मनी के उपयोग और कोयला परिवहन में बड़े पैमाने पर हेरफेर कर करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति बनाई है.

(शेष पेज-11 पर)

100 से अधिक अधिकारी टीम में थे शामिल

पश्चिम बंगाल के 24 ठिकानों पर छापेमारी

पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, पुरुलिया, हुगली और कोलकाता जिलों में लगभग 24 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है, जो कथित अवैध खनन, परिवहन और कोयले के भंडारण से जुड़ी है. अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के परिसरों को कवर किया जा रहा है, उनमें नरेंद्र खड़का, युधिष्ठिर घोष, कृष्णा मुरारी कयाल, चिन्मयी मंडल, राजकिशोर यादव और अन्य शामिल हैं. उधर, ईडी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने वाटिका लिमिटेड से जुड़े निवेशक मामले में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 1.35 करोड़ के एक वाणिज्यिक भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिसका अनुमानित मूल्य 108 करोड़ रुपये है.

धनबाद जोन में इन जगहों पर ईडी की छापेमारी

एलबी सिंह व कुंभनाथ सिंह के झरिया स्थित शिमला बहाल के पुराने घर
कुंभनाथ सिंह के कुसुम बिहार स्थित घर कासी निवास
एलबी सिंह के सरायढेला स्थित आवास देव विला
संजय खेमका के धनसार स्थित कार्यालय में छापेमारी
बैंक मोड़ स्थित शांति भवन के कावेरी बिल्डिंग में हेमंत गुप्ता के घर
बैंक मोड़ स्थित शांति भवन के अलकनंदा अपार्टमेंट में गणेश अग्रवाल के घर
भूली ए ब्लॉक में एलबी सिंह के करीबी सन्नी केसरी के घर
चिरकुंडा में कोयला कारोबारी बिनोद कुमार महतो के घर
मैथन के कोयला कारोबारी अरविंद सिंह के यहां छापेमारी
डिबूडीह चेकपोस्ट (पश्चिम बंगाल) के पास शशि यादव, संजय ठठेरा व बिनोद महतो के सिंडिकेट के ठिकानों पर छापेमारी

ईडी टीम पर दौड़ा कुत्ता

एलबी सिंह के सरायढेला स्थित आवास देव विला में टीम सुबह पहुंची. यहां गेट बंद मिला. गेट बजाने के बाद भी काफी देर तक गेट नहीं खोला गया. काफी देर बाद बॉडीगार्ड ने गेट खोला तो उनका पालतू कुत्ता दौड़ा पड़ा. इससे भगदड़ मच लगी. इस बीच एलबी सिंह के गार्डों ने कुत्ता को पकड़ा. थोड़ी ही देर में एलबी सिंह घर से बाहर निकले और सभी को अंदर ले गये. इससे पूर्व घर का दरवाजा नहीं खोले जाने पर ईडी ने घर जब्त करने की चेतावनी दी.

भामसं की मांग पर बीसीसीएल के 58 क्लर्कों की पोस्टिंग

शुभम संदेश। धनबाद

भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल एवं निदेशक मानव संसाधन मुरली कृष्ण रमैया से कंपनी में क्लर्क परीक्षा उत्तीर्ण चयन से वंचित अभ्यर्थियों के साथ मिला. अभ्यर्थियों को चयन के बाद अलग-अलग स्थानों पर तैनाती की गई थी. भामसं ने इन सभी को दुबारा उसी स्थान पर वापस करने की मांग की थी, जहां वे पूर्व में पदास्थापित थे. इस पर निदेशक ने कहा कि शीघ्र ही इस ज्वलंत मुद्दे पर कार्यवाही की जाएगी. ऐसा संघ के लोगों को आश्वासन दिए. इसके साथ ही संघ द्वारा कल्याण से सम्बंधित ज्वलंत आवासों की मरम्मती, कालोनियों की साफ सफाई, अस्पतालों में श्रम शक्ति की कमियों सहित अन्य मुद्दों पर भी वार्ता की गई. प्रबंधन के साथ मिलने वाले इस प्रतिनिधिमंडल में कृष्ण कुमार सिंह, मंत्री एबीकेएमएस सह बीसीसीएल कल्याण परिषद सदस्य, अनिल कुमार कार्यालय मंत्री सह मुख्यालय क्षेत्रीय सचिव, महावीर चौहान कुसुंडा क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद सदस्य व अन्य अभ्यर्थी गण मौजूद रहे. इधर भामसं की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रबंधन से सभी चयनित क्लर्कों की पोस्टिंग कर दी है.

इनकी हुई है पोस्टिंग

कैलाश रजक	अमित कुमार सिंह	नारायण साव
अखिलेश कुमार	शंभू प्रसाद	विद्याधर कुम्हार
मनीष पातर	अभिषेक परमार	दीपेश चंचल
नितेश कुमार महतो	जितेंद्र कुमार सिंह	सुनील मुंडा
पूजा कुमारी	मिलन चटर्जी	सुनील कुमार हरिजन
राहुल कुमार	गुरुदेव प्रसाद	सोनम कुमारी
अरविंद कुमार	श्री सुमन कुमार	जगराज सिन्हा
लंकेश कुमार	श्री रवि कुमार	राजकमल सिंह
पवन हंस	श्री इंद्रजीत सोरेन	प्रसनजीत चटर्जी
उत्तम कुमार	रिपु बाला	लक्ष्मण के.आर.
सतरंज केआर	पंकज कुमार	विश्वकर्मा
हरिजन	मनन कुमार	कलीम अंसारी
उदय कुमार बाउरी	दिलीप कुमार	भैरो महतो
अनीता मुर्मू	लव कुमार कालिंदी	समित सिंह चौधरी
शंभू प्रसाद	रंजन कुमार महतो	दीपक कुमार सिंह
रवि कुमार रवि	अमित कुमार सिन्हा	बिनेश कुमार महतो
राजीव रंजन राय	सुनीता कुमारी	रवि कांत महतो
अकीब जमाल	बिक्की चौधरी	अफसर हुसैन
विकाश रवानी	रमेश कुमार महतो	हेमंत के.आर. सिंह
जितेंद्र कुमार यादव	प्रशांत केआर महतो	शिव शंकर चौहान

सेवा का अधिकार सप्ताह

"आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार"

धनबाद में पहले दिन 740 आवेदनों का निष्पादन

- 762 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

शुभम संदेश। धनबाद



झारखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष (रजत पर्व) के मौके पर तथा सेवा का अधिकार सप्ताह (21 से 28 नवम्बर 2025) के प्रथम दिवस आज धनबाद जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों एवं नगर निकाय के वार्डों में "आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत विशाल जनसेवा शिविरों का आयोजन किया गया. शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरवासी उमड़े तथा एक ही छत के नीचे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया. शिविरों में न केवल योजनाओं की जानकारी दी गई, बल्कि मौके पर ही परिसंपत्तियों का वितरण, स्वीकृति पत्र वितरण एवं आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए गए. उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन 740 आवेदनों का निष्पादन किया गया. वहीं 762 लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. जिले में लगे शिविरों में जाति प्रमाण पत्र के 49, आय प्रमाण पत्र के 40, जन्म प्रमाण पत्र के 18, मृत्यु प्रमाण पत्र के 4, दाखिल खारिज वादों के 3, नया राशन कार्ड 45, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के 40, वृद्धा पेंशन के 32, विधवा पेंशन के 2, दिव्यांगता पेंशन के 2, विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के 449 एवं झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 से जुड़े 56 सहित 740 आवेदनों का निष्पादन किया गया.

शिविरों के दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया. इसमें 28 लाभुकों को लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, 458 स्वयं सहायता समूह / क्लस्टर मेंबर को आइडेंटी कार्ड का वितरण, 161 लाभुकों के बीच धोती - साड़ी एवं लूंगी का वितरण तथा 10 लाभुकों को कंबल, 104 लाभुकों को स्वेटर सहित 762 लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. शिविरों में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के बीडीओ-सीओ एवं विभागीय कर्मी पूरे दिन शिविरों में उपस्थित रहे तथा लाभुकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया. उपायुक्त ने कहा कि "रजत पर्व के इस पवित्र वर्ष में राज्य सरकार का संकल्प है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे. आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम इसी संकल्प का जीवंत रूप है. कहा कि आगामी 28 नवम्बर तक चलने वाले सेवा का अधिकार सप्ताह में जिले के सभी प्रखंडों एवं वार्डों में इसी प्रकार जनसेवा शिविर आयोजित किए जाएँगे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे.

बेटी की शादी के लिए निकाले थे पांच लाख, अपराधियों ने छीने

खास बातें

- गोविंदपुर से पीछा कर बरवाअड्डा तुमादाहा में दिया वारदात को अंजाम
- घर के पास लूटी रकम, सीसीटीवी में दो बाइकों में तीन अपराधी दिखे

शुभम संदेश। बरवाअड्डा

बेटी की शादी के लिए गोविंदपुर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पांच लाख रुपए निकाल के घर लौटे बरवाअड्डा तुमादाहा निवासी गुलेन चंद्र मंडल से बाइक सवार अपराधियों ने घर के सामने से रुपए से भरा बैग झपट लिया और फरार हो गए. मंडल की पुत्री की शादी 26 नवंबर को है. घर में शादी की तैयारी चल रही थी. वे शुक्रवार की दोपहर गोविंदपुर स्थिर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया रुपया निकलने गए थे. बैंक से 5 लाख रुपया नगद निकालकर अपनी स्कूटी के सीट के नीचे डिक्की में रूपये रख कर शाम लगभग 3:45 बजे घर लौटे. घर के पास स्कूटी की सीट के नीचे से रुपया से भरा बैग निकाला, इधर अपराधी उनका पीछा कर रहे थे. वे घर के आगे खड़े थे. अपराधियों ने तेजी के बैग पर झपटा मारा और छीन लिया. फिर दोनों बाइक में सवार होकर भाग निकले. मंडल द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण जुटे. सूचना इंस्पेक्टर सीमा कुमारी और बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया. सीसीटीवी जांच में एक कैमरा में स्कूटी के पीछे दो बाइक तीन बाइक सवार दिखे हैं. । स्थानी लोगों के अनुसार अपराधी काले रंग के पल्सर बाइक में सवार थे, किसी ने हेलमेट नहीं लगा रखा था.

सरकार आपके द्वार : ग्रामीण क्षेत्रों में उमड़ी आवेदकों की भारी भीड़

सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले: मथुरा

टुंडी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

शुभम संदेश। टुंडी

शुक्रवार को पश्चिमी टुंडी के जीतपुर पंचायत भवन में पूर्व निर्धारित ₹आपकी योजना - आपकी सरकार-आपके द्वार₹ पांचवे संस्करण के तहत शिविर लगाकर आमजनों का आवेदन लिया गया. कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर लोगों का आवेदन लिया. शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शिविर में विभिन्न समस्यों का निदान करने आये भीड़ देख कर आम जन के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि अभी टुंडी में धन कटनी का काम चरम पर चल रहा है, इसके बावजूद भी ग्रामीणों के उत्साहित भीड़ से यह प्रतीत होता है कि लोगों का राज्य सरकार के प्रति भरोसा काफी है. आज भी लोग आशान्वित होकर लोग अपना आवेदन दे रहे हैं. उन्होंने ने भीड़ से कहा कि अभी शाम तक शिविर चलेगा, आप अपना काम करवा कर ही घर जाएँ. साथ ही उन्होंने कहा कि अहर्ता प्राप्त योग्य व्यक्ति अगर किसी कारण इस शिविर में अपना आवेदन नहीं दे पाए तो वे बगल के पंचायत में दूसरी दिन आवेदन कर सकते हैं. उन्होंने शिविर में बने कल्याण मंच से कई लाभुकों के पेंशन स्वीकृति पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड लोने स्वीकृति पत्र, जाती आवासीय, आय एवं जन्म प्रमाण पत्र का आवेदन लिया गया. आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर और स्वयं सहायता समूह को चेक एवं परिचय पत्र का वितरण किया गया. मौके पर टुंडी बीडीओ विशाल कुमार पांडेय , बीस सूत्री अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया इन्दर लाल बास्की ,पंसस प्रियंका देवी , झामुमो प्रखंड अध्यक्ष फुलचाँद किस्कू , बीपीओ उदित नारायण महतो,गोरी शंकर चौधरी गोरी शंकर यादव,बीपीआरओ बबलेश शाह, करमचंद तुरी , मो शहाबुद्दीन अंसारी अशोक महतो आदि थे.

चिरकुंडा में सरकार आपके द्वार शिविर

चिरकुंडा (शुभम संदेश) । चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या- 1 के लिए नगर भवन में शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें 158 लोगों ने आवेदन जमा किया.शिविर का उद्घाटन कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी व एमओ अर्चना कुमारी ने किया.शिविर में जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र,जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,नया राशन कार्ड,स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र आदि के लाभुकों ने आवेदन जमा किए.शिविर में मृत्यु व जन्म प्रमाण पत्र के लाभुकों को आन स्पाट प्रमाण पत्र दिया गया.मौके पर सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, नजरूल इस्लाम, सीएम एम अरूण बड़ाइक आदि कर्मी थे.

डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत में लगा शिविर

कुमारधुबी (शुभम संदेश)। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ₹सरकार आपके द्वार₹कार्यक्रम का आज शुक्रवार को डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. निरसा विधायक अरूप चटर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इस शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, जैसे राशन कार्ड आवेदन, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनवाने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी आवेदन जमा किए गए. विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे. डुगर कुंडा दक्षिण पंचायत की मुखिया संगीता पासवान ने कहा कि हमारे पंचायत में कई तरह के स्टॉल लगे गए हैं, जैसे राशन कार्ड आवेदन तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनवाने, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने सहित कई योजना है इसमें लाभुकों को लाभ मिल सके. उन्होंने मईया सम्मान योजना के के बारे में सरकार से मांग की है कि मईया सम्मान योजना का पोर्टल खोला जाए ताकि इधर-उधर जो महिला भटक रही हैं, उनको भी लाभ मिल सके. मौके पर एगारकुंड बीड़िओ मधु कुमारी,जिला परिषद सदस्य बादल चंद्र बाउर, संतु चटर्जी,स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सदस्य, उप्रमुख विनोद दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.

पावापुर और कोरकोट्टा पंचायत में शिविर का आयोजन

गोमो (शुभम संदेश)। तोपचांची प्रखंड के पावापुर और कोरकोट्टा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार के तहत कार्यक्रम के शिविर का आयोजन किया गया. पावापुर में विधायक मथुरा महतो सहित पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया. वहीं कोरकोट्टा पंचायत सचिवालय में प्रखंड प्रमुख आनन्द कुमार, बीडीओ एजाज हुसैन अंसारी, अंचलाधिकारी नीलू टुडू ने दीप प्रज्वलित कर शिविर शुभारंभ किया. यहां योजनाओं का 19 स्टॉल लगाये गए थे. स्टॉल में आवेदकों का फार्म जमा लिया गया. अबुवा आवास, वृद्ध पेंशन, मईया सम्मान योजन के काउंटर मे ग्रामीण महिलाओं की भीड अधिक देखी गई. कार्यक्रम को महिलाओं की भीड़ देखी गई. ब्लॉक के कर्मियों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना. मौके पर, प्रखंड प्रमुख आनंद कुमार, बीडीओ एजाज हुसैन अंसारी, सीओ नीलू टुडू, एमओ अजीत सिंह, पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद मोदी, कोरकोट्टा ग्राम पंचायत की मुखिया संगीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र पांडेय, ब्लॉक कॉर्डिनेटर जय प्रकाश, पंचायत सचिव ज्योति कुमारी,, उदय सिंह, आशीष राम, शत्रुधन पासवान, सहित अनेक प्रखंड सह अंचल कर्मी शिविर को सफल बनाने में जुटे रहे.

लोयाबाद : सरकार आपके द्वार में उमड़ी भीड़

लोयाबाद (शुभम संदेश)। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बीजीएस स्कूल में आयोजित शिविर में शुक्रवार को सुबह से ही लाभुकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. महिलाओं की लंबी कतारें परिसर से बाहर तक फैल गईं. सबसे अधिक भीड़ मइयां सम्मान योजना,राशन कार्ड,तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं एंव जन्म मृत्यू प्रमाण पत्र के काउंटरों पर देखने को मिली. लाभुकों की संख्या अधिक होने के साथ ही सर्वर बार-बार डाउन रहने से आवेदन प्रक्रिया में देरी हुई,जिससे लोगों को घंटे भर कतार में खड़ा रहना पड़ा. निगम चुनावों की घोषणा जल्द होने की संभावना है और माना जा रहा है कि जनवरी में तारीखें घोषित हो सकती हैं. इसी दौरान कई संभावित पार्षद प्रत्याशी भी ग्रामीणों की सहायता करते दिखाई दिए. शिविर में मुख्य रूप से कतरास नगर सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी,पुटकी सीओ विकास आनंद, और निगम के सिटी मैनेजर शब्बीर आलम मौजूद रहे. सीओ विकाश आंनद ने कहा कि शिविर में भीड़ इसलिए है क्योंकि सभी जरूरतमंद लोग हैं.सबकी अपनी समस्याएं हैं. हमारी टीम पूरी क्षमता से आवेदन अपलोड कर रही है.सर्वर की वजह से थोड़ी देरी हो रही है,लेकिन किसी का काम अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा. मौके पर मनीष सिंह,सुनीता कुमारी, अंजनी कुमारी,अनुप गोराई,खुशबू कुमारी,कनकनी स्वास्थ्य केंद्र से अनुप कुमार,गौतम कुमार,मीना कुमारी, मोनिका रानी मंडल सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।वही कई लाभुकों ने शिविर में काउंटर की संख्या बढ़ाने तथा सर्वर को सुचारू करने की मांग की,ताकि प्रतीक्षा समय कम हो सके और सभी को जल्द सुविधा मिले.

छोटा नगरी पंचायत सचिवालय में शिविर

तेतुलमारी (शुभम संदेश)। बाघमारा प्रखंड के छोटा नगरी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को सरकार-आपके द्वार शिविर लगाया गया. शिविर में एडीएम हेमा प्रसाद, बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण कुमार यादव, अंचलाधिकारी गिरिजानंद किस्कू मौजूद रहे. श्रम कार्ड, पेंशन योजना, भूमि सुधार , छात्रवृति योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि से संबंधित सैकड़ों आवेदन जमा लिए गये. अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू द्वारा लाभुकों के बीच पेंशन पत्र प्रदान किया गया. महिलाओं की भागीदारी काफी देखी गई. मौके पर मुखिया वंदना देवी आदि उपस्थित थी.

दुम्मा गांव में नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

टुंडी (शुभम संदेश) । टुंडी विधानसभा अंतर्गत पूर्वी टुंडी प्रखंड के मैरानवाटांड पंचायत के दुम्मा गांव के आदिवासी टोला में कई दिनों से 25 केवी का ट्रांसफार्मर जला हुआ था. टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो की अनुशंसा पर 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया. जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिंता मणि दा, परिमल दे, मधुसुधन दा, अर्जुन महतो, राजेश महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर एकता पदयात्रा

चिरकुंडा (शुभम संदेश)। एकीकृत और अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाल सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती एव राष्ट्र के विकास और एकीकरण में योगदान को याद करने के लिए शुक्रवार को चिरकुंडा में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा दिवस मनाया गया. युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निरसा के पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा के जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर उपस्थित हुए. जहां स्वामी विवेकानंद स्कूल के सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में रंगा रंग प्रस्तुति दी. इसके बाद सभी ने पदयात्रा में हिस्सा लिया. पदयात्रा की शुरुआत चिरकुंडा स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय से हुई. अपर्णा सेन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. पदयात्रा का चिरकुंडा शहीद चौक होते हुए श्रमकल्याण के विवाह भवन के समीप समापन किया गया. मौके पर बलदेव महतो,डब्लू बाउरी, दशरथ साव,प्रशांत बनर्जी, बिजय सिंह, बिनोद दास, मिथलेश साव,स्वामी विवेकानंद स्कूल के निदेशक विवेक सिंह व प्राचार्य संजीव साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

धनबाद : दो साल से से रुका पेंशन हुआ चालू

धनबाद (शुभम संदेश)। धनबाद जिले के बाबूडीह विवाह भवन में शुक्रवार की सुबह 10 बजे से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर आयोजित किया गया. शिविर में बेकारबांध धनबाद के निवासी मनोज कुमार ने अपनी माता सीता देवी जो के वृद्धा पेंशन को लेकर आवेदन दिया जो कि पिछले 2 वर्षों से रुका था. शिविर में पदाधिकारी द्वारा देखा गया कि पूर्व में पेंशन के लिए आवेदन किए थे परंतु आधार अपडेट न होने के कारण विगत 2 वर्षों से वृद्धा पेंशन का भुगतान नहीं हो पा रहा था. विवाह भवन स्थित आयोजित कैंप में तत्काल इनका पेंशन का प्रक्रिया शुरू कर दिया गया. इन्होंने झारखंड सरकार तथा जिला प्रशासन को आभार प्रकट किया.

शिविर में ऑन द स्पॉट सर्वजन पेंशन योजना का दिया लाभ

धनबाद (शुभम संदेश)। धनबाद जिले के गोपीनाथडीह पंचायत में शुक्रवार की सुबह 10 बजे से आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर आयोजित किया गया. इस दौरान गोपीनाथडीह पंचायत के चकफुटहा की झारनी देवी तथा गोपीनाथडीह ग्राम से आई सुलोचना पांडेय ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन के तहत आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर में आवेदन दिया. आयोजित कैंप में प्रखंड विकास पदाधिकारी पल्लवी सिन्हा ने अपने सहकर्मियों की मदद से तत्काल इनका पेंशन का प्रक्रिया शुरू कर दिया. लाभुकों ने झारखंड सरकार तथा जिला प्रशासन को आभार प्रकट किया.

रेलवे ट्रैक पर लेटी महिला की आरपीएफ ने बचाई जान

लोयाबाद (शुभम संदेश)। बांसजोड़ा डीसी लाइन पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया.घरेलू विवाद से परेशान होकर जान देने पहुंची महिला को रेलवे कर्मचारियों एवं आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई ने बचा लिया.घटना दोपहर लगभग 12 बजे की है.हटिया गोलाई निवासी सुनैना देवी,पति विश्वनाथ विश्वकर्मा घरेलू तनाव के कारण शुक्रवार को बांसजोड़ा स्टेशन के डीसी लाइन पोल के पास चादर बिछाकर लेट गई थी. उसी समय मात्र 100 मीटर की दूरी पर अल्लाफुजा एक्सप्रेस तेजी से आ रही थी.स्टेशन परिसर में मौजूद रेलवे पोर्टर मुबारक अंसारी और गैंगमैन पप्पू कुमार ने महिला को पटरी पर लेटे देखा तो तुरंत शोर मचाया और स्थिति की सूचना स्टेशन मास्टर एसके सिंह को दी. महिला को पटरी से हटा दिया गया. उन्होंने अपने पति,देवर और देवरानी पर मारपीट एवं संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया.

मजदूरों की समस्या पर सांसद और बीसीसील निदेशक की बैठक

सेल पीकर मजदूरों के एचपीसी वेतनमान का मुद्दा छाया रहा

शुभम संदेश। बरोरा

बरोरा क्षेत्र गेस्ट हाउस में शुक्रवार की सुबह 10 बजे भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल के निदेशक मानव संसाधन मुरली कृष्ण रमैया और धनबाद लोकसभा के सांसद ढुलू महतो की मौजूदगी में सेल पीकर एवं अन्य मजदूरों की लंबित समस्याओं पर महत्वपूर्ण वार्ता हुई. बैठक में मुख्य रूप से सेल पीकर मजदूरों के हाई पावर कमेटी एचपीसी वेतनमान को पूरी तरह लागू करने का मुद्दा छाया रहा. लंबी चर्चा के बाद प्रबंधन ने 45 दिन का समय मांगा और आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय प्रबंधन इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एफ डी मीटिंग में रखी जाएगी और एचपीसी को पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा.अन्य प्रमुख निर्णय जैसे वर्तमान में मजदूरों का बकाया वेतन सोमवार तक भुगतान कर दिया जाएगा. जिनका नाम अभी तक फॉर्म-ए में दर्ज नहीं हुआ है, उनका नाम एक सप्ताह के अंदर फॉर्म-ए में चढ़ा दिया जाएगा. पेंशन फंड में जमा नहीं की गई मजदूरों की राशि 15 दिन के अंदर जमा कर दी जाएगी. बैठक में बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक के.के. सिंह, ब्लॉक-2 के महाप्रबंधक रंजीव कुमार, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अभिराज शेखर, अनिल कुमार, परियोजना पदाधिकारी टी.एस. चौहान, कार्मिक पदाधिकारी प्रवीण कुमार झा, हेमंत कुमार, संतोष सिंह, अजय यादव, विकास कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मजदूर यूनियनों की ओर से एटक के क्षत्रिय अध्यक्ष एनडी पाण्डेय,संतोष गोराई, नवल किशोर महतो, तुलसी साव, एच.एन. प्रसाद गांधी, अमरेंद्र कुमार, देवानंद चौहान, मनोज कुमार चौहान, बालमुकुंद प्रसाद, अरुण रवानी, गिरधारी ठाकुर, संजय कुमार, राजीव विसियार, अनिल कुमार, संतोष रवानी, महेश पांडे, सूरज राय, सुरेश रवानी, अर्जुन कुमार, गिरजा शंकर सिंह, नेपाल दास, जगदीश गोप, दीपक गोराई, राजन ठाकुर, नारायण महतो सहित बड़ी संख्या में यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे. मजदूरों ने बैठक के बाद संतोष जताते हुए कहा कि लंबे संघर्ष के बाद उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई का आश्वासन मिला है. अब सभी की निगाहें अगले 45 दिनों में एचपीसी के पूर्ण कार्यान्वयन पर टिकी हैं.

गोविंदपुर : शिविर में तत्काल मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

गोविंदपुर (शुभम संदेश)। गोविंदपुर प्रखंड के गोविंदपुर पश्चिमी पंचायत में शुक्रवार को लगे सरकार आपके द्वार शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने निमाई सेन पांडेय का मृत्यु प्रमाण पत्र तत्काल निर्गत किया. शिविर में दर्जनों आवेदन आए पर तत्काल निपटारा एक ही आवेदन का हुआ.शिविर अमरपुर पंचायत सचिवालय में भी लगा. मौके पर मुखिया ममता देवी एवं सोनी खातून, पंसस मीरा देवी, बीडीओ जहीर आलम, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे, मनीष प्रकाश, वीरेंद्र रजक, अमजद अंसारी आदि मौजूद थे. अमरपुर पंचायत में किसी भी मामले का तत्काल निष्पादन नहीं हुआ. इस तरह दो पंचायत के शिविर में मात्र एक मामले का तत्काल निष्पादन हुआ.

बीसीसीएल कर्मी की मौत के बाद पुत्र को नियोजन

शुभम संदेश। तेतुलमरी

बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या चार अंतर्गत शुक्रवार को कर्मी को केंद्रीय चिकित्सालय धनबाद ले जाने के दौरान मृत्यु गई. नियोजन और मुवजा की मांग को लेकर यूनियन प्रतिनिधि और परिजन द्वारा कतरास क्षेत्र कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया. इसके बाद आश्रित पुत्र गोपी कुमार को प्रोविजनल के आधार पर नियोजन सहमति बनी. बताते चलें कि एके डब्लू एमसी में कार्यरत बलराम बिन्द पद सपोर्ट मिस्त्री पद पर कार्यरत थे. गुरुवार को प्रथम पाली में ड्यूटी के बाद घर जाने के क्रम में तबीयत ज्यादा खराब हो गई. इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए धनबाद केंद्रीय चिकित्सालय ले जाया जा रहा था, इसी दरमियान उनकी मृत्यु हो गई थी. वार्ता मंए बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के प्रबंधक अशोक कुमार सिंह, उमंग ठक्कर, यूनियन की ओर से बाल्मीकि यादव, सुनील पासवान, दया नंद ,मिथुन कुमार, परिजन मौजूद थे.

मुर्गा लड़ाई से मालामाल हो रहे सट्टेबाज

शुभम संदेश। निरसा

निरसा क्षेत्र में इन दिनों मुर्गे की लड़ाई में सट्टेबाजों की बल्ले बल्ले है. ये लोग बेखौफ उक्त धंधे को चला रहे हैं. निरसा विधानसभा क्षेत्र के निरसा , कालू बथान, कुमारधुबी, चिरकुंडा एवं पंचेत में जोरों पर मुर्गा लड़ाई का खेल चल रहा हे. इस खेल में लाखों का वारा न्यारा होता है. संचालक मालोमाल हो रहे हैं तो दूसरी ओर आदिवासी [illegible] रहा है. उक्त धंधे को समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया ने समाचार के माध्यम से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का ध्यान अनेकों बार आकृष्ट किया मगर दुर्भाग्य है कि अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आम जनता में असन्तोष व्याप्त हो रहा है. आम जनता दबी जुबान से कहने लगी है कि उक्त माफिया व सट्टेबाजों को जिला व पुलिस प्रशासन का वरदहस्त प्राप्त है तो कार्रवाई क्यों होगी.

लोयाबाद ईदगाह के पास काटे जाएंगे पेड़, बढ़ी चिंता

कनकनी कोलियरी प्रबंधन और वन विभाग ने किया स्थल का निरीक्षण

शुभम संदेश। लोयाबाद

ईदगाह के पास स्थित घने हरे-भरे इलाके में बड़े पैमाने पर पेड़ कटाई की तैयारी शुरू हो गई है.कनकनी कोलियरी के प्रस्तावित ओबी डंपिंग और कोयला उत्पादन को लेकर शुक्रवार को वन विभाग और सिजुआ क्षेत्र के कनकनी कोलियरी प्रबंधन की संयुक्त निरीक्षण टीम मौके पर पहुंची.निरीक्षण में वन विभाग के रेंजर राकेश सिंह,कनकनी पीओ डीके सिन्हा,मैनेजर रोहित कुमार, सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.टीम ने ईदगाह के निकट बने पुराने ओबी डंप क्षेत्र में लगे हजारों पौधों का निरीक्षण किया,जो अब विशाल पेड़ों का रूप ले चुके हैं.

निरीक्षण के बाद दोनों विभागों के बयानों ने स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ा दी है,कनकनी कोलियरी प्रबंधन का कहना है कि पेड़ कटाई के बाद इस पूरे क्षेत्र में ओबी डंपिंग की जाएगी.वहीं वन विभाग के रेंजर राकेश सिंह ने स्पष्ट किया कि यहां ओबी डंपिंग नहीं बल्कि कोयला उत्पादन का कार्य प्रस्तावित है. वन विभाग की ओर से 1202 पेड़ों की कटाई का प्रपोजल तैयार कर हाई पावर कमिटी को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. बता दें कि यह क्षेत्र न सिर्फ हरियाली से भरपूर है,बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है.यहां बाबा सैयद अब्दुल अजीज शाह रहमतुल्लाह अलैह का पवित्र मजार हैं, जहां हर वर्ष भव्य उर्स मेला का आयोजन होता है. पुराना कब्रिस्तान के अलावे 16 गांवों की संयुक्त ईदगाह भी है और घनी आबादी निवास करती है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि इस इलाके में ओबी डंपिंग या भारी कोयला परिवहन शुरू हुआ, तो हवा में धूलकणों की भारी मात्रा बढ़ेगी.आवाजाही और ट्रांसपोर्टिंग से शोर व प्रदूषण बढ़ेगा,जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे तो पैदा होंगे ही इसके अलावे उर्स मेला व धार्मिक स्थलों की पवित्रता पर असर पड़ेगा. करीब 7 वर्ष पहले वन विभाग द्वारा यहां हजारों पौधे लगाए गए थे,जो अब घने जंगल का रूप ले चुके हैं. ये पेड़ आसपास के लोगों को शुद्ध हवा,ठंडक और प्राकृतिक हरियाली उपलब्ध कराते हैं. इधर वन विभाग का कहना है कि जितने पेड़ काटे जाएंगे,उतने ही पेड़ बीसीसीएल द्वारा उपलब्ध कराई गई जगहों पर पुनः लगाए जाएंगे.

मथुरा महतो ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

शुभम संदेश। धनबाद

झारखण्ड सरकार के निर्देश पर ₹सेवा का अधिकार सप्ताह₹ के अवसर पर 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को धनबाद जिला के टुंडी प्रखण्ड के जीतपुर पंचायत में कैंप का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस सहित सरकार के विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया कर सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए कई परिसंपत्तियों एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया. इसी क्रम में जेएसएलपीएस टुंडी के तत्वाधान में 4 समूहों के बीच 10.5 लाख रुपए का सीसीएल ऋण का चेक, समूह के सदस्यों के बीच कार्ड के साथ साथ बेहतर कार्य कार्य करने वाले समूहों एवं कैडर को प्रशस्ति पत्र का वितरण टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टुंडी विशाल कुमार पांडेय ने किया गया.

सेवा का अधिकार सप्ताह : आमजन तक तेजी से पहुंचेगी सरकारी सेवाएं

खास बात

- हर पात्र लाभुक को मिलेगा उसका अधिकार : मंत्री

शुभम संदेश। बोकारो

शुक्रवार से जिले भर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर का शुभारंभ हुआ. इसी क्रम में गोमिया प्रखंड के पचमो पंचायत को लेकर मध्य विद्यालय रहावन में आयोजित शिविर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो, पूर्व विधायक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी व बीडीओ सीओ विशेष रूप से उपस्थित थे. मौके पर अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि सेवा का अधिकार सप्ताह राज्य सरकार की उन प्राथमिक पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों तक सरकारी सेवाएं समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुंचाना है. पंचायत स्तर पर आयोजित ऐसे शिविर ग्रामीणों को आवश्यक प्रमाण पत्रों, योजनाओं और सेवाओं से सीधे लाभान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. मैं जिला प्रशासन बोकारो के प्रयासों की सराहना करता हूं और विश्वास है कि इस अभियान के माध्यम से हर पात्र लाभुक तक सुविधाएं शीघ्रता से पहुंचेंगी. वहीं, चास प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भण्ड्रो में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार एवं सेवा का अधिकार सप्ताह अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. शिविर में मुख्य रूप से विधायक बोकारो श्वेता सिंह, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार शामिल हुईं. शिविर में भण्ड्रो एवं तुरीडीह पंचायत के ग्रामीणों में उल्लेखनीय उत्साह देखने को मिला. बड़ी संख्या में लाभुक अपने–अपने आवेदनों के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉलों तक पहुँचे. विधायक, डीडीसी एवं अन्य अधिकारियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति और निपटान की प्रगति की जानकारी ली. शिविर के दौरान कई योजनाओं से संबंधित आवेदनों को ऑन-द-स्पॉट स्वीकृति प्रदान की गई. पात्र लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र - परिसंपत्तियां, सामाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी अनुमोदन – प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया. इस अवसर पर विधायक बोकारो श्वेता सिंह ने कहा कि सेवा का अधिकार सप्ताह प्रशासन की पारदर्शिता और संवेदनशीलता को सीधे जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है. शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ उनके ही पंचायत में उपलब्ध कराया जा रहा है, यह सरकार की एक सराहनीय पहल है. मैं आशा करती हूँ कि जिले के हर पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और कोई भी नागरिक आवश्यक सेवाओं से वंचित नहीं रहे. प्रशासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास मजबूत करना ही हमारा साझा लक्ष्य है. मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन आम जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है. पात्रता पूर्ण करने वाले प्रत्येक नागरिक को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा. जिले भर में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित शिविरों में विशेष रूप से निम्न सेवाओं जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड व राशन कार्ड सुधार, दाखिल–खारिज (म्यूटेशन), भूमि मापी (सर्वे/मेज़रमेंट), भूमि धारण प्रमाण पत्र (एलपीसी), सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के आवेदन से संबंधित आवेदन लिए गए. वहीं, इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखाई दिया. उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में जिले के वरीय पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. उन्होंने अपने-अपने आवंटित प्रखंडों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर सेवाओं की उपलब्धता और जनता की सहभागिता की समीक्षा की. चंद्रपुरा प्रखंड में निदेशक डीपीएलआर मेनका, चंदनकियारी प्रखंड में एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, जरीडीह प्रखंड में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, पेटरवार प्रखंड में जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, नावाडीह प्रखंड में एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, बेरमो प्रखंड में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको,कसमार प्रखंड में जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा एवं गोमिया प्रखंड में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम. इन अधिकारियों ने शिविरों में प्राप्त आवेदनों, निपटान की गति, शिकायत समाधान तथा योजना लाभ वितरण की विस्तृत समीक्षा की. ग्रामीणों की सुविधा हेतु शिविर में हेल्प डेस्क, पेयजल व्यवस्था, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पुलिस विभाग का हेल्प डेस्क, मीडिया सेंटर, ऑन-साइट तकनीकी सहायता - उपलब्ध कराई गई। इन प्रबंधों से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत जिले में आयोजित शिविरों के सफल संचालन का दिनभर मॉनिटरिंग उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा द्वारा किया गया। वह सभी प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारियों के लगातार संपर्क में रहे। उन्होंने वरीय नोडल पदाधिकारियों – सभी बीडीओ/सीओ को निर्देश दिया कि सभी सेवाएं समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी पात्र लाभुक का आवेदन बिना कारण लंबित नहीं रहे, इसे सुनिश्चित करें.

बाटबीनोर में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

बोकारो। झारखंड स्थापना दिवस के रजत पर्व के अवसर पर शुक्रवार को जिले के चन्दनकियारी प्रखंड अंतर्गत बाटबीनोर पंचायत में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक उमाकांत रजक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद अपने संबोधन में रजक ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों को प्रशासन से सीधे जोड़ने और सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा और विलंब के पहुँचे. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, आय–जाति–निवास प्रमाणपत्र, कृषि योजनाओं, मनरेगा तथा स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए और कई मामलों का त्वरित समाधान भी किया गया. स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ उठाया और सरकार की पहल की सराहना की. इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के पदाधिकारियों और विभिन्न विभागों के कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति रही. कार्यक्रम ने ग्रामीण विकास और सुशासन को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को एक बार फिर सुदृढ़ किया.

डीसी ने किया शिविर का उद्घाटन

गांडेय(गिरिडीह)। गिरिडीह के डीसी रामनिवास यादव ने शुक्रवार को गांडेय प्रखंड के बुद्धूडीह पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का उद्घाटन सयुक्त रूप से डीसी रामनिवास यादव उपविकास आयुक्त नमिता कुमारी प्रमुख राजकुमार पाठक,जिप सदस्य हेंगामुनि मुर्मू, जिला सचिव महालाल सोरेन मुखिया नवीन वर्मा ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान डीसी समेत अन्य लोगों ने शिविर में लगे झारखंड सरकार कि जन कल्याणकारी योजनाओं का स्टोल का जायजा लिया और शिविर में मौजूद कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया . इस क्रम में मंच से उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा यह शिविर के माध्यम से सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं का लाभ मिल सके . जो योजनाएं से वंचित है . प्रखंड कार्यालय जाने में असमर्थ हैं वैसे लोगों को इस शिविर के माध्यम से लाभ मिलेगा . कहा कि झारखंड सरकार इस वर्ष सिल्वर जुबली के रूप में मना रही है .लंबे समय तक आंदोलन के बाद अलग राज्य बना है . उन्होंने आंदोलकारियों को भी नमन किया. साथ ही कहा कि सेवा के अधिकार को गति को लेकर कैंप के माध्यम से अधिक फोकस किया जा रहा है . कहा कि इस वर्ष राज्य में धान का अधिक पैदावार हुआ है . किसान धान अधिपति केंद्र में जमा करेंगे तो किसानों को एक साथ राशि की भुगतान किया जायेगा. शिविर में परिसंपत्तियों का वितरण किया गया दो विकलांगों को व्हीलचेयर वितरण किया गया. मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक, डीडीसी स्मृता कुमारी,डीएसओ गुलाम सामदानी,जिप सदस्य हैंगामुनी मुर्मू, जेएमएम जिला सचिव महालाल सोरेन, मुफ्ती सईद आलम, पंचायत मुखिया नवीन कुमार वर्मा,बिडिओ निसात अंजुम,सिओ मो हुसैन,प्रमोद राम,पंकज राम समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे .

दुमका के 10 प्रखंडों में सेवा का अधिकार सप्ताह प्रारंभ

दुमका। दुमका जिला के 10 प्रखंडों के जिला स्तर से निर्धारित विभिन्न पंचायत में सेवा का अधिकार सप्ताह का आयोजन किया गया. राज्य सरकार द्वारा 21 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित "सेवा का अधिकार सप्ताह" के अंतर्गत दुमका प्रखंड के मालभण्डारो पंचायत भवन में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया .कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा शामिल हुए. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करना है. उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर आधार, ई–केवाईसी, राशन, जाति, निवासी सहित अन्य सेवाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं नए आवेदनों के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं. उपायुक्त ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें तथा ई–केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं, ताकि किसी भी योजना का लाभ लेने में बाधा नहीं उत्पन्न हो. उन्होंने कहा कि शिविर की जानकारी आसपास के लोगों को भी दें ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से जुड़ सकें. उन्होंने बताया कि "सेवा का अधिकार सप्ताह कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है. शिविर में जाति, स्थानीय निवासी, आय, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, दाखिल–खारिज, भूमि मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित आवेदन सहित अधिनियम में सूचीबद्ध अन्य सेवाओं एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए. शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया, जिसमें अबुआ आवास योजना के तहत 2 लाभुकों को चाभी प्रदान की गई1 लाभुक को जॉब कार्ड, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 12 लाख का क्रेडिट लिंकेज, आजीविका ग्राम संगठन को सीएलएफ द्वारा 6 लाख 20 हजार रुपये सामुदायिक निवेश निधि 1 लाभुक को दीदी की दुकान हेतु 60 हजार रुपये, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 2 लाभुकों को लाभान्वित किया गया. इसके बाद उपायुक्त ने सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा प्रतिनियुक्त कर्मियों को आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण तत्परता से कार्य करने का निदेश दिया. कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया. जन प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया और योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया. कार्यक्रम से लौटते समय उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मालभण्डारो पंचायत के किसानों से बातचीत की. उन्होंने मोंथा चक्रवात एवं भूरा माहू किट से हुए नुकसान का जायजा लिया और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन किसानों की फसल क्षतिग्रस्त हुई है, उनसे फसल क्षति भरपाई के लिए आवेदन कराया जाए .उपस्थिति किसान द्वारा बताया गया कि उसके खेत में किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है, जबकि आसपास के खेतों में हुई क्षति के लिए किसान आवेदन कर चुके हैं.

इन स्थलों पर शिविर का आयोजन

- दुमका–मालभंडरो (पंचायत सचिवालय भवन),
- गोपीकंदर–मुसना(प्राथमिक विद्यालय, जीतपुर प्रांगण),
- जामा–तपसी (पंचायत भवन),
- जरमुंडी–कालाडुमरिया (पंचायत भवन सचिवालय प्रांगण),
- काठीकुंड–तेलियाचक बाजार (पंचायत भवन),
- मसालिया–रांगा (पंचायत सचिवालय भवन),
- रामगढ़–बन्दरजोरा (पंचायत सचिवालय),रानीश्वर–मोहुलबना (पंचायत भवन के सामने)
- सरैयाहाट–धनवै (पंचायत भवन),
- शिकारीपाड़ा–चितरागाड़िया एवं शहरपुर (पंचायत भवन),
- नगर परिषद दुमका–वार्ड 1 एवं 2 (रासिकपुर तालाब के निकट),
- नगर पंचायतबासुकीनाथ–वार्ड 1 एवं 2 (पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जरमुण्डी).

मइंयां सम्मान को पड़े 150 आवेदन 160 लाभुकों ने मांगा अबुआ आवास

कसमार (बोकारो)। कसमार प्रखंड के दांतू पंचायत से शुक्रवार को आपकी योजना –आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत हुई. शिविर में सबसे अधिक मंइया सम्मान योजना एवं अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन पड़े. मंइया सम्मान में 150 लाभुकों व अबुआ आवास योजना के लिए 160 लाभुकों ने आवेदन किया. जबकि पेंशन योजना में 75, राशन कार्ड में 50 आवेदन, सावित्रीबाई फूले योजना के लिए पांच आवेदन के अलावा म्यूटेशन के लिए चार आवेदन प्राप्त हुए. इस अवसर पर भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारीका बैठा, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ नरेंद्र सिंह, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, विधायक प्रतिनिधि मो शेरे आलम, थाना प्रभारी भजनलाल महतो, चिकित्सा प्रभारी डॉ नवाब, मुखिया चन्द्रशेखर नायक व पंसस नगेन्द्र नायक मौजूद थे. इस दौरान काफी संख्या में लोग शिविर में पहुंचकर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का आवेदन संबंधित विभाग के स्टॉल में जाकर जानकारी लेते हुए आवेदन किया. बीडीओ नम्रता जोशी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके दरवाजे तक पहुंचाना है. मौके पर स्वास्थ्यकर्मी संतोष महतो, कविता टैगोर, बीपीओ रंजीत कुमार भारती, पंचायत सचिव धरणीधर सिंह, रोजगार सेवक रामू मांझी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तारीख बदलने से आक्रोश

- तांतरी , मानगो , कनारी के पंचायत प्रतिनिधि गुस्से में

बोकारो। जिला प्रशासन के द्वारा आपकी योजना , आपकी सरकार , आपके द्वार का तारीख अचानक बदल देने के कारण जरीडीह प्रखंड के तांतरी उत्तरी और दक्षिणी पंचायत तथा चास के कनारी और मानगो के पंचायत के जनप्रतिनिधि शुक्रवार को गुस्से में दिखे. उन्होंने कहा कि ऐसे में जनता कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाएंगे. मुखिया गिरिन्द मिश्रा, मुखिया शांति देवी ने बताया कि पहले दो दिसंबर को तांतरी उत्तरी तथा तीन दिसंबर को दक्षिणी में दरबार लगाने की सूचना दी गई. ब्लॉक में बैठक भी हुई. शुक्रवार को दिन के दो बजे खबर आई की शनिवार को ही कार्यक्रम होगा. पूर्व तारीख के हिसाब से हम सब पंचायत के प्रतिनिधि घर घर जाकर सूचना देने ओर समस्या का संकलन कर रहे थे. अब आनन फानन में यह कार्यक्रम करना है चाहे जैसे हो. यही बातें चास प्रखंड के मानगो मुखिया प्रमिला देवी , कनारी के मुखिया रजनी देवी , उप मुखिया राजू महतो ने बताया. कहा कि दोनों पंचायत आदिवासी बहुल इलाकों का है. पहले हमें बताया गया कि ₹सरकार आपके द्वार₹ के अंतिम दिन 15 दिसंबर को दोनों पंचायत को मिलाकर तुपकाडीह स्टेशन रोड स्थित मध्य विद्यालय में ₹सरकार आपके द्वार शिविर लगेगा. हम लोग बेहतर तरीके से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए काम कर रहे थे. सोचे थे कि गरीबों का कई काम होता, अब तो कोई अधिकारी के आने का उम्मीद नहीं है क्योंकि एक ही दिन में 5 से 7 पंचायतों में दरबार लगने की खबर मिल रही है.

ब्रीफ खबरें

अग्नि वीर शहीद अर्जुन महतो को श्रद्धांजलि

तलगाड़िया। बोकारो जिले के चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र प्रखण्ड चंदनकियारी पंचायत सिलफोर के गाँव फतेहपुर, निवासी पिता लंकेश्वर महतो, माता हुलासी देवी के पुत्र अग्नि वीर झारखंड के प्रथम शहीद अर्जुन महतो का 22 नंवबर को ओपी आमलाबाद क्षेत्र के भावथान पडुव्रा फतेहपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहादत दिवस मनाई जायेगी. शहीद अर्जुन महतो 22 अक्टूबर 2023 को मिडियम रेजिमेंट 285 सुटर पदपर ज्वानिंग किये थे. दूश्मानों से लड़ते लड़ते शहीद हो गये थे. तीन बहन व दो भाई मे छोटे थे. इनका जन्म 15 जनवरी 2003 में हुआ था. छात्र जीवन से ही देश सेवा का जज्बा था. लोगों ने भी हृदय से उनकी शहीदी को याद किया.

कान्यकुब्ज समाज ने दी शांत गोपाल पाठक को श्रद्धांजलि

तलगाड़िया। कान्यकुब्ज आर्ष परिषद शिखर मजलिस बोकारो के वरिष्ठ सदस्य शांत गोपाल पाठक की प्रथम पुण्यतिथि चास प्रखंड के गांव सिंदूर पेटी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मनाई गई. स्वर्गीय शांत गोपाल पाठक के तस्वीर पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया . लोगों ने कहा स्वर्गीय शांत गोपाल पाठक एक समाजसेवी एवं शांत स्वभाव के व्यक्ति थे. उनके मार्गदर्शन पर समाज में अनेक कार्य हुआ है अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे ने किया.

सेवा का अधिकार सप्ताह शिविरों की समीक्षा

बोकारो। गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के अंतर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित शिविरों की प्रगति को लेकर वीडियो संवाद के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की. समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने-अपने आवंटित प्रखंडों में निर्धारित तिथि पर आयोजित होने वाले शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें.

हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले तीन गिरफ्तार

15 सितंबर को इजहार आलम से की थी लूटपाट

शुभम संदेश। गोड्डा

बीते सितंबर माह रात के अंधेरे में हथियार के बल पर दुकानदार से हुए लूट की घटना का बसंतराय पुलिस ने उद्भेदन करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है. एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के अनुसार बीते 15 सितंबर की रात्रि करीब ग्यारह बजे इजहार आलम बिहार के कुरमा से होटल बंद करने के उपरांत अपने मोटरसाईकिल से वापस घर लौट रहा था. इसी क्रम में बसंतराय थाना अंतर्गत कपेटा मोड से कैथपूरा के बीच में 4-5 अपराधकर्मियों के द्वारा हथियार के बल पर 10000-12000 रूपया लूट लिया गया था. लूट की घटना को लेकर इजहार आलम के आवेदन के आधार पर बसंतराय थाना कांड सं0-68/25 दर्ज कर कांड के उद्भेदन एंव छापामारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया था. अनुसंधान के क्रम में तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ हेतु थाना लाया गया था. कड़ाई से पूछताछ के दौरान घटना में इन तीनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य 2-3 व्यक्तियों का कांड में शामिल होना स्वीकार किया तथा घटना में लूटे गए राशि में से तीन हजार रुपया बरामद किया गया. तीनों अभियुक्तों की पहचान नितिश कुमार उम्र करीब 23 वर्ष पिता रामविलास पासवान उर्फ विलास पासवान ग्राम विश्वंभर चक, सुमन कुमार साह उम्र करीब 24 वर्ष पिता मुनीलाल साह ग्राम कपेटा, संजीव कुमार रविदास उम्र करीब 20 वर्ष पिता महेन्द्र रविदास ग्राम कैथपुरा तीनों थाना बसंतराय जिला-गोड्डा के रूप में हुई. इनके पास से घटना में लूटे गये राशि 3000 रूपये, विभिन्न कंपनी का 02 एंड्रॉएड फोन एवं घटनास्थल से घटना के दिन अभियुक्त सुमन कुमार साह का हवाई चप्पल जब्त किया गया है. गिरफ्तार अभियुक्त नितिश कुमार का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है. आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज बसंतराय थाना कांड सं0-61/2024 में ये शामिल रहे है. कांड में अन्य की गिरफ्तारी तथा हथियार की बरामदगी हेतु गहन छापामारी की जा रही घटना में शामिल इन तीन अपराधकर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है. छापामारी दल में रामदेव वर्मा थाना प्रभारी बसंतराय, पुअनि रविन्द्र कुमार गुप्ता, विजय कुमार शर्मा, सअनि सत्यजीत कुमार एवं जवान शामिल थे.

मंत्री ने किया ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन

बोकारो। मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोमिया में रक्तदान शिविर एवं नवनिर्मित आपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया . सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने मंत्री के द्वारा आपरेशन थिएटर के उदघाटन के बाद स्वयं ही एक आपरेशन अपने हाथों से किया साथ ही वहां उपस्थित सभी डॉक्टर को निदेशित किया कि यह प्रक्रिया लगातार चलते रहना चाहिए. इस दौरान मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि बोकारो जिला में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग लगातार कृतिमान स्थापित कर रहा है. सरकार आधुनिक आपरेशन थिएटर, विशेषज्ञ डाक्टरों की पदस्थापना, उपकरणों की उपलब्धता और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का सकारात्मक बदलाव लाने में कृत संकल्पित है. इस आपरेशन थिएटर से गोमिया के आसपास के जनमानस के लिए काफी लाभ होगा क्षेत्र वासियों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

न्यूज अपडेट

चौकीदार बहाली में हाई कोर्ट फैसले के बाद उम्मीदवारों में जगी आस

गोड्डा (शुभम संदेश)। गोड्डा जिला में चौकीदारों की बहाली जिला स्तरीय कराने का फैसला उच्च न्यायालय द्वारा दिए जाने के बाद अब उम्मीदवारों ने नए सिरे से आवेदन मांगे जाने का अनुरोध किया है. पूर्व में चौकीदार बहाली को लेकर निकाले गए विज्ञापन में बहाली जिलास्तर पर करने की बात कही गई थी मगर बाद में बहाली करते समय इसे बिट स्तर पर कर दिया गया. जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस परिवर्तन के खिलाफ अभ्यर्थियों ने माननीय उच्च न्यायालय रांची का दरवाजा खटखटाया था. इस बीच जिला प्रशासन की ओर से निकाले गए कुल 276 सिट में 106 पर बिट के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया कर ली गई. उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए ताजा फैसले के अनुसार इसमें यह निर्देश दिया गया है कि चौकीदार की बहाली बिट स्तर पर नहीं बल्कि विज्ञापन के अनुरूप जिला स्तरीय किया जाय. इस फैसले के बाद चौकीदार पद के उम्मीदवारों ने खुशी जताते हुए कहा है कि यह सही है. कोर्ट के आदेश के आलोक में नए आवेदकों को भी मौका मिले इसके लिए नए सिरे से आवेदन मंगाया जाना चाहिए.

गिट्टी लदे ओवरलोडेड आधा दर्जन हाइवा जब्त

गोड्डा (शुभम संदेश)। आधे दर्जन से अधिक हाइवा गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया है. गोड्डा जिला की सीमा से निकलकर बिहार की सीमा में घुसने से ठीक पूर्व मोतिया ओपी थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई है. इन सभी गाड़ियों पर गिट्टी लदे हुए है जो बिहार जा रही थी. देर रात्रि इस मार्ग से सैकड़ों की संख्या में गाड़ियों का काफिला निकलता है. जिसमें अधिकांश गाड़ियों के कागजात आधे अधूरे होते है तथा ओवरलोड भी होते है. जिसके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठते रहती है. इन गाड़ियों में अधिकांश गाड़ियों पर महालक्ष्मी लिखा हुआ रहता है. महालक्ष्मी लिखा होना मतलब नेता का संरक्षण प्राप्त है. जानकार के अनुसार यह एक संकेत है. जिन गाड़ियों पर महालक्ष्मी अंकित होता है उन गाड़ियों को विशेष तबज्जों देना है वैसी गाड़ियों का हिसाब किताब अलग होता है. गाड़ी पकड़े जाने के अभी ताजा कार्रवाई में महालक्ष्मी लिखे गाड़ी को भी पकड़ा गया है. मौके पर चालकों ने बताया कि तीन दिन पूर्व ही मोतिया ओपी थाना प्रभारी द्वारा ओवरलोडिंग के नाम पर पकड़ा गया है मगर आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है. इधर विभाग से जानकारी लेने पर बताया गया कि माइंस विभाग द्वारा गाड़ी पर लदे गिट्टी की मापी की गई है और वजन के मुताबिक आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

जल सहियाओं को दिया जल जांच का प्रशिक्षण

कसमार (शुभम संदेश)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से शुक्रवार को कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड की जलसहियाओं का एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय जल जाँच प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य रुप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार मौजूद थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि शुद्ध जल हमारी सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है. जल अगर प्रदूषित हो जाता है, तो वह केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाता है. अधिकांश जल नदियाँ, झीलों और अन्य सतही जल स्त्रोतों से आता है. हमारे घरों में पहुँचने से पहले रसायनों, धूलकण, और बैक्टीरिया दूर करने के लिए उसे उपचारित किया जाता है. फिर इस स्वच्छ, पीने योग्य जल का उपयोग खाना पकाने, पीने, घरेलू कार्यों को पानी देने आदि के लिए किया जाता है.

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं. : 30–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 20.11.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–सीतारामपुर–झाझा शाखा में डीएलबीआई को बदलते हुए एसएसबीपीएसी (डी) का प्रावधान"। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 3,99,77,682.37, **बयाना राशि:** रु. 3,49,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.12.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/

ASN-250/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बोकारो स्टील प्लांट में रेडियल सेटलिंग टैंक पांच का जीर्णोद्धार

शुभम संदेश। बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, प्लांट के जल प्रबंधन विभाग द्वारा जीसीपी (गैस क्लीनिंग प्लांट) क्लोज्ड लूप वाटर सिस्टम के रेडियल सेटलिंग टैंक 5 के जीर्णोद्धार का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया. लगभग पंद्रह वर्षों से बंद पड़े इस प्रमुख उपकरण को पुनः सक्रिय करने से प्लांट की परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होगा. यह चुनौतीपूर्ण जीर्णोद्धार कार्य मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएँ) संजीव रंजन सिंह की अगुवाई में जल प्रबंधन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों अंकित कुमार, शरद गंगवार, संजय आनन्द, परिमल ओझा, बैद्यनाथ राम, मनोज कुमार, फिलीप किस्कु की समर्पित टीम द्वारा संपन्न किया गया. इस प्रयास में विभिन्न सहयोगी विभागों जैसे शॉप्स, एमआरडी और यांत्रिकी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जो अंतर-विभागीय सहयोग की भावना को दर्शाता है. यह आरएसटी 5 अब ब्लास्ट फर्नेस गैस क्लीनिंग की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता करेगा, जिससे प्लांट के उत्पादन मानकों को मजबूती मिलेगी. क्लोज्ड लूप सिस्टम की दक्षता बढ़ने से जल की बर्बादी काफी हद तक कम हो जाएगी, जो जल संरक्षण के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. इस सफलता के साथ ही, जल प्रबंधन विभाग ने दुसरे रेडियल सेटलिंग टैंक के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी है, जो निरंतर तकनीकी उत्कृष्टता की ओर प्लांट के प्रयास को दर्शाता है. जीर्णोद्धारित आरएसटी 5 का विधिवत उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (परिचालन) अनूप कुमार दत्त द्वारा किया गया.

बहुभात में गये जमीन कारोबारी गुलशन की गोली लगने से मौत

हर्ष फायरिंग या पुरानी रंजिश, जांच में जुटी पुलिस

- गुलशन अपने दोस्त राहुल पासवान के रिसेप्शन में शामिल होने गया था बड़ा पंचगढ़

शुभम संदेश। साहिबगंज

जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पंचगढ

ब्रीफ खबरें

मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

बरोरा। बरोरा थाना पुलिस ने महज कुछ घंटों के अंदर मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चोरी हुई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली. बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह निवासी रतीलाल महतो ने गुरुवार शाम बरोरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पैशन प्रो मोटरसाइकिल जो मुराईडीह पानी प्लांट के पास से चोरी हो गई है. शिकायत मिलते ही बरोरा पुलिस हरकत में आ गई. इसी बीच मुराईडीह हटिया बाजार के पास कुछ राहगीरों ने एक युवक को संदिग्ध हालत में मोटरसाइकिल ढकेलकर ले जाते देखा और इसकी सूचना तुरंत बरोरा थाना को दी. सूचना मिलते ही बरोरा पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हीरक रोड पर आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान आनंद कुमार रजक, निवासी गया बिहार के रूप में हुई है. वह अपनी ससुराल मुराईडीह आया हुआ था. पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल कर ली. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

एग्यारकुण्ड में शिक्षक की विदाई

कुमारधुबी। मवि एग्यारकुण्ड के सहायक शिक्षक प्रमोद राव का देवघर स्थानांतरण हो गया है. उनके स्थानांतरण पर स्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया. प्रधानाध्यापक झा, शिक्षक शिक्षिकाएं, मुखिया अजय कुमार राम, सरस्वती वाहिनी माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, अध्ययनरत छात्र छात्राओं के द्वारा स्थानांतरित शिक्षक को अंग वस्त्र, बुके एवं उपहार सामग्री देकर सम्मानित किया गया. मौके पर शिक्षक विदन मंडल, ज्योति कुमारी, कुमारी सोना दास, वर्षा हलदार, खुशबू कुमारी, स्वीटी कुमारी, श्वेता कुमारी, लखी कुंभकार, मारूति बाउरी, चंदना बाउरी, दुलारी बाउरी, जय राजवंशी, मुकेश बाउरी,अपर्णा बाउरी आदि थे.

धनबाद में 4,28,291 अनक्लेम्ड बैंक खाते, इनमें 167.36 करोड़ की रकम

आपकी पूँजी - आपका अधिकार शिविर के माध्यम से फैलाई जागरुकता

शुभम संदेश। धनबाद

वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित "आपकी पूँजी - आपका अधिकार" राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शुक्रवार लुबी सर्कुलर रोड, कला भवन के सामने स्थित उत्सव भवन में एक व्यापक जागरुकता एवं सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य जिले के नागरिकों को अनक्लेमड फाइनेंशियल एसेट की खोज, सत्यापन एवं दावा प्रक्रिया से अवगत कराना तथा उन्हें उनका वैध धन प्राप्त कराने में सहायता प्रदान करना था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह विधायक राज सिन्हा ने भारत सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान नागरिकों को उनके वित्तीय अधिकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है. इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि धनबाद जिले के 16 बैंकों में कुल 4,28,291 अनक्लेम्ड खाते हैं, जिनमें ₹167.36 करोड़ (31 अगस्त 2025 तक) राशि जमा है. उन्होंने बताया कि इन खातों के निपटान के लिए त्वरित एवं पारदर्शी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ कर रहे हैं.भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रबंधक रोशन कुमार घिरिया ने नागरिकों को अनक्लेम्ड राशि की जाँच करने की प्रक्रिया बताई. शिविर के दौरान बैंक अधिकारियों ने डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड की प्रक्रिया, अप्रचालित व निष्क्रिय खातों से जुड़े नियम, जमा राशि की सुरक्षा से संबंधित तंत्र, अनक्लेमड एसेट की खोज एवं क्लेम फाइलिंग की प्रक्रिया, उपभोक्ता अधिकार एवं बैंकिंग सुविधाएँ की जानकारी दी.शिविर में लाभार्थियों को सहायता प्रपत्र, दस्तावेज़ सत्यापन, क्लेम स्टेटस की जानकारी, बैंक प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत मार्गदर्शन मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। जिन लाभुकों के दावे का निपटान हो चुका था, उन्हें मंच पर सर्टिफिकेट प्रदान किए गए. कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के उप आँचलिक प्रबंधक अव्रतनु चंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रीजन - 1 की क्षेत्रीय प्रबंधक मीनाक्षी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रीजन - 4 के क्षेत्रीय प्रबंधक निर्मल कुमार, इंडियन बैंक के उप आँचलिक प्रबंधक अशोक राज, केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अन्तिम जैन तूफ़ानी, पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव, भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रबंधक रोशन कुमार घिरिया के अलावा विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, जिला समन्वयक एवं बड़ी संख्या में खाताधारी उपस्थित थे.

सुदामडीह बस्ती के विस्थापितों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

डीजीएमएस गेट पर अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी, उचित पुनर्वास की मांग

शुभम संदेश। धनबाद

सुदामडीह थाना बस्ती के सैकड़ों विस्थापित परिवारों ने उपायुक्त धनबाद को एक शिकायती पत्र सौंपकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है. विस्थापितों का आरोप है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के एएसपी सुदामडीह कोलियरी प्रबंधन द्वारा उनके घरों के ठीक सामने अवैध रूप से ओपनकास्ट माइनिंग चलाया जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. विस्थापितों का कहना है कि भारी ब्लास्टिंग और मशीनों के लगातार कंपन से उनके घरों में दरारें पड़ चुकी हैं, धूल का गुबार पूरा इलाका ढक लेता है और दीवारें गिरने की कगार पर हैं. सबसे भयावह बात यह है कि इसी इलाके में पहले भी एक महिला जिरा देवी जमीन धंसने से जिंदा दफन हो गई थीं और उनका शव जेसीबी से टुकड़ों में निकाला गया था. विस्थापितों का कहना है कि बीसीसीएल प्रबंधन अब उनके नाम भी जिरा देवी की तरह जोड़ना चाहता है.

डेढ़ साल से बीसीसीएल दे रहा केवल आश्वासन : शिकायतकर्ताओं ने बताया कि प्रबंधन ने 41 घरों को दूसरे स्थान पर बसाने के लिए नाप-जोख कर लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई. परियोजना शुरू करने से पहले प्रबंधन ने छह माह का समय मांगा था और पांच बिंदुओं पर लिखित सहमति दी थी, लेकिन एक साल से लगातार पत्र लिखने के बावजूद प्रबंधन मौन है. विस्थापितों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे मजबूरन खान सुरक्षा महानिदेशालय के हेडक्वार्टर के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे और अगर कोई अनहोनी हुई तो इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बीसीसीएल प्रबंधन और डीजीएमएस की होगी. विस्थापितों ने उपायुक्त से तत्काल हस्तक्षेप कर उनकी जान-माल की रक्षा करने और उचित पुनर्वास की मांग की है.

घर बनाने से रोकने वाले दबंगों की डीसी से शिकायत

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज जनता दरबार का आयोजन कर जिले के तोपचांची, धनबाद, भूली, बलियापुर, गोमो, गोविंदपुर, कतरास, बाघमारा, निरसा सहित अन्य क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्या सुनी और उसका निराकरण करने का भरोसा दिया. जनता दरबार में तोपचांची से आए एक व्यक्ति ने बताया कि अंचल कार्यालय द्वारा जमीन की मापी करके उनकी जमीन चिन्हित की है. लेकिन जब वे जमीन पर काम करने जाते हैं तो कुछ स्थानीय लोगों द्वारा इसमें व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है. धैया से आए एक व्यक्ति ने बताया कि एनएच द्वारा जमीन अधिग्रहण करने के बाद उन्हें अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ है.

सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव पहुंचे तिसरा थाना

शुभम संदेश। झरिया

धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव शुक्रवार को तीसरा थाना पहुंचे. थाने की साफ-सफाई से लेकर थाने की एक एक कार्यों का निरीक्षण किए. उन्होंने पेंडिंग पड़े मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया. साथ ही क्षेत्र में गश्ती के दौरान असामाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा कार्रवाई करने की बात कही. इसके पूर्व थाने में जवानों द्वारा एसपी को सलामी दी गई. मौके पर जोड़ा पोखर इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, पवन कुमार, एसआई श्याम नारायण, बुद्धू उरांव एएसआई राजनाथ सिंह,आशीष लकड़ा आदि लोग उपस्थित थे.

स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण

आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने ली रिपोर्ट

शुभम संदेश। धनबाद

स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के लिए झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक सह एसएनएमएमसीएच और सदर अस्पताल के नोडल अधिकारी अबु इमरान ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया. उन्होंने सबसे पहले शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर इमरजेंसी वार्ड सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने इलाजरत मरीजों से बात कर उनकी समस्याओं और मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली. परिजनों से भी अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं और व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया. इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, बुनियादी सुविधाओं, वेस्ट मैनेजमेंट और स्टाफ की उपस्थिति का भी निरीक्षण किया. इस दौरान एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक डीके गंदौरिया और अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद रहे. निरीक्षण पूरा करने के बाद अबु इमरान सदर अस्पताल पहुंचे. यहां भी उन्होंने साफ-सफाई, मरीजों के लिए उपलब्ध बिस्तरों, दवाओं की उपलब्धता, लैब सेवाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से जांच की. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्था और बेहतर करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए.

बलियापुर प्रखंड के मुकुंदा पंचायत में शिविर

शुभम संदेश। झरिया

बलियापुर सीओ मुरारी नायक ने मुकुंदा में दीप जलाकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की. उनके साथ पंचायत और प्रखंड कार्यालय के अधिकारी मौजूद थे. मुरारी नायक ने कहा कि झारखंड सरकार कि महत्वाकांक्षी योजना है,जिसे राज्य और देश में प्रशंसा मिल रही है. कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगे थे. जिसमें बड़ी संख्या में पंचायत के लोगों ने योजनाओं का लाभ उठाया. विशेष रूप से मैया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पशुपालन, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने को लेकर स्टॉल लगाये गए थे. कार्यक्रम में सीआई नेहा सिंह, पंचायत कि मुखिया रिंकू देवी, हीरालाल गोराई, विजय रजक, विजय रवानी, नेपाल महतो, झाबू शंकर, त्रिलोचन महतो, सुधन महतो, लक्ष्मी देवी,सुनीता देवी ,संजय साव, राजन महतो मौजूद थे.

आसनसोल

निर्माण कार्य रोक के विरोध में रानीगंज बचाओ कमेटी

- जन आंदोलन के लिए बनाई रणनीति

शुभम संदेश। रानीगंज

रानीगंज में निर्माण कार्यों पर अचानक लगाई गई पाबंदियों के विरोध में रानीगंज बचाओ कमेटी की ओर से रानीगंज व्यापार मंडल (चैंबर ऑफ कॉमर्स) के सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित की गई. इस संगोष्ठी का संयोजन रानीगंज नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष गौतम घटक ने किया. गौतम घटक ने कहा कि यह मामला रानीगंज के निवासियों के अस्तित्व का है. उन्होंने बताया कि कमेटी लगातार प्रशासनिक अधिकारियों, राज्य के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और केंद्र सरकार को पत्र लिख रही है, लेकिन उनकी आवाज़ कोई नहीं सुन रहा है. उन्होंने घोषणा की कि इसलिए कमेटी ने आगामी दिनों में जन आंदोलन शुरू करने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई है. रानीगंज व्यापार मंडल (चैंबर ऑफ कॉमर्स) के मुख्य सलाहकार आरपी खेतान ने बताया कि नगर निगम के माध्यम से अचानक यह सूचित किया गया कि रानीगंज के अंदर किसी भी तरह का निर्माण कार्य अत्यंत खतरनाक क्षेत्र (डेंजर ज़ोन) से 300 मीटर की दूरी तक नहीं किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि इस पाबंदी के कारण निर्माण कार्य से लेकर व्यापार और वाणिज्य तक के लोग हताश हैं.

गोपाल आचार्य ने कहा कि कमेटी के पास एकमात्र विकल्प है कि वे पहले चरण में जन आंदोलन करेंगे और यदि सुनवाई नहीं होती है तो उन्हें न्यायालय जाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा. चिकित्सक संघ (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस.के. बसु ने इस समस्या के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया. उन्होंने कहा कि दोनों ही सरकारें रानीगंज की इस गंभीर समस्या को लेकर तनिक भी जागरूक नहीं हैं. इस अवसर पर वरिष्ठ रानीगंज व्यापार मंडल (चैंबर ऑफ कॉमर्स) के अध्यक्ष रोहित खेतान और व्यापार मंडल (चैंबर) के पूर्व अध्यक्ष अरुण भारतीय सहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया. सभी संस्थाओं ने सर्वसम्मति से जन आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की.

57 किलोग्राम गांजे के साथ दो गिरफ्तार

जलपाईगुड़ी। सिलीगुड़ी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने 57 किलोग्राम गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों के नाम मोहम्मद इफ्तिखार और मोहम्मद परवेज है. दोनों बिहार के अररिया जिले के रहने वाले है. एसटीएफ ने सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी नेशनल हाईवे पर फाटापुकुर टोलगेट के पास शुक्रवार को गांजा सहित एक पिकअप वैन जब्त की है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर सिलीगुड़ी एसटीएफ ने फाटापुकुर टोलगेट से संलग्न इलाके में एक पिकअप वैन को रोक कर तलाशी ली. तलाशी के दौरान उसमें रखी तीन बोरियों से करीब 57 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ. गांजा को कूचबिहार से तस्करी कर सिलीगुड़ी के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा था. तस्करी के आरोप में तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार तस्करों को शनिवार जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा.

रानीगंज में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पुस्तिका का विमोचन

शुभम संदेश। रानीगंज

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350 वीं शहादत दिवस को लेकर पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया. गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह बग्गा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत को समर्पित गुरमत समागम का आयोजन किया जा रहा है. प्रभात फेरी 20 नवंबर से शुरू होकर 27 नवंबर तक चलेगी, जिसमें सुबह 4 बजे अमृतवेले निशान साहब की अगुवाई में सिख संगत गुरु जी की वाणी कीर्तन के माध्यम से सिमरन करेगी. प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार बलजीत सिंह ने कहा कि 23 नवंबर रविवार को रानीगंज गुरुद्वारा में श्री सहज पाठ की समाप्ति होगी. उसके पश्चात अमृत संचार कीर्तन दरबार का आयोजन होगा. 27 नवंबर गुरुवार को लायंस क्लब के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास एवं देश के विख्यात गुरमत लेक्चर गुरु जी इतिहास को प्रस्तुत करेंगे. 28 एवं 29 नवंबर शुक्रवार को रानीगंज गुरुद्वारा में कीर्तन एवं कथा का आयोजन होगा. 30 नवंबर रविवार को शिशु बागान मैदान में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का शहादत दिवस मनाया जाएगा. सरदार रविंद्र सिंह ने कहा कि गुरमत समागम में भारत के विख्यात शब्द कीर्तनी जत्था कुलविंदर सिंह दिल्ली से उपस्थित होंगे एवं कथावाचक जालंधर से भाई प्रदीप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित होंगे. 30 नवंबर रविवार की शाम को नगर कीर्तन निकाला जाएगा. इस अवसर पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के ऊपर लिखी पुस्तिका का विमोचन किया गया. प्रबंधक कमेटी की तरफ से बलबीर सिंह वाधवा, सरदार सुरेंद्र सिंह एवं कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

बीसीसीएल सीवी एरिया बारह का अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता प्रारंभ

शुभम संदेश। बराकर

बीसीसीएल सीवी एरिया बारह की ओर से प्रथम दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बीसीसीएल मैदान में प्रारम्भ हुआ. शुक्रवार को आयोजित इस अंतर क्षेत्रीय कबड्डी टूर्नामेंट का शुभ उद्घाटन एरिया बारह के महाप्रबंधक शशिभूषण कुमार ने किया. प्रतियोगिता में बीसीसीएल मुख्यालय सहित दस क्षेत्रीय टीमों ने हिस्सा लिया.सभी टीमें चार-चार मैच खेलेगी. ज्यादा मैच जीतकर आयी टीम सेमी फ़ाइनल मैच खेलेगी. इनमें जीतने वाली टीम फ़ाइनल में भाग लेगी. इस दौरान मंच पर उपस्थित बीसीसीएल एरिया मैनेजर एचआर सायक गोस्वामी ने बताया कि फाइनल मैच में मुख्य अथिति, डाइरेक्टर इंचार्ज सहित कई अधिकारी शामिल रहेंगे. इस मौके पर यूनियन के नेता, स्थानीय कबड्डी प्रेमी व बड़ी संख्या दर्शक मैदान पर दिखाई पड़े.

विद्यार्थियों को ऑनलाइन एसआईआर का प्रशिक्षण

शुभम संदेश। रानीगंज

रानीगंज टीडीबी कॉलेज में एसआईआर ऑनलाइन का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया. रानीगंज प्रखंड विकास कार्यालय के राहुल मंडल ने कॉलेज के विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म कैसे भरा जाए एवं क्या दस्तावेज की जरूरत है उसकी जानकारी दी. प्रखंड विकास कार्यालय के सुभाजित ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी दी . भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ऑनलाइन अप्लाई करने का भी विकल्प हैं. इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर संजीव पांडे ने कहा कि रानीगंज के बीडियो के नेतृत्व में ऑनलाइन एस ए आर पंजीकरण की जानकारी दी गई आशा है कि इस प्रशिक्षण शिविर से विद्यार्थी अपने घर के सदस्यों एवं अपने जान पहचान के लोगों की मदद करेंगे. एनसीसी विभाग के लेफ्टिनेंट डॉक्टर गणेश रजक, कॉलेज की उर्दू विभागाध्यक्ष साबरा हीना खातून , टीडीबी कॉलेज के रेगिंग कमेटी के पदाधिकारी सरदार दलजीत सिंह सहित सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे.

लायंस क्लब का नेत्र जांच शिविर

शुभम संदेश। पुरुलिया

दिन-ब-दिन स्कूली छात्र मोबाइल फोन के अत्यधिक आदी होते जा रहे हैं. अभिभावकों की जानकारी के बिना ही यह लत बच्चों की आँखों पर असर डाल रही है. कम उम्र में दृष्टि हानि के मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं. पुरुलिया लायंस क्लब ने डॉक्टरों की मौजूदगी में स्कूली छात्रों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित यह बात विशेष कर सामने आई है. पुरुलिया के हुड़ा हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक पिंटू डे की पहल और पुरुलिया लायंस क्लब के सहयोग से स्कूल के प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए एक विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जाँच में पता चला कि मोबाइल फ़ोन के लंबे समय तक इस्तेमाल के कारण कई छात्रों की आँखों की समस्या बढ़ गई है. हुड़ा हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक पिंटू डे ने कहा कि अभिभावकों को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए. पुरुलिया लायंस क्लब के अध्यक्ष कंचन कुमार पाल ने कहा कि हमने अब तक पुरुलिया ज़िले के विभिन्न स्कूलों में नेत्र जांच शिविर आयोजित किए हैं. स्कूल के लगभग सभी छात्रों को आँखों की समस्या हो गई है. उनमें से अधिकांश को चश्मा लगाना पड़ा है. शायद उन्हें पता ही नहीं है कि इतनी कम उम्र में उन्हें आँखों की यह समस्या क्यों हो रही है. इस स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों ने मोबाइल फोन के इस्तेमाल में संयम बरतने, नियमित नेत्र परीक्षण कराने तथा अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी है.

ब्रीफ खबरें

प्लेसमेंट ड्राइव में 56 युवक-युवतियों को नियुक्ति-पत्र

हिरणपुर (पाकुड़)। मोहनपुर स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को जिला कौशल विकास पदाधिकारी गिरीश चन्द्र प्रसाद ने 56 प्रशिक्षण प्राप्त युवक युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया. सारथी योजना के तहत निष्ठा मेगा स्किल व विजिनरी स्किल सेंटर पाकुड़ के द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया है. इसमे प्रशिक्षण प्राप्त युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराई गई. जिसमें 28 युवक युवतियों को ब्लू जर्सी कम्पनी त्रिपुर के लिए नियुक्ति पत्र दी गई. वही 2050 हेल्थ केयर कोलकाता के लिए 28 युवक युवतियों को चयन कर नियुक्ति पत्र दी गई. नियुक्ति पत्र पाने पर सभी को काफी उल्लासित देखा गया. डीएसओ ने कहा कि क्षेत्र के सभी बेरोजगार युवक युवतियों को सरकार के द्वारा निशुल्क कौशल विकास की प्रशिक्षण दी जा रही है. जिसे रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है. जिससे युवाओ को आर्थिक उपार्जन की एक महत्वपूर्ण श्रोत बन रही है. इस अवसर पर केंद्र के नवल किशोर ठाकुर, वसीम अख्तर, जयकारा हाजरा, कामदेव हाजरा, पिंटू कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे.

दो दिवसीय सैंपलिंग नर्सरी प्रशिक्षण

पाकुड़। पाकुड़ के महेशपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत स्थित लखीपुर गांव में उद्यान विकास योजना के तहत दो दिवसीय सैंपलिंग नर्सरी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा हुआ. रांची से आए प्रशिक्षुक सिरका मुंडा ने कुल 18 किसानों को नर्सरी तैयार करने, बर्मी कम्पोस्ट बनाने और आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम में आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक शांतनु कुमार शील और उद्यान मित्र श्याम कुमार सिंह उपस्थित रहे. दोनों अधिकारियों ने किसानों के सवालों का समाधान किया और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप तकनीक अपनाने की सलाह दी. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण नर्सरी उत्पादन और जैविक खाद निर्माण के जरिए आय बढ़ाने में सक्षम बनाना था. समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए.

जमुआ विधान सभा में यूनिटी मार्च, अन्नपूर्णा हुई शामिल

जमुआ। लौह पुरुष सरदार भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जमुआ विधान सभा का यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को ले खरगडीहा स्थित लंगटा बाबा समाधि स्थल पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी पहुंची. उन्होंने चादरपोशी कर पद यात्रा की शुरुआत की. इस दौरान स्कूली बच्चों ने झांकी निकाल पुष्प अर्पित कर उनका स्वागत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्शों को आत्मसात कर देश का सम्पूर्ण विकास संभव है .पद यात्रा खरगडीहा स्थित लंगटा बाबा समाधि स्थल से चल कर खरगडीहा गोशाला होते हुए जलीय सूर्य मंदिर में दर्शन कर जमुआ चौक पहुँचा .जहां मंत्री अन्नपूर्णा देवी ,विधायक मंजू कुमारी ने संबोधित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महादेव दुबे और संचालन राजेन्द्र राय ने किया . मौके पर विधान सभा के सात मंडल अध्यक्ष , सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव , सुरेश मंडल , राजेन्द्र यादव , प्रकाश दास , महेंद्र वर्मा , परमेश्वर, राजेन्द्र राय, याद , नरेश यादव , शालिनी वैश्कियार ,उषा कुमारी ,चंचला देवी ,गीता हाजरा , अमरेंद्र कुमार ,अनूप कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे .

चलते ट्रक से अलग होकर पलटी धान लदी ट्रॉली

बिरनी । बिरनी प्रखंड के द्वारपहरी–कोडरमा मुख्य मार्ग पर खाखीपीपर के पास धन से लदा ट्रक संख्या डब्लूबी 41 एच 8214 दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया. घटना में अजीबोगरीब स्थिति तब बनी जब चलती ट्रक की ट्रॉली अचानक अलग होकर सड़क किनारे पलट गई, जबकि इंजन कुछ दूर तक चलता रहा. बाद में हल्का झटका महसूस होने पर चालक ने पीछे देखा तो टोली पलटी पड़ी थी और धान बिखरा हुआ था. मामले में जब चालक से पूछताछ की गई तो उसने किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इनकार कर दिया.

दुबई में बीएसएल की 'उज्जीवन' टीम को सर्वोच्च सम्मान

क्वालिटी सर्कल फोरम ने किया था प्रीमियम नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स का आयोजन

शुभम संदेश। बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है. बीएसएल के सीआरएम-III की सुरक्षा सर्कल टीम 'उज्जीवन' ने दुबई में आयोजित प्रीमियम नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स - 2025 में सर्वोच्च श्रेणी 'पार एक्सीलेंस' पुरस्कार जीतकर संगठन का गौरव बढ़ाया है. यह आयोजन क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा दुबई में आयोजित किया गया है.

इस सम्मेलन में देशभर की अग्रणी संस्थाओं ने 5एस, काइज़न, सेफ्टी, क्वालिटी सर्कल, एसएमईडी सहित विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया. जिसमें बीएसएल के सीआरएम-III विभाग की सुरक्षा सर्कल टीम 'उज्जीवन' ने गुणवत्ता और सुरक्षा के क्षेत्र में अपने नवाचारपूर्ण कार्य, उत्कृष्ट समस्या-समाधान क्षमता और प्रभावशाली प्रस्तुति के आधार पर सर्वोच्च स्थान हासिल किया. टीम के सदस्य राहुल प्रसाद राजक, राहुल कुमार सिंह, सौरभ कुमार दुबे, सुनील कुमार महांता, मनीष कुमार पांडे तथा शिव शंकर मजूमदार ने अपने समर्पण, तकनीकी दक्षता एवं सतत सुधार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया.

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुँचने से पहले टीम 'उज्जीवन' का चयन एक कठिन मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया. इसमें क्यूसीएफआई चैप्टर कन्वेंशन में केस स्टडी, प्रस्तुतियाँ, सुरक्षा सर्कल तकनीकों से जुड़े ज्ञान परीक्षण आदि शामिल थे. इसके साथ ही, चैप्टर कन्वेंशन में स्वर्ण पदक विजेता तीन टीमों के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में भी 'उज्जीवन' ने प्रथम स्थान हासिल किया. टीम की तैयारी और प्रस्तुति को सशक्त बनाने में बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग एवं सेफ्टी विभाग ने मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया.

बीएसएल की यह उपलब्धि न केवल गुणवत्ता, सुरक्षा और उत्कृष्टता के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है, बल्कि वैश्विक मंच पर बोकारो स्टील प्लांट की क्षमता, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता को भी और अधिक सुदृढ़ बनाती है. बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर टीम 'उज्जीवन' को बधाई देते हुए इसे संगठन के लिए प्रेरक बताया.

करोड़ों की पेयजल योजनाएं पड़ी हैं बेकार

बेंगाबाद, मोतीलेदा और लुप्पी के ग्रामीण बूंद-बूंद को तरसे

- ठीकेदार ही जल सप्लाई के साथ–साथ उपभोक्ताओं से वसूलेंगे टैक्स

दीपक कुमार पाठक



बेंगाबाद। बेंगाबाद सहित प्रखंड के तीन अलग-अलग स्थानों पर करोड़ों रुपये की लागत से बनी पेयजलापूर्ति योजनाओं की दुर्दशा सामने आई है. बेंगाबाद, मोतीलेदा और लुप्पी की पेयजल योजनाएं वर्षों से बंद पड़ी हैं. विभागीय उदासीनता और मेंटेनेंस के अभाव के कारण जहां करोड़ों की परियोजनाएं धूल फांक रही हैं, वहीं हजारों ग्रामीण पीने के पानी के लिए आज भी परेशान हैं.

बेंगाबाद की जलापूर्ति योजना पिछले कई महीनों से पूरी तरह ठप्प है. उपभोक्ताओं को नियमित सप्लाई का पानी नहीं मिल रहा है. बीच-बीच में महज औपचारिकता निभाते हुए थोड़ी बहुत सप्लाई दी जाती है, लेकिन स्थायी रूप से समस्या जस की तस बनी हुई है. पानी नहीं मिलने से बेंगाबाद और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है. लोग विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं और योजना के प्रति मोहभंग की स्थिति बन गई है.

ग्रामीणों ने व्यंग्य करते हुए कहा कि झारखंड राज्य अपनी स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती मना रहा है, सरकारी संस्थान से लेकर पंचायत स्तर तक जश्न मनाया जा रहा है, लेकिन गांवों में लोग आज भी पीने के पानी को तरस रहे हैं. "यह कैसी रजत जयंती है?

मोतीलेदा और लुप्पी : वर्षों से बंद पेयजल योजनाण

मोतीलेदा और लुप्पी की जलापूर्ति योजनाएं तो निर्माण के बाद से ही कभी पूर्ण रूप से चालू नहीं हो सकीं. ग्रामीणों का कहना है कि योजना धरातल पर उतारी जरूर गई, लेकिन गांवों को शत-प्रतिशत पानी नहीं मिला. कुछ स्थानों पर थोड़े समय के लिए सप्लाई दी गई, जिसके बाद पूरी व्यवस्था चरमराकर बंद पड़ गई. मेंटेनेंस अवधि समाप्त होने के बाद विभाग ने इसे ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हैंडओवर करने की कोशिश की, लेकिन योजना में कई तकनीकी त्रुटियां होने के कारण समिति ने हैंडओवर लेने से इनकार कर दिया. नतीजतन करोड़ों की लागत से बनी ये योजनाएं बेकार पड़ी हैं और लोग अब इस मुद्दे पर बोलने से भी कतराने लगे हैं.

बेंगाबाद और लुप्पी में ठीकेदार करेंगे जलापूर्ति

पीएचईडी विभाग के सहायक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि बेंगाबाद और लुप्पी की पेयजलापूर्ति योजनाओं का टेंडर पूरा हो चुका है. अब निविदा धारक द्वारा पानी की सप्लाई दी जाएगी. हालांकि मोतीलेदा की योजना के लिए किसी ने टेंडर नहीं लिया है. उन्होंने बताया कि बेंगाबाद के पेसराटांड़ इंटेक वेल में बालू भर गया है, जिसे पानी कम होने के बाद ही हटाया जा सकता है. इसलिए सप्लाई बहाल करने की सटीक तारीख बताना इस समय संभव नहीं है. फिर भी विभाग योजना चालू कराने के लिए प्रयासरत है.

रजिस्ट्री ऑफिस में भारी धांधली का आरोप, झापीपा ने की जांच की मांग

शुभम संदेश। डुमरी/गिरिडीह

झारखंड पीपुल्स पार्टी (झापीपा) के केंद्रीय सचिव अशोक अग्रवाल आज़ाद ने डुमरी और गिरिडीह के रजिस्ट्री कार्यालयों में भारी भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा और नियम विरुद्ध रजिस्ट्री का गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है. अशोक अग्रवाल के अनुसार, गिरिडीह रजिस्ट्री ऑफिस और सब-रजिस्ट्री ऑफिस डुमरी में वर्षों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर न केवल रैयती भूमि, बल्कि सीएनटी, बकास्त, जिरात तथा अधिग्रहित भूमि की भी अवैध रूप से रजिस्ट्री की जा रही है. इसके कारण बड़े पैमाने पर भूमि विवाद उत्पन्न हो रहे हैं और फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर जमाबंदी भी निर्गत किए जाने के आरोप लगाए गए हैं. नेता ने आरोप लगाया कि बिना बटवारा-नामा और वंशावली के पुश्तैनी जमीन की भी रजिस्ट्री कर दी गई, जो नियमों का गंभीर उल्लंघन है. उन्होंने एक विवादित रसीद जेएच 20A 154531 (वर्ष 2017–18) और उससे जुड़े दो डीड—5717/2018 तथा 8352/2019—का उदाहरण देते हुए बताया कि रसीद में प्लॉट अंकित न होने के बावजूद रजिस्ट्री कार्यालय ने अपनी ओर से प्लॉट निर्धारण कर दिया. उन्होंने पूछा कि जब रसीद में मात्र 30.5 डिसमिल का उल्लेख था, तो विभिन्न प्लॉट्स की अलग-अलग रकबा कैसे दर्ज की गई? पुश्तैनी जमीन होने के बावजूद बंटवारा-नामा व वंशावली क्यों नहीं ली गई? अशोक अग्रवाल ने कहा कि यह सिर्फ एक उदाहरण है, विस्तृत जांच होने पर कई और फर्जी रजिस्ट्री व फर्जीवाड़े सामने आ सकते हैं. उन्होंने इस संबंध में 15 नवंबर 2025 को सचिव भू-राजस्व निबंधन विभाग रांची, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय, उपायुक्त गिरिडीह, एसी गिरिडीह, आरक्षी अधीक्षक गिरिडीह तथा एसडीओ डुमरी को भी पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच कराने और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है. अशोक अग्रवाल का कहना है कि ऐसी फर्जी रजिस्ट्री के कारण आम जनता, भूमिधारी और पुलिस प्रशासन सभी परेशान हैं और क्षेत्र में लगातार भूमि विवाद, मारपीट और मुकदमेबाजी बढ़ रही है.

उपायुक्त ने किया सेवा का अधिकार के शिविरों का निरीक्षण

सरकारी योजनाओं के चयनित विभिन्न लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित

- टाई साइकिल एवं साइकिल का किया वितरण

शुभम संदेश। पाकुड़

आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार तथा 'सेवा का अधिकार सप्ताह' के तहत नगर परिषद वार्ड नंबर 01 और महेशपुर प्रखंड अंतर्गत शहरग्राम पंचायत में लगाए गए शिविरों का उपायुक्त ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा सेवा वितरण की स्थिति की समीक्षा की. उपायुक्त ने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को उनके द्वार पर सभी आवश्यक सेवाएँ और प्रमाणपत्र आसानी से उपलब्ध हों. जिसमें जन्म प्रमाणपत्र, जाति, आय, निवास प्रमाणपत्र, आधार, बैंक खाता, राशन कार्ड अपडेट, स्वास्थ्य कार्ड शामिल है. उन्होंने कहा कि कई बार नागरिकों को प्रमाणपत्रों की आवश्यकता अचानक पड़ती है, इसलिए समय रहते सभी दस्तावेज़ अपडेट कराना जरूरी है. उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित करें तथा किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए. उपायुक्त ने स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया और लोगों से बीपी, शुगर, सामान्य कमजोरी, गर्भवती महिलाओं की जाँच जैसी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की. टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और बच्चों के टीकाकरण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया. बताया कि जिले में शीघ्र ही कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था भी शुरू की जाएगी ताकि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को कठिनाई न हो. मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने कहा कि सेवा का अधिकार सप्ताह आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. सेवा सप्ताह में प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, श्रम अधीक्षक, बीडीओ, सीओ एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

मध्य विद्यालय तिसरी में मध्याह्न भोजन के दौरान छात्र पर गिरी गर्म सब्जी, झूलसा

छात्रों से शिक्षकों पर सब्जी का डेग उठवाने का आरोप

शुभम संदेश। तिसरी

तिसरी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय तिसरी बालक के छठी कक्षा वर्ग का छात्र आदित्य कुमार पिता अनिष उर्फ़ कामदेव साव 12 वर्ष पर मध्याह्न भोजन के दौरान विद्यालय में सब्जी से भरा डेग पलटने से झुलस गया. सहायक शिक्षक राकेश सिन्हा और समाजसेवी आफताब अंसारी के सहयोग से छात्र को इलाज हेतु सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया . स्वास्थ्य केंद्र में सहायक चिकित्सक डॉ जनेन्द्र कुमार और जीएनएम अनूप कुमार के सहयोग से छात्र का इलाज किया जा रहा है . डॉ जनेन्द्र ने कहा झूलसने के बाद छात्र पर पानी उड़ेला गया है, जिस कारण चेहरा,कन्धा ,छाती और हाथ का चमड़ी उचड़ गया है . छात्र की माता मुन्नी देवी पति कामदेव साव ने कहा उसके बेटे को शिक्षकों द्वारा विद्यालय में सब्जी से भरा डेग उठाने के लिए लगाया गया था. छोटा बच्चा डेग नहीं उठा सका और गर्म सब्जी भरा डेग उसके शरीर पर ही गिर गया. सब्जी गिरने पर झूलसने के बाद उसपर पानी का बाल्टी उड़ेला गया है . बेटे के झुलसने की सूचना उन्हें किसी अन्य द्वारा दिया गया, शिक्षकों ने सूचना तक उन्हें नहीं दिया . उन्होंने प्रसासन से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है. इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शर्मिला कुमारी ने बताया कि छात्र सब्जी का डेग नहीं उठा रहा है,भोजन के लिए सब्जी लेने गया था . किसी कारण उस पर गर्म सब्जी गिर गया था, जिससे वह हल्का झूलस गया है. तिसरी बीपीओ सह प्रभारी बीईओ अक्षय कुमार ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी पूर्व से नहीं थी. मामले की जांच कर लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी .

कोल प्रबंधन को करना होगा भू-विस्थापितों की समस्याओं का निदानः धनंजय

ललमटिया (शुभम संदेश)। ललमटिया कोयला खदान क्षेत्र व हुर्रासी परियोजना क्षेत्र के प्रभावित एवं विस्थापित गांव के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बोरियो विधायक धनंजय सोरेन ने राजमहल परियोजना के ऊर्जा नगर स्थित राजमहल हाउस में ग्रामीणों के साथ बैठक की. बैठक में ग्राम नीमकाला, केंदुआ, चित्ररकोठी, सिमड़ा, ललमटिया, हाहाजोर, लीलातरी, बसडीहा, बड़ाभोडाय, भादोटोला, ओबीसीडंप कॉलोनी सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण बैठक में शामिल हुए. बैठक में ग्रामीणों ने विधायक धनंजय सोरेन के समक्ष अपनी समस्याएं रखी. बैठक में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, नाला, फुटबॉल मैदान, खेल मैदान, जाहेरथान, जैसी मूलभूत सुविधा ईसीएल से उपलब्ध कराने की मांग ग्रामीणों ने विधायक से किया.

न्यूज अपडेट

चिरुडीह में आगजनी से हजारों की संपत्ति राख

बिरनी (शुभम संदेश)। बिरनी प्रखंड के बलगो पंचायत स्थित चिरुडीह गांव में आगजनी की घटना में हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई. दिन में लगी इस आग से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई . मिली जानकारी के अनुसार, चिरुडीह गांव निवासी हनीफ मियां, क्यूम अंसारी और कासिम मियां का घर इस आगजनी की चपेट में आ गया . ग्रामीणों ने बताया कि खलिहान के पास लगे ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद आसपास रखे पुआल में आग लग गई . देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कई खलिहान इसके चपेट में आ गए . आग की लपटों में कासिम मियां का करीब एक क्विंटल धान समेत पुआल पूरी तरह जलकर राख हो गया . वहीं हनीफ मियां और क्यूम अंसारी के भी खलिहानों के पास रखी पुआल आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए . ग्रामीणों का कहना है कि अचानक लगी आग से परिवारों को हजारों रुपये की क्षति हुई है . स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने की कोशिश की . तीन घंटे तक चलाए गए प्रयास के बाद कहीं जाकर आग पर नियंत्रण पाया जा सका . हालांकि, सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई .

स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की जयंती पर श्रद्धांजलि

कसमार (शुभम संदेश)। कसमार प्रखंड के ओरमो में स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की 164वीं जयंती पर शुक्रवार को करमाली कमार समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर राज्य के पेयजल व स्वच्छता एवं उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे. इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि करमाली कमार व लोहरा समाज को अपना हक अधिकार लेने के लिए सबसे पहले शिक्षित बनकर संघर्ष करना होगा. समाज के सभी लोगों को एकजुट बनकर समाज की बेहतरी के लिए सोंचना होगा. उन्होंने कहा कि जब धरती आबा बिरसा मुंडा के नेतृत्व में झारखंड के समस्त आदिवासी ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने के लिए गोलबंद हो रहे थे, उसी वक्त वीर शहीद कोंका कमार करमाली के नेतृत्व में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल के लोहरा करमाली जनजाति स्वतंत्रता आंदोलन में अलग तरह की भूमिका निभा रही थी. वीर कोका कमार के प्रभाव से आकर समस्त लोहरा करमाली जनजाति ने स्वतंत्रता आंदोलन में बाली लोहा का अस्त्र शस्त्र बनाकर बंगाल क्षेत्र में आपूर्ति की थी. इस अवसर पर कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, विधायक प्रतिनिधि शेरे आलम व बोधन राम करमाली सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया. इस दौरान पर स्थानीय कलाकारों ने गीत व नृत्य की भी प्रस्तुति की. मौके पर प्रकाश करमाली, कैलाश करमाली, मनोज करमाली, विजय करमाली, बुधन करमाली, किरानी करमाली, सोहेल अंसारी, सुभाष चंद्र ठाकुर, ऐनुल अंसारी, कुलदीप करमाली, रामप्रसाद करमाली, सिद्धेश्वर करमाली, नसरूल होदा, रमेश वर्मा, रियाज अंसारी व अन्य लोग मौजूद थे.

डालसा सचिव ने चलाया जागरुकता कार्यक्रम

हिरणपुर (पाकुड़)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ की ओर से शुक्रवार को हाथकाठी पंचायत भवन परिसर में न्याय का पहिया शिविर की आयोजन किया गया. जहां पहुंचे डालसा सचिव रूपा बन्दना किरो को मुखिया रगदा सोरेन व अन्य लोगो के द्वारा स्वागत किया. उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए डालसा सचिव ने सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा की बाल विवाह, डायन प्रथा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसी कुरीतियां समाज के विकास में बाधक है व इसे जड़ से मिटाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए. कुरीतियों से सभ्य समाज का निर्माण नही हो सकेगा. जिससे लोग शोषित हो रहे है. हमे लोगो को जागरूक करना नितांत आवश्यक है. उन्होंने जरूरतमंदों को आगे बढ़कर न्याय क्षेत्र में निः शुल्क दी जाने वाली सुविधाओं एवं हक दिलाने में साथ देने का वादा किया. वही पैनल अधिवक्ता नकीमुद्दीन शेख ने गरीब व वंचित परिवारों को दी जाने वाली कानूनी सुविधाओ की जानकारी दिया. बीपीओ ट्विंकल चौधरी ने मनरेगा सहित अन्य सरकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि लोगो को जागरूक कर इसकी लाभ उपलब्ध कराई जा रही है. इस अवसर पर पीएलवी पिंकी कुमारी सहित आंगनवाड़ी सेविका व ग्रामीण उपस्थित थे.

झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ का धरना शुरु

पाकुड़ (शुभम संदेश)। झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने बाजार समिति के समीप सड़क के सामने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. कर्मचारियों ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार उन लोगों को राष्ट्रीय मिशन प्रबंधन इकाई के तहत पर्याप्त सुविधा देने का निर्देश दिया है, लेकिन राज्य सरकार उसे लागू नहीं कर रही है. जिस कारण उन लोगों को समान काम के बदले समान वेतन सहित केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह सुविधा नहीं मिल रही है. हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि देश के कई राज्यों में राष्ट्रीय मिशन प्रबंधन इकाई के तहत राज्य आजीविका कर्मियों को सुविधा दी जा रही है, लेकिन झारखंड में यह सुविधा नहीं मिल रही है. जबकि उनलोगों ने इसके लिए कई बार आंदोलन किया. कर्मचारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन लोगों को आस्वस्थ किया था कि 15 नवंबर को उन लोगों की मांग को पूरा कर दिया जाएगा और केंद्र सरकार की तरह पर्याप्त सुविधाएं दी जाएगी. लेकिन उसे भी पूरा नहीं किया गया. जिस कारण विवश होकर वे लोग अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर रहे हैं. संघ द्वारा अपने 6 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के सामने नारेबाजी भी की गई. कर्मचारी लाल बिहारी गुप्ता ने कहा कि वे लोग पिछले कई वर्षों से झारखंड राज्य आजीविका मिशन के तहत कार्य कर रहे हैं. उन लोगों को केंद्र सरकार द्वारा जो सुविधाएं देने का निर्देश दिया गया है उसका अनुपालन राज्य में नहीं हो रहा है. संघ के अध्यक्ष ने कहा कि हमलोग अपनी मांगों को लेकर काफी दिनों से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार तथा प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है. झारखंड राज्य आजीविका मिशन के कर्मचारियों को अन्य राज्यों में प्रत्येक वर्ष 10% इंक्रीमेंट मिलता है लेकिन झारखंड में नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा - हम लोगों को गृह जिले में सेवा लेने का निर्देश दिया गया था, लेकिन यहां ऐसा नहीं हो रहा है. इसके अलावा भी काफी सुविधा नहीं मिल रही है. कहा की सरकार के सभी कार्यों में हमलोगों को लगाया जाता है और हम लोग ईमानदारी से भी काम करते हैं, लेकिन हमारी मांगे पूरी नहीं की जा रही है.

मनरेगा भंडार में व्याप्त अनियमितता को लेकर जांच की मांग

पाकुड़ (शुभम संदेश)। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल ने पाकुड़ जिले के अंतर्गत संचालित सभी मनरेगा भंडार (वेंडर/भंडारण इकाइयों) की व्यापक जांच की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा भंडारों की नियुक्ति में कई स्तरों पर सरकारी नियमों की अनदेखी की गई है, जिसके कारण पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं. अग्रवाल ने कहा कि वह जिला प्रशासन से यह मांग करेंगे कि जिन भी व्यक्तियों को मनरेगा वेंडर के रूप में नियुक्त किया गया है, उनकी नियुक्ति किस परिस्थिति और आधार पर की गई, इसकी संपूर्ण समीक्षा की जाए. उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान सभी संबंधित दस्तावेज, नियुक्ति प्रक्रिया, अनुमति पत्र, पात्रता मानदंड और चयन प्रक्रिया का खुलासा किया जाना चाहिए. सामाजिक कार्यकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि अनेक भंडारों द्वारा जमा किए गए जीएसटी की स्थिति स्पष्ट नहीं है. इसलिए सभी वेंडरों द्वारा अब तक कितना जीएसटी जमा किया गया है, इसका भी ब्योरा सार्वजनिक किया जाए और संबंधित दस्तावेज प्रशासन द्वारा जांचे जाएं. इसके साथ ही अग्रवाल ने मनरेगा योजनाओं के तहत विभिन्न भंडारों द्वारा सामग्री आपूर्ति में उपयोग किए गए वाहनों के नंबर तथा परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की मांग की है. सुरेश अग्रवाल ने जिला प्रशासन से अपील की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द जांच की कार्रवाई शुरू की जाए.

चास जोधाडीह मोड़ में जाम बना जंजाल, गोलम्बर बनाने की मांग

बोकारो (शुभम संदेश)। चास जोधाडीह मोड़ में जाम की स्थिति लोगों को लिए जी का जंजाल बन गया है. परेशानी कम होने का नाम ही नहीं ले रही. विक्रम महतो, धनबाद सांसद प्रतिनिधि ने एनएचएआई को पत्र प्रेषित कर जोधाडीह मोड़ पर गोलंबर बनाने की मांग की है. विक्रम ने पत्र में इस बात की उल्लेख की है कि चास नगर निगम क्षेत्र के सबसे प्रमुख चौक जोधाडीह मोड़ में चौतरफा जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है. हर आधे घंटे में जाम होते रहता है. यह चौराहा दो जिला (बोकारो, धनबाद), दो विधानसभा (बोकारो, चन्दनकियारी), दो राज्य (झारखण्ड, पं० बंगाल), को जोड़ता है. लगभग 24 घंटा गाड़ियों का आवागमन होते रहता है. खास कर सुबह 06 बजे से 10 बजे तक जिस समय बच्चे स्कुल जाने में लगे रहते है, कार्यालय में जाने का समय रहता है, और 12 बजे से 02 बजे, फिर 04 बजे से 07 बजे तक जाम की समस्या बनी रहती है. सड़क चौड़ीकरण के दौरान चौक निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण किया गया एवं संबंधित रैयत को मुआवजा भी प्राप्त हो चुका है. फिर भी एन एच ए आई द्वारा चौक का निर्माण नहीं किया गया. जिसके कारण आम-जनों, स्कुली बच्चों, एम्बुलेन्स, कार्यालय कर्मी, इत्यादि को आवागमण में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. साथ ही एन एच बनने के बाद सैकड़ों दुर्घटना हुए है जिसमें कई लोगों को जान भी गवानी पड़ी है. एनएचएआई तथा संबंधित विभाग जल्द से जल्द गोलम्बर बनाए ताकि लोगों को जाम से निजात मिल पाए. पत्र की प्रतिलिपि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को भी भेजी गई है.

मंथन

नीतीश कैबिनेट में सभी जातियों को मिली जगह

नीतीश कुमार की नई बिहार सरकार के मंत्रिमंडल को सामाजिक व जातिगत संतुलन का खास ध्यान रखते हुए बनाया गया है. कुल 26 मंत्रियों को शामिल कर उनकी टीम को इस तरह से आकार दिया गया है कि सभी प्रमुख जातियों और समुदायों को प्रतिनिधित्व मिले. कैबिनेट में उच्च जातियों (अपर जाति) के 11 मंत्री हैं-जिनमें राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण और कायस्थ समुदायों का समावेश है. ओबीसी (अन्य पिछड़ी जातियाँ) से 10 मंत्री हैं, जैसे कोएरी-कुशवाहा, कुर्मी, वैश्य और यादव. बहुचर्चित पिछड़ी (ईबीसी) और अति-पिछड़ी जातियाँ भी मंत्रिमंडल में अच्छी हिस्सेदारी पा रही हैं. इस समूह में मल्लाह, टेली, नोनिया, धनुक जैसी जातियों के प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं. दलितों (एससी) की भी मजबूत मौजूदगी है, जिनमें पासवान, रविदास, पासी और महादलित समुदायों के नेता शामिल हैं. इसके अलावा, एक मुस्लिम मंत्री भी केंद्रीय टीम में है. इस तरह, नीतीश की नई कैबिनेट में केवल एक या दो जातियों का ही वर्चस्व नहीं दिखता, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व ने जातिगत विविधता को प्राथमिकता दी है. यह कदम सामाजिक समावेशन की उम्मीद जगाता है और यह संदेश देता है कि सरकार बनाने में हर समुदाय को आवाज देने का इरादा है.

नजरिया

प्रेमाश्रय का निरीक्षण यानी संरक्षणात्मक सुधारों के संकेत

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने एक औचक निरीक्षण कर राज्य न्यायप्रणाली में अनुशासन, देखभाल और संस्थागत जिम्मेदारी की ताज़ा तस्वीर पेश की है. यह निरीक्षण कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करता है. सबसे पहले, चौहान ने राजधानी रांची में रह रही नाबालिग लड़कियों के लिए बनाए गए प्रेमाश्रय का अचानक दौरा किया. इस घर में रखी गई बच्चियों की सुरक्षा, सहारा, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता और उनके मनोवैज्ञानिक कल्याण जैसी स्थितियों का उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मूल्यांकन किया. उनकी मुलाकात बच्चियों से एक-एक करके हुई, जिसमें उन्होंने उनकी शिकायतें, जीवन की कठिनाइयां और घर वापसी की संभावनाओं पर खुलकर चर्चा की. इसके बाद उन्होंने डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (डीएलएसए) को निर्देश दिया कि एक महिला अधिकारी टीम बनाए ताकि वह निरंतर इन बच्चियों के साथ संपर्क बनाए रखें. चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि उन लड़कियों के लिए, जिनके माता-पिता अनुपस्थित हैं या उन्हें वापिस भेजना मुश्किल हो, फॉस्टर केयर या अन्य उपयुक्त विकल्पों पर त्वरित कदम उठाया जाना चाहिए. इसके अतिरिक्त, उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में भी सुबह-सुबह निरीक्षण किया. कोर्ट की साफ-सफाई और व्यवस्था का जायजा लिया गया, और न्यायालय कर्मचारियों से सीधे संवाद किया गया. बार एसो. ने उनके इस अचानक आने पर नाराजगी जताई, क्योंकि उन्हें पूर्व सूचना नहीं दी गई थी. इसके अलावा, चौहान ने चाईबासा व्यवहार न्यायालय का दौरा किया, जहां उन्होंने साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं की जांच की. इस तरह के निरीक्षण यह स्पष्ट करते हैं कि चीफ जस्टिस न्यायपालिका में सिर्फ़ कानूनी मामलों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे देखभाल, सामाजिक कल्याण और संस्थागत जवाबदेही को भी बराबर मायने देते हैं. उनके ये कदम व्यापक सार्वजनिक विश्वास को मजबूत करने के साथ-साथ संरचनात्मक सुधारों की दिशा में संकेत भी देते हैं.

सदन की मर्यादा जनप्रतिनिधि रख सकते हैं

विजय केसरी

झारखंड विधानसभा अपनी गौरवपूर्ण यात्रा के 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है. यह अवसर न केवल प्रांत की राजनीतिक परिपक्वता का प्रतीक है, बल्कि इस बात का भी द्योतक है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और सक्रियता ही किसी राज्य के विकास की आधारशिला होती है. ठीक सात दिन पूर्व झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदेश के विकास से जुड़ी कई नई योजनाओं की घोषणा की. किंतु इन सबके केंद्र में जो संस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है, वह है झारखंड विधानसभा, जिसे लोकतंत्र की आत्मा भी कहा जाता है.

विधानसभा; जनता का विश्वास और लोकतंत्र की धुरी : विधानसभा वह मंच है, जहां जनता की आकांक्षाएँ अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से अभिव्यक्त होती हैं. इसलिए सदस्यों का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि सदन की गरिमा, अनुशासन और मर्यादा को सर्वोच्च महत्व दिया जाए. लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों ही बराबर के स्तंभ हैं. विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों पर रचनात्मक सुझाव देना और आवश्यकतानुसार आलोचना करना भी है. लेकिन जब बहस की जगह शोर-शराबा, आरोप-प्रत्यारोप और अनर्गल टिप्पणियां ले लेती हैं, तब न केवल सदन का बहुमूल्य समय नष्ट होता है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया भी प्रभावित होती है—जिसका प्रतिकूल परिणाम सीधा जनता तक पहुंचता है. इसलिए यह अनिवार्य है कि हर सदस्य गंभीरता, सहिष्णुता और संयम के साथ सदन की कार्यवाही में भाग ले.

झारखंड विधानसभा की स्थापना; एक ऐतिहासिक क्षण : झारखंड राज्य का गठन 15 नवंबर 2000 को हुआ और इसके बाद 22 नवंबर 2000 को पहली झारखंड विधानसभा अस्तित्व में आयी. बिहार विधानसभा चुनाव 2000 में निर्वाचित वे विधायक, जिनके क्षेत्र झारखंड में आए, स्वतः पहली झारखंड विधानसभा के सदस्य बने. यह विधानसभा त्रिशंकु थी और किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ था. इंदर सिंह नामधारी इस नवगठित विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष बने. आज झारखंड विधानसभा एक अत्याधुनिक, विशाल और आकर्षक नवनिर्मित भवन में संचालित होती है, जो राज्य की नई पहचान बन चुका है.

उत्कृष्ट विधायक सम्मान; एक प्रेरक परंपरा : झारखंड विधानसभा अपनी स्थापना के प्रथम वर्ष से ही हर वर्ष एक विधायक को 'बिरसा मुंडा स्मृति उत्कृष्ट विधायक सम्मान' या उत्कृष्ट विधायक सम्मान प्रदान करती आ रही है. यह परंपरा न केवल विधायकों को बेहतर कार्य और स्वस्थ आचरण के लिए प्रेरित करती है, बल्कि सदन में एक सकारात्मक वातावरण भी तैयार करती है. अब तक सम्मान पाने वाले विधायकों की सूची इस प्रकार रही है- विश्वेश्वर खां, हेमलाल मुर्मू, राजेंद्र प्रसाद सिंह, लोकनाथ महतो, अन्नपूर्णा देवी, राधा कृष्ण किशोर, पशुपति नाथ सिंह, इंदर सिंह नामधारी, जनार्दन पासवान, रघुवर दास, लोबिन हेंब्रम, प्रदीप प्रसाद, स्टीफन मरांडी, विमला प्रधान, मेनका सरदार, नलिन सोरेन, रामचंद्र चंद्रवंशी, विनोद कुमार और रामचंद्र सिंह. इसके साथ ही हर वर्ष कपिलेश्वर प्रसाद स्मृति उत्कृष्ट विधानकर्मी सम्मान और उत्कृष्ट लोक सेवक सम्मान भी दिया जाता है.

राज सिन्हा-इस वर्ष के उत्कृष्ट विधायक : इस वर्ष उत्कृष्ट विधायक सम्मान के लिए धनबाद विधायक राज सिन्हा का चयन किया गया है. वे लगातार तीन बार धनबाद सीट से विजयी होकर विधानसभा पहुंचे हैं. 2014 में उन्होंने कांग्रेस नेता मन्नान मलिक को पचास हजार से अधिक मतों से हराया. 2019 में एक बार फिर मलिक को तीस हजार से अधिक मतों से पराजित किया. 2024 में तीसरी बार भाजपा ने उन पर भरोसा जताया और उन्होंने विश्वास बनाए रखते हुए जीत की हैट्रिक पूरी की. राज सिन्हा न केवल एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित हुए हैं, बल्कि सदन में भी उनके शांत, संतुलित और गंभीर व्यवहार को सराहा जाता है. वे विवादों से दूर रहते हुए नीतिगत बहस पर अधिक ध्यान देते हैं और यही उनकी सबसे बड़ी विशिष्टता है.

उत्कृष्ट विधायक चयन प्रक्रिया : उत्कृष्ट विधायक का चयन एक सुविचारित प्रक्रिया से होता है. 19 नवंबर को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक हुई. बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे. सर्वसम्मति से राज सिन्हा को चयनित किया गया. स्थापना दिवस पर संतोष कुमार सिंह, नीलम कुजूर, मोहम्मद शाहिद, राकेश कुमार सिंह, मंतूराम और रविंद्र पाल सहित कई अधिकारी और कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा. साथ ही पत्रकारों में से भी एक व्यक्ति को सम्मान देने का प्रावधान रखा गया है.

सदन की गरिमा, हर सदस्य की सामूहिक जिम्मेदारी : 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड विधानसभा के सभी सदस्यों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे—सदन की संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करेंगे, व्यक्तिगत टिप्पणियों और अनर्गल बयानों से दूर रहेंगे, जनता से जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती व गंभीरता के साथ उठाएंगे, सदन का वातावरण सकारात्मक, गरिमामय और कार्यशील बनाए रखेंगे, जनता अपने प्रतिनिधियों को न केवल अपनी आवाज बनने के लिए चुनती है, बल्कि लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी सौंपती है. राजनीति का मूल उद्देश्य जनसेवा होना चाहिए, न कि केवल सत्ता प्राप्त करना. इसलिए आवश्यक है कि मतदाता भी धर्म-जाति से ऊपर उठकर ऐसे जनप्रतिनिधियों को चुनें, जो ईमानदारी, संवेदनशीलता और विकास के संकल्प के साथ कार्य करें.

झारखंड विधानसभा की रजत जयंती इस अवसर का संदेश यही है—लोकतंत्र की प्रतिष्ठा तभी कायम रहेगी, जब सदन की मर्यादा सबसे ऊपर रखी जाएगी.

आज का इतिहास

1920 – 'हकीम अजमल ख़ान जामिया' के पहले चांसलर बने.
1963 – डलास (टेक्सास) में सं.रा. अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ़, केनेडी की हत्या.
1968 – मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली.
1971 – भारत-पाकिस्तान ने एक दूसरे की हवाई सीमाओं का उल्लंघन किया और दोनों देशों के बीच हवाई संघर्ष शुरू हुआ.
1975 – जुआन कार्लोस स्पेन के राजा बने.
1990 – ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर द्वारा त्यागपत्र की घोषणा.
1997 – भारत की डायना हेडेन विश्व सुंदरी बनी.
1998 – बांग्लादेश की विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन ने ढाका की अदालत में आत्मसमर्पण किया.

हनुमान जी ने साहस दिखाया, समुद्र किया पार

चिंतन

सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला सार्थक एक मेहनती और काबिल बच्चा था. उसके स्कूल में तैराकी (स्विमिंग) की प्रतियोगिता होने वाली थी. सार्थक भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता था, पर उसे तैरना बहुत मुश्किल लगता था. उसे लगता था कि वह एक अच्छा तैराक कभी नहीं बन पाएगा. उसकी क्लास के सभी बच्चे पूल में तैरने का अभ्यास कर रहे थे और वह चुपचाप खड़ा उन्हें देख रहा था. तभी अचानक पानी में एक व्हर्लपूल बना और सार्थक का दोस्त नचिकेता वहाँ आ गया. सार्थक आओ तैरते हैं, मज़ा आएगा! नचिकेता ने सार्थक को पूल में बुलाते हुए कहा. सार्थक बोला, नचिकेता तुम तो जानते ही हो कि मेरे लिए तैरना कितना मुश्किल है, मेरी साँस फूल जाती है और मैं बहुत जल्दी थक जाता हूँ. नचिकेता उछल कर पानी से बाहर आया और बोला, "तुम्हें पता है मैं भी पहले तैरने से बहुत डरता था पर फिर मैंने हनुमानजी की एक कहानी सुनी जिससे मुझमें बहुत हिम्मत आई. चलो मैं तुम्हें भी वो कहानी सुनाता हूँ. एक बार हनुमानजी अपने मित्रों के साथ भगवान श्री राम की पत्नी सीता माता की खोज पर निकले, जिन्हें लंका का राजा रावण उठाकर ले गया था. लंका नगरी समुद्र-पार थी. हनुमानजी और उनके दोस्तों के सामने एक बड़ी समस्या थी, इतने विशाल समुद्र को कैसे पार किया जाए. हनुमानजी के मित्र जामवंत उनसे बोले, तुम इस विशाल समुद्र को आसानी से पार कर सकते हो. जामवंत की बात सुनकर हनुमानजी हैरान हो गए और बोले, यह आप क्या कह रहे हैं! भला मुझ जैसा छोटा-सा वानर इतने विशाल समुद्र को कैसे पार कर सकता है." जामवंत मुस्कुराए और बोले, "तुम खुद को छोटा और कमज़ोर मत समझो, हनुमान. तुम बहुत शक्तिशाली हो. तुम्हें कई देवी-देवताओं से शक्तियाँ मिली हुई हैं, जिनके बारे में तुम भूल चुके हो. तुम बचपन में बहुत नटखट थे और अपनी शक्तियों से ऋषियों को परेशान किया करते थे. इसलिए एक ऋषि ने क्रोध में आकर तुम्हें श्राप दिया कि तुम अपनी सारी शक्तियाँ भूल जाओगे, पर किसी के याद दिलाने पर तुम्हें वो याद आ जाएँगी. जामवंत ने हनुमान को उनकी शक्तियाँ याद दिलाई. शक्तियाँ याद आते ही हनुमानजी ने श्रीराम का नाम लेकर उड़ान भरी और समुद्र पार कर लंका पहुँच गए.

X इंडिया पर ट्रेंडिंग

1. #Ashes2025 20K
2. #GlobalIndologyConclave
3. #winOPPOFindX9Pro 18K
4. #OPPOFindX9Series 18K
5. #earthquake
6. Starc 36K
7. Pratika Rawal At Invertis
8. Namjoon 37K
9. B. 7500mAh
10. England 104K

बहुरंग

'सिंगल पापा' में कुणाल का नया अवतार

बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू की बहुचर्चित आगामी सीरीज 'सिंगल पापा' का ऐलान हाल ही में किया गया था. अब दर्शकों के उत्साह को और बढ़ाते हुए निर्माताओं ने इसके पहले टीजर से पर्दा उठा दिया है. टीजर से साफ है कि यह सीरीज मनोरंजन, इमोशन और हल्के-फुल्के ड्रामा का तड़का लगाकर दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाने वाली है. जैसा कि पहले बताया गया था, इस सीरीज में कुणाल न सिर्फ अभिनेता की भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि निर्देशक के तौर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं. टीजर की शुरुआत कुणाल खेमू के किरदार गौरव गहलोत से होती है, जिनकी जिंदगी उस वक्त अचानक करवट लेती है जब उन्हें अपनी ही कार में एक अनजान छोटा बच्चा मिलता है. बच्चे को घर ले जाना, उसकी देखभाल, और फिर परिवार के भीतर खड़े होने वाले सवाल, इन सबके बीच गहलोत परिवार में शुरू हो जाता है एक दिलचस्प मिशन, ₹इस बच्चे की असली पहचान पता लगाओ! टीजर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, पारिवारिक तकरारें और इमोशनल मोमेंट्स का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलता है, जो यह संकेत देता है कि 'सिंगल पापा' एक ऐसा शो होगा जिसमें हंसी भी होगी और दिल को छू लेने वाले पल भी. कुणाल खेमू के अलावा सीरीज में प्राजक्ता कोली, मनोज पाहवा, आयशा रज़ा जैसे मजबूत कलाकार नजर आएंगे, जो कहानी में अपनी-अपनी भूमिकाओं से और भी रंग भरते दिखेंगे. 'सिंगल पापा' 12 दिसंबर 2025 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है.

अहान पांडे ने अनीत पड्डा संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

'सैयारा' फिल्म के जरिए रातों-रात सुर्खियों में आए अभिनेता अहान पांडे इन दिनों इंटरनेट के सबसे चर्चित चेहरों में शामिल हैं. दिलचस्प बात यह है कि उनकी ऑन-स्क्रीन परफॉर्मेंस से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रहती है. सोशल मीडिया पर अक्सर कयास लगाए जाते हैं कि अहान अपनी सह-अभिनेत्री अनीत पड्डा को डेट कर रहे हैं. हाल ही में फिल्म निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया ने इन अफवाहों को और हवा दे दी. अब अहान ने खुद इस रिश्ते की सच्चाई स्पष्ट कर दी है.

हाल ही में दिए इंटरव्यू में अहान ने अनीत के साथ रिश्ते की अफवाहों को खारिज किया और उन्हें सिर्फ अपनी अच्छी दोस्त बताया. अभिनेता ने कहा, ₹अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है. पूरा इंटरनेट यही सोच रहा है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं. केमिस्ट्री हमेशा रोमांटिक नहीं होती. यह सहजता, सुरक्षा और लोगों के नजर आने के बारे में है. हम दोनों ने एक-दूसरे को यह एहसास दिलाया है.₹ अहान ने आगे कहा कि भले ही अनीत उनकी गर्लफ्रेंड नहीं हैं, लेकिन उनकी दोस्ती कभी भी रोमांटिक रिश्ते में नहीं बदलेगी. दूसरी ओर, हाल ही में एक बातचीत के दौरान करण जौहर ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अभी इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर दोनों भविष्य में डेट करने वाले हों, तो अभी किसी को यह नहीं पता कि ऐसा होगा या नहीं.

नैनीताल में फिल्म 'दो दिल' की डेढ़ माह की शूटिंग पूरी

सुप्रसिद्ध अभिनेत्री दीया मिर्जा और अभिनेता राहुल भट्ट अभिनीत फिल्म 'दो दिल' की लगभग डेढ़ माह तक नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में चली शूटिंग का समापन हो गया है. अंतिम दिन नैनी झील में दिया मिर्जा पर नौकायन के दृश्य फिल्माये गये. इसके अतिरिक्त फिल्म में नगर की ठंडी रोड, मल्लीताल की बड़ा व खड़ी बाजार, अंडा मार्केट, सुख निवास, चाट पार्क, रोपवे केबिल कार, मॉल रोड तथा रूसी बाइपास के साथ भवाली के निकटवर्ती चांफी गांव एवं भवाली-रामगढ़ मार्ग स्थित हिमालाइका एस्टेट में शूटिंग हुई. हिमालाइका एस्टेट को फिल्म में दिया मिर्जा के घर के रूप में दिखाया गया और यहां लगभग एक सप्ताह तक शूटिंग हुई.

शेड्यूल को पूरा किया. फिल्म के रचनात्मक स्वरूप के अनुरूप एस्टेट की अनूठी बनावट, प्राकृतिक परिवेश और आंतरिक सज्जा के कारण इसे प्रमुख लोकेशन के रूप में चुना गया था. फिल्म में नगर के चारु तिवारी, संतोख बिष्ट,

कौशल साह जगाती, उमेश तिवारी 'विश्वास', दिनेश पांडे और अमेरिकन किड्ज स्कूल के दो बच्चे लक्ष्या व नवांग मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे.

धनुष संग काम के अनुभव पर बोलीं कृति सेनन

धनुष एक शानदार अभिनेता हैं

ए.आर. रहमान का म्यूज़िकल एल्बम 'तेरे इश्क में' इन दिनों लगातार ट्रेंड कर रहा है और ट्रेलर को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है. धनुष और कृति सेनन की नई जोड़ी को लेकर फैन्स बेहद रोमांचित हैं और रिलीज़ से पहले ही उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री फिल्म की बड़ी यूएसपी बनकर उभर रही है. इसी चर्चा के बीच कृति सेनन ने धनुष के साथ काम के अपने अनुभव पर खुलकर बात की. धनुष संग पहली बार काम को लेकर कृति ने कहा, धनुष एक शानदार अभिनेता हैं. मैं हमेशा से उनके टैलेंट और उनके क्राफ्ट की प्रशंसक रही हूं. अपने किरदारों पर उनकी पकड़ बेहद मजबूत है.

उन्होंने न सिर्फ अभिनय किया है बल्कि कई फिल्मों का निर्देशन भी किया है, इसलिए वह सीन के क्रिएशन और स्क्रीन पर उसकी प्रस्तुति को बहुत गहराई से समझते हैं. वो अपने किरदार में कई लेयर जोड़ते हैं, इसलिए उनके साथ काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित थी. मुझे पता था कि वो ऐसे को-एक्टर हैं जिनके साथ रिएक्ट करते हुए मैं अपनी एक्टिंग को और बेहतर कर पाऊंगी, और बिल्कुल ऐसा ही हुआ.₹

वे आगे कहती हैं, फिल्म में कई गहरे और लंबे सीन हैं, जो तभी असरदार बनते हैं जब दोनों कलाकार एक-दूसरे से ऊर्जा लेकर प्रदर्शन करें. धनुष बहुत सहयोगी और सपोर्टिव को-एक्टर हैं.

हमने मिलकर कई सुंदर और जादुई पलों को जन्म दिया, और कई बार सीन खत्म होने के बाद हम एक-दूसरे को देखकर कहते, 'ये वाला सच में बहुत अच्छा था!' उनके साथ काम करना बेहद सुखद अनुभव रहा और उम्मीद है भविष्य में हम और भी प्रोजेक्ट साथ करेंगे.₹ फिल्म का निर्माण आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने किया है, जबकि भूषण कुमार और कृष्ण कुमार सह-निर्माता हैं. इसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है और कहानी हिमांशु शर्मा तथा नीरज यादव ने लिखी है. ए.आर. रहमान के संगीत और इरशाद कामिल के बोलों से सजी यह फिल्म धनुष और कृति सेनन की मुख्य भूमिकाओं में 28 नवंबर 2025 को हिन्दी और तमिल में दुनियाभर में रिलीज़ होगी.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

मेष : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभांक-1-4-6

वृष : महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें. कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. कार्य भार बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करें. कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा. समय व्ययकारी सिद्घ होगा. शुभांक-2-5-7

मिथुन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. अच्छे समय इन्तजार करें. कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें. नैतिक दायरे में रहें. शुभांक-3-6-7

कर्क : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें. शुभांक-4-6-8

सिंह : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा. शुभांक-5-8-9

कन्या : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा. बुरी संगति से बचें. सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है. शुभांक-4-7-9

तुला : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. स्वास्थ्य पर ध्यान दें. शांतिपूर्वक कार्य करें. धार्मिक यात्रा का योग हैं. शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी. शुभांक-2-5-9

धनु : संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. शुभांक-4-6-8

मकर : मनोरथ सिद्घ होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. शुभांक-3-5-7

कुंभ : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. शुभांक-6-9-9

मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-3-6-7

न्यूज अपडेट

तीर्थयात्रियों से भरी बस 20 फीट गहरी खाई में गिरी, एक की मौत

पटना। मोकामा फोरलेन पर रविवार देर रात परधर्म-यात्रा कर रहे तीर्थयात्रियों का सफर अचानक चीख-पुकार में बदल गया, जब अयोध्या से लौट रही बस बरहपुर बाइपास पर 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी. हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. बस में कुल 45 तीर्थयात्री सवार थे, जो मधुबनी जिले से अयोध्या दर्शन कर सिमरिया धाम लौट रहे थे. जानकारी के अनुसार, शांत रास्ते और सामान्य गति के बीच अचानक चालक को नींद का झटका लग गया. मोड़ पर नियंत्रण छूटते ही बस तेज रफ्तार में सड़क छोड़कर सीधे खाई में समा गई. जोरदार धमाके की आवाज़ सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए. कई यात्री बस में फंसे थे, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से निकाला गया. सभी घायलों को एंबुलेंस से मोकामा ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां अफरा-तफरी का माहौल रहा.

जक्कनपुर थाना के एएसआई को घूसखोरी में चार साल की सजा

पटना। विजिलेंस अदालत ने जक्कनपुर थाना के तत्कालीन एएसआई अमरजीत कुमार को भ्रष्टाचार के एक पुराने मामले में दोषी पाते हुए चार साल की कैद और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है. वर्ष 2016 के इस मामले में उन पर आरोप था कि उन्होंने एक शिकायतकर्ता से केस डायरी को पीड़ित के पक्ष में लिखने के नाम पर 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि अमरजीत न केवल घूस मांग रहे थे, बल्कि मामले को उलझाकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहे थे. पीड़ित की शिकायत पर निगरानी विभाग ने ट्रैप लगाया और अमरजीत कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था. गुरुवार को अदालत ने सभी सबूतों और गवाहों के आधार पर उन्हें दोषी मानते हुए जेल भेजने का आदेश दिया. यह फैसला इस बात का संकेत है कि 'केस मैनेज' जैसे भ्रष्टाचार के खेल में शामिल पुलिसकर्मियों पर अब कोर्ट सख्ती बरत रही है. हाल के दिनों में बिहार पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल उठे हैं.

छापेमारी के दौरान युवक की डूबने से मौत

गया। बिहार में लागू शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है. इसी बीच गया जिले के राजाविगहा इलाके में एक्साइज विभाग की छापेमारी के दौरान एक बड़ी घटना सामने आई, जहां कार्रवाई से बचने के लिए एक युवक पानी से भरे आहर में कूद गया और डूबने से उसकी मौत हो गई. मृतक की पहचान टेगेनी गांव निवासी संतोष उर्फ संटू यादव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, झारखंड से मोटरसाइकिलों पर शराब की खेप लाए जाने की सूचना पर एक्साइज टीम पहले से घेराबंदी कर बैठी थी. कार्रवाई के दौरान कथित धंधेबाजों को खदेड़ने पर संतोष आहर में कूद पड़ा, जहां गहरे पानी में डूब गया. वहीं परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्पाद विभाग की टीम ने संतोष की पिटाई की और फिर उसे जबरन पानी में फेंक दिया. आरोपों के बाद स्थानीय लोग और परिजन आक्रोशित हो उठे और फतेहपुर–मोहनपुर मुख्य मार्ग को करीब छह घंटे तक जाम कर दिया. इस बीच, एक्साइज टीम एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार यादव को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई.

बिहार विस चुनाव में करारी हार के बाद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तोड़ी चुप्पी, कहा

एनडीए ने प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर वोट खरीदे

शुभम संदेश। पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने लंबी चुप्पी तोड़ते हुए मीडिया के सामने कई गंभीर आरोप लगाए और भविष्य की रणनीति का ऐलान किया. उन्होंने दावा किया कि एनडीए सरकार ने प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर 10-10 हजार रुपये में वोट खरीदे. पीके ने चेतावनी दी कि यदि छह महीने के भीतर महिलाओं के खातों में वादा किए गए 2-2 लाख रुपये नहीं पहुंचे, तो वे एक-एक मंत्री और अधिकारी का घेराव करेंगे. प्रशांत किशोर ने अपनी बड़ी घोषणा में जन सुराज अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जनता से आर्थिक सहयोग की अपील की. उन्होंने कहा कि हर नागरिक साल में कम से कम 1,000 रुपये का योगदान दे, चाहे तो इससे ज्यादा भी दे सकते हैं. पीके ने चेतावनी भरे अंदाज़ में कहा कि जो लोग इस अभियान को आर्थिक मदद नहीं देंगे, वे उनसे मिलने की उम्मीद न रखें. उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों में जो भी वे कमाएंगे, उसका 90% हिस्सा वे जन सुराज को समर्पित करेंगे. साथ ही उन्होंने घोषणा की कि पिछले 20 साल में अर्जित संपत्ति में से दिल्ली वाले घर को छोड़कर बाकी सब वे पार्टी को दान कर देंगे.

नीतीश कुमार के नवगठित मंत्रिमंडल पर हमला करते हुए पीके ने आरोप लगाया कि आपराधिक छवि वाले और कम पढ़े-लिखे लोगों को मंत्री बनाया गया है. उन्होंने कहा कि कुछ लोग सिर्फ इसलिए मंत्री बन गए क्योंकि उनके पिता मंत्री रह चुके थे. इसे उन्होंने "बिहार के घाव पर नमक" लगाने जैसा करार दिया. पीके ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ संकेत दिया है कि "हमने वोट खरीद लिया है, अब अपनी मर्जी चलाएंगे." वहीं अपनी हार पर आत्ममंथन करते हुए पीके ने चुनाव नतीजों के बाद पश्चिम चंपारण के भितिहरवा स्थित गांधी आश्रम में 24 घंटे का मौन व्रत रखा. जन सुराज के अनुसार यह मौन व्रत किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं था, बल्कि हार की ज़िम्मेदारी स्वीकार करने और जनता के संदेश को भीतर से समझने का प्रयास था. पीके पूरी रात वहीं बैठे रहे और जमीन पर ही सोते हुए नजर आए. प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने गांधी जी की प्रेरणा से अभियान को नए सिरे से शुरू करने की घोषणा की. उन्होंने बताया कि 15 जनवरी से वे बिहार के सभी 1,18,000 वार्ड और 550 प्रखंडों का दौरा करेंगे. 'बिहार नवनिर्माण संकल्प अभियान' के तहत अगले डेढ़ साल तक वे जनता से संवाद करेंगे और सरकार से वादों को पूरा कराने का दबाव बनाएंगे. पीके ने कहा कि जिन लोगों को 10 हजार रुपये मिले हैं, उन्हें वे 2 लाख रुपये दिलवाकर ही दम लेंगे. गौरतलब है कि इस चुनाव में जन सुराज ने सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी. लगभग 98% उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई. नतीजों के तीन दिन बाद प्रशांत किशोर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हार की पूरी जिम्मेदारी ली और जनता से माफी मांगी थी.

पिता के निधन के बाद डटे रहकर संगठन को फिर से खड़ा किया: चिराग

पटना। बिहार में नई सरकार बनने के बाद अब विभागों के बंटवारे का इंतज़ार है, लेकिन उससे पहले एलजेपी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी की स्थिति, बीते वर्षों की चुनौतियों और आने वाली रणनीतियों पर विस्तार से बात की. चिराग पासवान ने कहा कि 2009 पार्टी के लिए सबसे कठिन समय था, लेकिन 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में एलजेपी (आर) ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने बताया कि पिता रामविलास पासवान के निधन के बाद भी उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने के फैसले पर डटे रहकर संगठन को फिर से खड़ा किया. चिराग ने 2020 के विधानसभा चुनाव को पार्टी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया. एलजेपी (आर) ने उस चुनाव में एनडीए से अलग होकर 130 से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, हालांकि सिर्फ एक सीट मिली. चिराग ने कहा कि इस हार ने पार्टी को सीख दी और संगठनात्मक आधार को मजबूत किया. यही वजह है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में पार्टी 19 सीटें जीतकर मजबूती से उभरी. चिराग पासवान ने घोषणा की कि एलजेपी (आर) अपना स्थापना दिवस 28 नवंबर को पटना में भव्य रूप से मनाएगी. जनवरी में खरमास खत्म होने के बाद पार्टी पूरे राज्य की यात्रा शुरू करेगी. इस यात्रा का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं की पहचान और उनके समाधान पर काम करना होगा. उन्होंने यह भी कहा कि दलित सेना का पुनर्गठन किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी अरुण भारती को सौंपी गई है. चिराग की पार्टी से संजय कुमार पासवान (बखरी) और संजय सिंह (महुआ) ने मंत्री पद की शपथ ली है. महुआ के विधायक संजय सिंह ने तेजप्रताप यादव को हराकर जीत दर्ज की. चिराग ने कहा कि एलजेपी (आर) अब सिर्फ समर्थन नहीं दे रही, बल्कि सरकार का हिस्सा है. शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे, जहां चिराग ने जेपी नड्डा और जीतन राम मांझी से आशीर्वाद लिया.

सदाकत आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बवाल: टिकट वितरण में अनियमितताओं का आरोप

प्रदेश नेतृत्व के इस्तीफे की मांग तेज

शुभम संदेश। पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी के अंदर असंतोष खुलकर सामने आ गया है. पटना स्थित सदाकत आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टिकट वितरण में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा और नारेबाजी की. प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु पर टिकट बेचने के गंभीर आरोप लगाए और दोनों नेताओं के तत्काल इस्तीफे की मांग की. कार्यकर्ताओं का कहना था कि गलत और गैर-लोकप्रिय उम्मीदवारों को टिकट दिए जाने की वजह से पार्टी की यह दुर्दशा हुई है. कई नाराज सदस्यों ने आरोप लगाया कि टिकटों की कथित खरीद-फरोख्त ने कांग्रेस की विश्वसनीयता को गहरा नुकसान पहुंचाया है. प्रदेश नेतृत्व पर हमले के बीच प्रदर्शनकारी "वोट चोर गद्दी छोड़" और "टिकट चोर बाहर जाओ" जैसे नारे लगाते रहे. उनका कहना था कि यदि संगठन में जल्द बदलाव नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा. हंगामे के बीच पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया. वे जमीन पर बैठकर कार्यकर्ताओं से बातचीत करते रहे, लेकिन भीड़ उनकी बात सुनने को तैयार नहीं हुई. पप्पू यादव ने कार्यकर्ताओं से संयम रखने की अपील की, मगर नाराजगी इतनी अधिक थी कि उनका हस्तक्षेप भी बेअसर साबित हुआ.

इसी दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम भी सदाकत आश्रम पहुंचे. जैसे ही वे परिसर में दाखिल हुए, कार्यकर्ताओं ने उनके सामने नारेबाजी तेज कर दी. स्थिति को देखते हुए राजेश राम ने कहा कि जिन्हें टिकट वितरण को लेकर शिकायत है, वे सीधे पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से संपर्क कर सकते हैं. हालांकि उनकी अपील का प्रदर्शनकारियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा. गौरतलब है कि हाल में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस महज छह सीटों पर सिमट गई, जिससे महागठबंधन को भी बड़ा झटका लगा. चुनाव परिणामों ने फिर साबित किया है कि बिहार की राजनीति में धनबल, बाहुबल और जातीय समीकरण की भूमिका अभी भी बेहद प्रभावी है. रिकॉर्ड संख्या में आपराधिक मामलों वाले और करोड़पति उम्मीदवारों की जीत ने चुनावी प्रणाली और राजनीतिक माहौल पर नई बहस छेड़ दी है. कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि नेतृत्व समय रहते संगठनात्मक सुधार नहीं करता, तो पार्टी के सामने और बड़ी चुनौतियाँ खड़ी हो सकती हैं. सदाकत आश्रम की ये हलचल स्पष्ट संकेत देती है कि बिहार कांग्रेस में बदलाव की मांग अब उग्र रूप ले चुकी है.

भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप में सब इंस्पेक्टर निलंबित

सारण। सारण पुलिस ने कर्तव्य में घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की पुष्टि होने के बाद डोरीगंज थाना में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई में स्पष्ट किया गया है कि पुलिस विभाग अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करता रहेगा. लापता और कर्तव्य से अनुपस्थित सहायक अवर निरीक्षक अमित कुमार ने 12 नवंबर, 2025 को 10 दिनों के आकस्मिक अवकाश के लिए आवेदन दिया था. हालांकि उनका अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया था इसके बावजूद वह 17 नवंबर, 2025 से ड्यूटी से गैरहाजिर हैं. उनका मोबाइल फोन भी संपर्क से बाहर है. इस संबंध में डोरीगंज थाने में एक सनहा भी दर्ज की गई है. संपर्क और जांच के क्रम में एक यह भी पहलू सामने आया की मुसेपुर निवासी बबलू कुमार यादव ने अमित कुमार पर ₹50,000/- की अवैध मांग करने और उन्हें डराने-धमकाने का गंभीर आरोप लगाया था. निगरानी विभाग की सत्यापन जाँच में 04 नवंबर, 2025 को यह आरोप सत्य पाए गए. इसके आधार पर सहायक अवर निरीक्षक अमित कुमार के विरुद्ध निगरानी थाना कांड संख्या 96/25 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई है. सारण पुलिस द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन और निगरानी विभाग की जाँच रिपोर्ट को आधार मानते हुए सहायक सहायक और निरीक्षक अमित कुमार को 17 नवंबर, 2025 की तिथि से सामान्य जीवन-यापन भत्ता पर तत्काल निलंबित कर दिया गया है. उन्हें इस विभागीय कार्यवाही के विरुद्ध सात दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है. सारण पुलिस ने कहा है कि पुलिस एक अनुशासित संस्था है और इस प्रकार का आचरण उसकी छवि को धूमिल करता है.

वीआईपी नेता की गोली मार कर हत्या

पूर्वी चंपारण। जिले के दरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत तिनकोनी गांव में शुक्रवार की सुबह मुकेश सहनी के विकासशील इंसान पार्टी के एक नेता कामेश्वर सहनी (45) की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. घटना सुबह उस वक्त हुई जब कामेश्वर सहनी नित्यक्रिया से निवृत होने के बाद चापाकल पर मुंह-हाथ धो रहे थे,तभी अज्ञात अपराधियो ने पीछे से तीन गोली और गिरने के बाद कनपटी एक गोली मारी,चार गोली लगने से मौके पर ही कामेश्वर सहनी की मौत हो गई. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दरपा थाने की पुलिस को आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा झेलनी पड़ी, लोगो ने कुछ देर तक पुलिस को शव नहीं उठाने दे रहे थे.हालांकि समझाने बुझाने के बाद पुलिस ने शव अपने अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया.

भूमि विवाद में युवती पर जानलेवा हमला

सहरसा। सलखुआ थाना क्षेत्र में जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया. यहां युवती बीबी साबरा पर उसके फुफेरे भाई और फुआ ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया. आरोपियों ने युवती को ईंटों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. फिलहाल घायल युवती सहरसा सदर अस्पताल के महिला वार्ड में इलाजरत है और पुलिस से न्याय की गुहार लगा रही है.पीड़िता के अनुसार, वह सलखुआ थाना क्षेत्र के हरेवा वार्ड 15 की निवासी है. युवती ने बताया कि उसके पिता अब्दुल रब्बान की बहन (फुआ) और बहनोई का घर उसके पड़ोस में है, और इन्हीं से पिछले कई वर्षों से पांच कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है. बीबी साबरा ने पुलिस को बताया कि 19 नवंबर की शाम उसके फुफेरे भाई मो. नौशाद उर्फ फूनना ने उसका मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया. जब उसने ऐसा करने से रोका तो आरोपी फुआ, फुफेरे भाई और अन्य लोगों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया.

कारोबार

बैंकिंग सेक्टर की वित्तीय सेहत मजबूत, एनपीए में गिरावट जारी

नयी दिल्ली। देश के बैंकिंग सेक्टर की वित्तीय स्थिति मजबूत होती दिख रही है. केयरएज रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बैंकों के गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में लगातार गिरावट दर्ज की गई है. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का सकल एनपीए (जीएनपीए) अनुपात घटकर 2.1% हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 2.6% था. सकल एनपीए ₹4.05 लाख करोड़ पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 11.1% की गिरावट है. रिपोर्ट में बताया गया कि परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार का कारण मजबूत रिकवरी, कम नई स्लिपेज, उपयुक्त अपग्रेड और एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) को एनपीए की बिक्री है.

भारत-अफगानिस्तान के बीच हवाई मालवाहक सेवाओं की शुरुआत जल्द

नयी दिल्ली। भारत व अफगानिस्तान के बीच हवाई मालवाहक सेवाएं बहुत जल्द शुरू होने जा रही हैं. यह घोषणा भारतीय विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने अफगानिस्तान के वाणिज्य और उद्योग मंत्री अल-हज नूरुद्दीन अजीजी की भारत यात्रा के दौरान की. आनंद ने बताया कि काबुल-दिल्ली और काबुल-अमृतसर मार्गों पर हवाई माल ढुलाई गलियारा सक्रिय हो गया है. इस पहल से दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा और व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे. विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार सहयोग की निगरानी और समर्थन के लिए एक-दूसरे के दूतावास में व्यापार अताशे नियुक्त करने पर सहमति जताई.

अडानी एंटरप्राइजेज ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में अपनी 13% हिस्सेदारी बेच दी

लेंस बन गई अब बड़ी हिस्सेदार

एजेंसी। नयी दिल्ली

अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने अपनी सहायक कंपनी अडानी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) के जरिए एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में अपनी हिस्सेदारी बेचने का काम पूरा कर लिया है. एसीएल ने लेंस को एडब्ल्यूएल का 13% हिस्सा बेचा है. लेंस सिंगापुर की कंपनी विल्मार इंटरनेशनल लिमिटेड की पूरी तरह से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है. यह सौदा ऑफ-मार्केट हुआ और इसकी कुल कीमत 4,646 करोड़ रुपये रही. एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस, एफएमसीजी क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी है, जो खाने-पीने की जरूरी चीजें जैसे खाना तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें और चीनी बेचती है. कंपनी का सबसे लोकप्रिय ब्रांड फॉरच्यून है, जो 123 मिलियन घरों तक पहुंचता है. एडब्ल्यूएल के पास भारत में 70 से अधिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं, जिनमें हरियाणा के गोहाना में स्थित सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड फूड कॉम्प्लेक्स और गुजरात के मुंद्रा में पोर्ट-आधारित रिफाइनरी शामिल हैं. इन सुविधाओं से एडब्ल्यूएल को उत्पादन और वितरण में काफी आसानी होती है. 17 जुलाई को अडानी एंटरप्राइजेज ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया था कि एक शेयर खरीद समझौते के तहत एडब्ल्यूएल लिस्टेड कंपनी एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के 11% शेयर बेचने जा रही है. यह 14.30 करोड़ इक्विटी शेयरों के बराबर थे और लेंस द्वारा खरीदे जाने थे. इस समझौते के तहत कुल अधिकतम 20% शेयर, यानी 25.99 करोड़ इक्विटी शेयर बेचे जाने का प्रावधान था.

इस सौदे के बाद एसीएल के पास एडब्ल्यूएल का केवल 7% हिस्सा बचा है, जबकि लेंस के पास अब एडब्ल्यूएल का 56.94% हिस्सा हो गया है. बेची गई 13% हिस्सेदारी को 6.9 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयरों में विभाजित किया गया था और हर शेयर की कीमत 275 रुपये तय की गई थी. अडानी एंटरप्राइजेज ने स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी दी कि कंपनी, एसीएसल, एडब्ल्यूएल और लेंस ने मिलकर शेयरधारकों के समझौते को खत्म करने के लिए एक टर्मिनेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं. शेयर खरीद समझौते के तहत अडाणी कमोडोटीज ने 18 जुलाई को एडब्ल्यूएल के 10.42% शेयर, यानी 13,54,82,400 इक्विटी शेयर बेचे थे. यह सौदा स्टॉक एक्सचेंज पर ब्लॉक डील के माध्यम से हुआ था. इसके बाद एडब्ल्यूएल में एसीएल की हिस्सेदारी घटकर 25,99,35,721 इक्विटी शेयर रह गई, जो कि कुल जारी और भुगतान किए गए इक्विटी शेयर पूंजी का 20% है. एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस का व्यवसाय और वितरण नेटवर्क इसे भारत में एफएमसलीजी सेक्टर में मजबूत स्थिति देता है. कंपनी का फॉरच्यून ब्रांड देशभर में लोकप्रिय है और इसकी उत्पादन एवं वितरण सुविधाएं इसे बाज़ार में अग्रणी बनाए रखती हैं. शेयर बिक्री की खबर के बाद एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के शेयरों में 2% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई. इस तरह अडानी ग्रुप ने एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है, जबकि लेंस अब कंपनी की सर्वाधिक हिस्सेदारी वाली प्रमुख निवेशक बन गई है, जिससे कंपनी के भविष्य में रणनीतिक फैसलों में उसका बड़ा प्रभाव होगा.

भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में मजबूत बिक्री

नयी दिल्ली। भारत के रियल एस्टेट सेक्टर ने जुलाई-सितंबर तिमाही में मजबूत बुकिंग दर्ज की है, जबकि नई परियोजना की शुरुआत में गिरावट देखी गई है. नुवामा रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष 23 सूचीबद्ध डेवलपर्स की प्री-सेल्स वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में साल-दर-साल 31% बढ़कर लगभग 4.05 लाख करोड़ रुपये हो गई. यह वृद्धि प्रमुख बाजारों में लगातार मांग और खरीदारों की सक्रियता के कारण संभव हुई. रिपोर्ट में बताया गया है कि इस तिमाही में लॉन्च वॉल्यूम में शीर्ष 15 डेवलपर्स के बीच 61% की सालाना गिरावट हुई, बावजूद इसके कुल बिक्री में सुधार आया. यह बड़े डेवलपर्स की आक्रामक लॉन्चिंग के कारण संभव हुआ. डीएलएफ के मुंबई प्रोजेक्ट, गोदरेज प्रॉपर्टीज की नई पेशकश और प्रेस्टिज एस्टेट्स का मजबूत प्रदर्शन कुल बिक्री में अहम योगदान रहा. हालांकि, अन्य शीर्ष 20 डेवलपर्स की बिक्री केवल 3% बढ़ी, जो दर्शाता है कि मांग अभी भी चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में केंद्रित है.

भारत और इस्राइल ने मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता शुरू की

नयी दिल्ली। भारत और इस्राइल ने 20 नवंबर को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत शुरू करने के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस्राइल के अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्री नीर बरकत ने कहा कि दोनों देशों ने वार्ता में संवेदनशील क्षेत्रों को शामिल न करने पर सहमति बना ली है. उनका कहना है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है और इससे व्यापार में बड़ी वृद्धि की उम्मीद है. बरकत ने यह भी कहा कि कई इस्राइली कंपनियां भारत में विस्तार में रुचि रखती हैं, जिससे भारत उनके लिए एशिया में प्रवेश द्वार बन सकता है. उन्होंने भारत के बदलते कारोबारी परिदृश्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब लोग भारत में बड़े अवसरों को पहचान रहे हैं और देश चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने की अच्छी स्थिति में है. भारत और इस्राइल मई 2010 से इस तरह के समझौते पर बातचीत कर रहे थे.

केंद्र सरकार ने तमिलनाडु कैडर के नीरज मित्तल को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव किया नियुक्त

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों में सचिव स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किए हैं. सरकार ने वरिष्ठ नौकरशाह नीरज मित्तल को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव नियुक्त किया है. मित्तल तमिलनाडु कैडर के 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं, जो वर्तमान में दूरसंचार विभाग में सचिव के रूप में कार्यरत हैं. कार्मिक मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि नीरज मित्तल को पंकज जैन के स्थान पर नियुक्त किया गया है, जिन्हें पहले 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के सदस्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था. औषधि विभाग के सचिव अमित अग्रवाल को नीरज मित्तल के स्थान पर दूरसंचार सचिव नियुक्त किया गया है. मंत्रालय के जारी आदेश के अनुसार पर्यटन सचिव वी विद्यावती अब सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में सचिव होंगी. वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्रीवत्स कृष्ण नए पर्यटन सचिव होंगे, जो वर्तमान में अपने कैडर राज्य कर्नाटक में कार्यरत हैं. इसके अलावा भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी अग्रवाल के स्थान पर औषधि सचिव होंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव अतीश चंद्रा को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है. वह 28 फरवरी, 2026 को देवेश चतुर्वेदी की सेवानिवृत्ति के बाद कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि और किसान कल्याण विभाग में सचिव का पदभार संभालेंगे.

सेबी रियल एस्टेट के लिए बाजार में नई पहल पर विचार कर रहा

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने शुक्रवार को आरईआईटी और इनविट के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि नियामक रियल एस्टेट निवेश ट्रस्टों को बाजार सूचकांकों में शामिल करने पर विचार कर रहा है. उनका कहना था कि इस कदम से इस क्षेत्र में तरलता, दृश्यता और संस्थागत भागीदारी बढ़ेगी. इसके साथ ही रिट्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश ट्रस्ट्स तक म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ाने के उपाय भी किए जा रहे हैं. पांडे ने बताया कि आरईआईटी को इक्विटी और इनविट्स को हाइब्रिड उपकरण के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा. लिक्विड म्यूचुअल फंड्स के पूल का विस्तार करके रिट्स और इनविट्स दोनों में निवेश की अनुमति दी जाएगी. इससे सूचकांक में समावेशन के माध्यम से संस्थागत निवेश आकर्षित होगा और द्वितीयक बाजार की गतिविधियाँ मजबूत होंगी. उन्होंने यह भी कहा कि रिट्स और इनविट्स में रिटेल भागीदारी अभी कम है. निवेशक आधार बढ़ाने, नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाने और संचार में सुधार करने की आवश्यकता है. हालिया निवेशक सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि व्यक्ति वित्तीय जानकारी अपनी समझ में आने वाली भाषाओं में लेना पसंद करते हैं. यह पहल भारत के अवसंरचना वित्तपोषण के अगले चरण के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है और घरेलू तथा वैश्विक पूंजी आकर्षित कर सकती है.

आईएलएएंडएफएस ने चेनानी-नाशरी टनलवे लिमिटेड बेची

नई दिल्ली। कर्ज में डूबे आईएलएएंडएफएस ग्रुप ने अपनी सहायक कंपनी चेनानी नाशरी टनलवे लिमिटेड (सीएनटीएल) को बेच दिया है. इस डील से मिले 6,145 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी बैंकों का कर्ज चुकाने में करेगी. कंपनी ने इस डील के माध्यम से एसबीआई, केनरा बैंक और अन्य बैंकों के कर्ज का भुगतान किया है. 5,454 करोड़ रुपये सीधे बैंकों को कर्ज चुकाने में जाएंगे, जिससे बैंकों को कर्ज की रिकवरी 98% से 124% तक हुई है. सीएनटीएल जम्मू-कश्मीर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रोड टनल का संचालन करती है, जो भारत की सबसे बड़ी ऑपरेशनल रोड टनल है. यह 9 किलोमीटर लंबी सुरंग जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा है और उधमपुर जिले के चेनानी को रामबन जिले के नाशरी से जोड़ती है. सुरंग बनने से चेनानी से नाशरी की दूरी 41 किलोमीटर से घटकर केवल 10.9 किलोमीटर रह गई है. इससे पहले इस मार्ग को तय करने में ढाई घंटे लगते थे, जबकि अब केवल 10 मिनट में सफर पूरा हो जाता है. इस टनल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2017 में राष्ट्र को समर्पित किया था. आईएलएएंडएफएस ग्रुप का कहना है कि इस डील के बाद उसका कुल कर्ज समाधान 48,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि उसका ओवरऑल रेजॉल्यूशन टारगेट 61,000 करोड़ रुपये है. चेनानी-नाशरी टनल का संचालन अब क्यूब हाईवेज के हाथों में है. आईएलएएंडएफएस तेजी से अपने कर्ज कम करने की प्रक्रिया में लगा हुआ है और इस तरह की संपत्ति बिक्री उसके वित्तीय पुनर्गठन का हिस्सा है.

शेयर ग्रो की पैरेंट कंपनी बिलियनब्रेंस गैरेज वेंचर का सितंबर तिमाही का मुनाफा 12% बढ़ा

कंपनी ने 471.33 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया

एजेंसी। नयी दिल्ली

हाल ही में लिस्ट हुई ऑनलाइन ब्रोकरेज ग्रो की पैरेंट कंपनी बिलियनब्रेंस गैरेज वेंचर ने अपनी सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए हैं. कंपनी ने इस दौरान 12% की वृद्धि के साथ 471.33 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया. यह पिछले साल इसी तिमाही के 420.16 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़ोतरी को दर्शाता है. हालांकि, इस तिमाही में कंपनी के कुल रेवेन्यू में गिरावट देखी गई. सितंबर तिमाही में रेवेन्यू 1,018.74 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 1,125.38 करोड़ रुपये के मुकाबले लगभग 9.5% कम है. कंपनी ने

कुल 194 भारतीय खिलाड़ी बोली प्रक्रिया का हिस्सा होंगे, जिनमें 52 कैप्ड और 142 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल

277 खिलाड़ियों के बीच 73 स्लॉट के लिए कड़ी टक्कर

एजेंसियां । नई दिल्ली

महिला प्रीमियर लीग (टाटा डबल्यूपीएल) 2026 की प्लेयर ऑक्शन लिस्ट जारी हो चुकी है, और इस बार नीलामी में रोमांच पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है. कुल 277 खिलाड़ी नीलामी में हिस्सा लेने जा रही हैं, जबकि टीमों के पास केवल 73 स्लॉट उपलब्ध हैं. ऐसे में हर फ्रेंचाइजी को रणनीतिक सोच, सटीक चयन और टीम की जरूरतों के मुताबिक खिलाड़ियों को चुनने की चुनौती का सामना करना होगा. नीलामी का आयोजन 27 नवंबर को दिल्ली में होगा, जिसकी शुरुआत शाम 3:30 बजे मार्की सेट से की जाएगी.



टाटा डबल्यूपीएल 2026 ऑक्शन

भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा: जारी आंकड़ों के अनुसार, नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है. कुल 194 भारतीय खिलाड़ी बोली प्रक्रिया का हिस्सा होंगी, जिनमें 52 कैप्ड और 142 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं. भारतीय क्रिकेट में हाल के वर्षों में उभरी नई प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का यह मिश्रण नीलामी को और भी दिलचस्प बनाता है. पांचों फ्रेंचाइजियां अपने स्क्वॉड में भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुल 50 स्लॉट भर सकती हैं, इसलिए घरेलू खिलाड़ियों को बड़ा अवसर मिल सकता है.

विदेशी खिलाड़ियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा: विदेशी खिलाड़ियों में भी उत्साह काफी ज्यादा है. कुल 83 विदेशी खिलाड़ी सूची में शामिल हैं, जिनमें 66 कैप्ड और 17 अनकैप्ड खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है. विदेशी खिलाड़ियों के लिए 23 स्लॉट निर्धारित हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि टीमें विश्वस्तरीय अनुभव को अपनी योजनाओं में शामिल करने को लेकर गंभीर हैं.

बेस प्राइस ब्रैकेट में कड़ा मुकाबला: इस बार बेस प्राइस कैटेगरी भी चर्चा का बड़ा विषय बनी हुई है.

50 लाख के शीर्ष ब्रैकेट में 19 खिलाड़ी शामिल हैं.

40 लाख श्रेणी में 11 खिलाड़ी होंगे.

वहीं 30 लाख के बेस प्राइस में सबसे अधिक 88 खिलाड़ी मौजूद हैं.

ये आंकड़े बताते हैं कि कई स्टार खिलाड़ी उच्च मूल्य वर्ग में बोली लगने की उम्मीद के साथ नीलामी में उतरने वाली हैं.

मार्की सेट से होगी नीलामी की शुरुआत: नीलामी की शुरुआत मार्की सेट से होगी, जिसमें आठ दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं- दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह, सोफी डिवाइन, सोफी एक्लेस्टोन, एलिसा हीली, अमेलिया केर, मेग लैनिंग और लॉरा वोल्वार्ट. इन खिलाड़ियों पर बड़ी बोली लगने की संभावना है और इन्हें लेकर फ्रेंचाइजियों के बीच भारी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है.

फ्रेंचाइजियां बना रहीं संतुलित रणनीतियां: सभी टीमें अनुभव और युवा प्रतिभा का संतुलित संयोजन बनाने की ओर ध्यान दे रही हैं. पिछली सीज़नों से सीखते हुए, फ्रेंचाइजियों का फोकस ऐसे खिलाड़ियों पर होगा जो दबाव में प्रदर्शन कर सकें और टीम को मैच-विनिंग बढ़त दें. डबल्यूपीएल 2026 की नीलामी को लेकर प्रशंसकों और टीमों का उत्साह अपने चरम पर है. अब यह देखना बेहद रोचक होगा कि कौन से खिलाड़ी किस टीम में जगह बनाते हैं और यह नीलामी आने वाले सीज़न की तस्वीर को किस तरह बदलती है.

कांटे की टक्कर में बांग्लादेश-ए ने सुपर ओवर में भारत-ए को हराया

एजेंसियां । नई दिल्ली

एसीसी मेन्स एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के पहले सेमीफाइनल में भारत-ए और बांग्लादेश-ए के बीच रोमांचक मुकाबला शुक्रवार को दोहा के वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. दोनों टीमों ने 50 ओवर के मुकाबले में समान स्कोर 194/6 बनाए और मैच सुपर ओवर तक गया. सुपर ओवर में भारत की तरफ से जितेश शर्मा और रमनदीप सिंह बैटिंग के लिए उतरे. पहले ही ओवर में रिपन मोंडोल की पहली गेंद पर जितेश शर्मा बोल्ड हुए, वहीं अगली गेंद पर आशुतोष शर्मा कैच आउट हो गए. बांग्लादेश को जीत के लिए सिर्फ 1 रन की जरूरत थी. सुयश शर्मा ने बांग्लादेश के पहले ओवर में यासिर अली का विकेट लिया, लेकिन दूसरी गेंद पर वाइड फेंकने से बांग्लादेश ने जीत दर्ज कर ली. भारत की शुरुआत तूफानी रही. वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्य ने 3.4 ओवरों में 53 रनों की साझेदारी की. वैभव 15 गेंदों में 38 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल थे. प्रियांश आर्य ने 23 गेंदों में 44 रन बनाए. नमन धीर केवल 7 रन जोड़ सके. मैच के अंत तक जितेश शर्मा ने 33 और नेहाल वढेरा ने नाबाद 32 रन बनाकर टीम को सुपर ओवर तक पहुंचाया. अब बांग्लादेश-ए फाइनल में श्रीलंका-ए और पाकिस्तान शाहीन्स के दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा. भारत-ए का सफर यहीं समाप्त हुआ. पहले बैटिंग करते हुए बांग्लादेश-ए ने 6 विकेट पर 194 रन बनाए. ओपनर हबीबुर रहमान सोहन ने 3 चौके और 5 छक्के की मदद से 65 रनों का योगदान दिया.

गुवाहाटी टेस्ट से पहले कप्तानी को लेकर मिश्रित भावनाएं

"ये हालात अच्छे नहीं" ऋषभ पंत के बयान के मायने...

एजेंसियां . नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया की कमान संभालने जा रहे हैं. शुभमन गिल की गर्दन की चोट ने पंत को कप्तानी का मौका दिया, लेकिन वह इस स्थिति को आदर्श नहीं मानते. उन्होंने साफ कहा कि एक मैच की कप्तानी करना कोई पसंदीदा हालात नहीं है, लेकिन देश की कमान संभालना गर्व की बात है. पंत भारत के 38वें टेस्ट कप्तान बन गए हैं.

क्यों बोले पंत "ये सबसे अच्छी स्थिति नहीं है": पंत ने माना कि एकमात्र टेस्ट में कप्तानी मिलना थोड़ा असामान्य है. लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि वह इस बारे में अधिक सोच-विचार नहीं करना चाहते. उनका फोकस टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन कराना है. गिल की चोट ने टीम संतुलन को झटका दिया है, और इसी कारण पंत परिस्थितियों को 'आदर्श' नहीं मानते. उन्होंने कहा "कप्तानी में पारंपरिक सोच और आउट-ऑफ-द-बॉक्स आइडिया के बीच सही संतुलन ढूंढना पड़ता है. मैं खिलाड़ियों को आजादी देने वाला कप्तान बनना चाहता हूं."

गिल से की बात, पंत ने मजाक में दिया जवाब: पंत ने बताया कि उन्हें गुरुवार रात कप्तानी की आधिकारिक जानकारी दी गई. गिल से इस पर बातचीत के सवाल पर पंत ने हँसते हुए कहा, "मैं हर दिन गिल से बात करता हूं." इस जवाब में हल्के अंदाज के साथ उनकी सहजता और टीम के भीतर के रिश्ते झलकते हैं.

पंत का है मानना, गुवाहाटी में वापसी आसान नहीं: दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ना किसी भी टीम के लिए चुनौती होता है. पंत ने माना कि वापसी आसान नहीं होगी, खासकर तब जब पहले टेस्ट की कप्तानी के दौरान उनके कुछ फैसलों पर आलोचना हुई थी. कोलकाता टेस्ट में पिच टूट रही थी और उछाल असमान था, लेकिन पंत ने शुरुआती सत्र में तेज गेंदबाजों की बजाय स्पिनरों को तरजीह दी. इस रणनीति पर सवाल उठे क्योंकि इसी दौरान दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने अहम अर्धशतक जमाया.

पंत ने इस आलोचना पर कहा- "हर फैसले पर सवाल उठते हैं, यही कप्तानी की चुनौती है. तेज गेंदबाज भी विकल्प थे, लेकिन हमने स्पिन आजमाने का फैसला किया." गिल की जगह कौन खेलेगा, इस पर पंत ने खुलासा करने से इनकार किया. उन्होंने बस इतना कहा कि टीम लगभग तय है और जिन्हें खेलना है, उन्हें बता दिया गया है. दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर भारतीय बल्लेबाजों, खासकर बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ खतरनाक साबित हो सकते हैं. ऐसे में क्या भारत दाएं हाथ के बल्लेबाजों को प्राथमिकता देगा? इस पर पंत ने कहा- **कप्तान पंत-जिम्मेदारी और अवसर का संगम** हालात भले ही 'आदर्श' न हों, लेकिन ऋषभ पंत के सामने बड़ा मौका है टीम को बराबरी दिलाने और अपने नेतृत्व कौशल को साबित करने का. अब देखना है कि गुवाहाटी में पंत कितना 'आउट-ऑफ-द-बॉक्स' सोच पाते हैं और टीम इंडिया उनके नेतृत्व में कैसे प्रतिक्रिया देती है.

गुवाहाटी टेस्ट से पहले साउथ अफ्रीका को करारा झटका, कगिसो रबाडा पूरे भारत दौरे से बाहर

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार, 22 नवंबर से टेस्ट सीरीज का दूसरा और निर्णायक मुकाबला खेला जाएगा. भारत 0-1 से पीछे है, ऐसे में यह मैच उसके लिए "करो या मरो" जैसा है. लेकिन मुकाबले से ठीक पहले साउथ अफ्रीका को बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पूरे भारत दौरे से बाहर हो गए हैं. उनकी अनुपस्थिति से साउथ अफ्रीका की गेंदबाजी बेहद कमजोर पड़ सकती है.

रबाडा की चोट बनी भारी, पूरा दौरा हुआ खत्म : रबाडा को कोलकाता में ट्रेनिंग के दौरान पसलियों में खिंचाव आ गया था, जिसके कारण उन्होंने पहला टेस्ट भी नहीं खेला. उम्मीद थी कि वे गुवाहाटी में फिट होकर वापसी करेंगे, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार न होने पर क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने उन्हें पूरे दौरे से बाहर करने का फैसला लिया. सीएसए ने बयान जारी करते हुए बताया "रबाडा की चोट लगातार असहजता पैदा कर रही है, इसलिए उन्हें बाकी दौरे से बाहर कर दिया गया है. वह चार सप्ताह के रिहैब कार्यक्रम से गुजरेंगे और दूसरे टेस्ट के बाद स्वदेश लौट जाएंगे."

रबाडा न सिर्फ दूसरे टेस्ट से बाहर हैं, बल्कि 30 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे सीरीज और 9 दिसंबर से शुरू होने वाली टी20 सीरीज में भी नहीं खेल पाएंगे.

गेंदबाजी यूनिट पर पड़ेगा बड़ा असर पहले टेस्ट में साइमन हार्मर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट झटके थे. केशव महाराज भी स्पिन विभाग में मजबूत विकल्प हैं. तेज गेंदबाजी की बात करें तो मार्को जानसेन ने कोलकाता में पेस अटैक की अगुवाई की थी, जबकि वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश ने सहयोग निभाया. अब टीम को राहत इस बात की है कि तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी फिट होकर स्क्वॉड में वापस लौट चुके हैं और दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे.

दूसरे टेस्ट के लिए साउथ अफ्रीका का स्क्वॉड : एडेन मार्करम, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, डेवाल्ड ब्रेविस, काइल वेरेने (विकेटकीपर), साइमन हार्मर, मार्को जानसेन, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, सेनुरन मुथुसामी, जुबैर हमजा, वियान मुल्डर और लुंगी एनगिडी.

गुवाहाटी में होने वाला यह मुकाबला अब और भी दिलचस्प हो चुका है, क्योंकि दोनों टीमें चोटों से जूझते हुए मैदान में उतरेंगी.

भारत भी चोट से परेशान

दूसरी ओर भारतीय टीम भी चोट से जूझ रही है. कप्तान शुभमन गिल गर्दन की जकड़न के कारण बाहर हो चुके हैं और उनकी जगह ऋषभ पंत टीम की कमान संभालेंगे. भारत को हर हाल में जीत की जरूरत है ताकि सीरीज 1–1 से बराबर हो सके.

गिल की चोट से छिड़ी वर्कलोड बहस, गंभीर का सख्त संदेश,आराम चाहिए तो आईपीएल छोड़ो

एजेंसियां। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट में वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर चल रही बहस एक बार फिर गर्म हो गई है. कोलकाता टेस्ट के दौरान शुभमन गिल को अचानक हुई गर्दन की जकड़न (नेक स्पैज्म) के कारण उन्हें निर्णायक दूसरे टेस्ट से बाहर होना पड़ा. यह स्थिति न सिर्फ टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय बनी, बल्कि क्रिकेट जगत में यह सवाल फिर गूंज उठा, क्या भारत के शीर्ष खिलाड़ियों पर लगातार क्रिकेट का अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है?

लगातार क्रिकेट से बढ़ा भार: गिल पिछले दो महीनों से लगातार क्रिकेट खेलते आ रहे हैं. एशिया कप से लेकर घरेलू साउथ अफ्रीका सीरीज तक वे हर फॉर्मेट में टीम इंडिया का हिस्सा बने रहे. कप्तानी और उपकप्तानी की दोहरी जिम्मेदारियों ने उनके वर्कलोड को और बढ़ा दिया. ऐसे में ईडन गार्डन्स टेस्ट के दौरान उनका चोटिल होना बताता है कि निरंतर क्रिकेट शरीर पर कितना असर डाल सकता है.

गौतम गंभीर का दो-टूक बयान: इसी बहस के बीच पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर का सख्त रुख सामने आया है. आकाश चोपड़ा ने अपने कार्यक्रम में खुलासा किया कि गंभीर ने उनसे बातचीत में कहा, अगर वर्कलोड मैनेजमेंट चाहिए तो आईपीएल छोड़ दो. अगर कप्तानी का दबाव ज्यादा है, तो कप्तानी मत करो. लेकिन भारत के लिए खेलते समय फिटनेस या मानसिक थकान जैसे कारण नहीं चलेंगे.गंभीर का यह बयान इसलिए भी चर्चा का विषय है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वर्कलोड मैनेजमेंट भारतीय क्रिकेट का सामान्य हिस्सा बन चुका है. कई बड़े खिलाड़ियों को तीनों फॉर्मेट में आराम दिया जाता रहा है. लेकिन गंभीर का मानना है कि देश के लिए खेलने से पहले खिलाड़ी को हर प्रकार की प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए.

आकाश चोपड़ा ने किया समर्थन: आकाश चोपड़ा ने गंभीर की सोच का समर्थन करते हुए कहा कि बल्लेबाज के लिए फॉर्म एक अनमोल चीज है. जब खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो उसे रुकना नहीं चाहिए क्योंकि फॉर्म कब छिन जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं होती. चोपड़ा के अनुसार, जब तक खिलाड़ी गंभीर चोट या मानसिक थकान से न जूझ रहा हो, उसे मैदान में सक्रिय रहना चाहिए.

गिल की उपलब्धता पर संशय: शुभमन गिल की चोट को देखते हुए टीम प्रबंधन फिलहाल उन्हें कम से कम 10 दिन का आराम देने का विचार कर रहा है. हालांकि बीसीसीआई ने अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया है, लेकिन उम्मीद है कि गिल 30 नवंबर से शुरू होने वाली साउथ अफ्रीका ओडीआई सीरीज तक फिट हो जाएंगे. इस दौरे का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि ओडीआई के बाद होने वाली टी20 सीरीज में गिल की भूमिका बेहद अहम रहने वाली है.

एशेज के पहले दिन पर्थ में विकेटों की बारिश

स्टार्क का 'सत्ता', स्टोक्स का 'पंजा', 19 विकेट गिरने से रोमांच चरम पर

एजेंसियां। पर्थ

एशेज सीरीज 2025-26 के पहले टेस्ट ने पर्थ में पहले ही दिन ऐसा नज़ारा पेश किया, जिसने दशकों पुरानी यादें ताज़ा कर दीं. ऑप्टस स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में शुक्रवार (21 नवंबर) को कुल 19 विकेट गिरे-1909 के बाद पहली बार पहले दिन इतने विकेट गिरे. मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है, जहां दोनों टीमें लगभग बराबरी पर नज़र आ रही हैं.

इंग्लैंड पहली पारी में 172 पर ढेर, स्टार्क ने मचाई तबाही : टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम सिर्फ 172 रन बनाकर सिमट गई. ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एशेज इतिहास का अपना सर्वश्रेष्ठ स्पेल डालते हुए 7 विकेट झटके.

स्टार्क की पहली ही ओवर की छठी गेंद पर जैक क्राउली आउट हुए, जिसके बाद उन्होंने बें डकेट, जो रूट और अन्य बल्लेबाजों को भी

पवेलियन भेजकर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी. रूट का विकेट स्टार्क के एशेज करियर का 100वां विकेट था—इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वे पहले लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाज और कुल 21वें गेंदबाज बने. डेब्यूटेंट ब्रेंडन डॉगेट ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट लिए. इंग्लैंड के लिए ओली पोप (46) और हैरी ब्रूक (52) ने कुछ प्रतिरोध दिखाया, लेकिन स्टार्क की रफ्तार और सटीक लाइन-लेंथ के आगे कोई नहीं टिक सका.

ऑस्ट्रेलिया की पारी भी लड़खड़ाई, स्टोक्स का पंजा : जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी इंग्लैंड से कुछ बेहतर नहीं रही. पहली ही ओवर में जॉफ्रा आर्चर ने डेब्यू करने वाले जेक वेदराल्ड को LBW किया. इसके बाद लाबुशेन (9), स्मिथ (17) और ख्वाजा (2) लगातार आउट होते गए.

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 5 विकेट झटके. उन्होंने ट्रेविस हेड (21), कैमरन ग्रीन (24), मिचेल स्टार्क (12), एलेक्स कैरी और स्कॉट बोलैंड—सभी को आउट करके ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को बुरी तरह झकझोर दिया. स्टोक्स ने अपने अंतिम स्पेल में लगातार विकेट लेकर कंगारुओं को बैकफुट पर धकेल दिया.

स्टम्प्स तक ऑस्ट्रेलिया 123/9, मैच रोमांचक मोड़ पर : पहले दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 123/9 रन बना लिए थे. ब्रेंडन डॉगेट 0 और नाथन लायन 3 रन पर नाबाद हैं. कंगारू टीम अब भी 49 रन पीछे है और इंग्लैंड बढ़त के करीब है.

एशेज में मिचेल स्टार्क का इतिहास, 100 विकेट पूरे कर बने पहले लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाज

एजेंसियां। नई दिल्ली

एशेज 2025-26 की शुरुआत मिचेल स्टार्क के लिए बेहद खास रही. ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ऑप्टस स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट के पहले ही दिन स्टार्क ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जो एशेज इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ. इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को उन्होंने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच आउट करवाया, जो उनका एशेज में 100वां विकेट रहा. इसके साथ ही वे एशेज में 100 विकेट लेने वाले 21वें गेंदबाज और पहले लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाज बन गए.

स्टार्क की घातक गेंदबाजी : पहले दिन स्टार्क पूरी लय में नजर आए. उन्होंने सिर्फ 39 रन देकर इंग्लैंड के 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके. अनफिट पैट कमिंस और चोटिल जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में स्टर्क ने स्कॉट बोलैंड और डेब्यू कर रहे ब्रेंडन डॉगेट के साथ ऑस्ट्रेलियाई पेस अटैक की कमान संभाली और इंग्लिश बल्लेबाजी पर शुरू से दबाव बनाए रखा.

ऑस्ट्रेलिया के 13वें गेंदबाज बने : स्टार्क एशेज में 100 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के 13वें गेंदबाज

बन गए हैं. उन्होंने अपनी निरंतर गति, स्विंग और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण दिखाते हुए एक अनूठा स्थान हासिल किया. इससे पहले किसी भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने यह उपलब्धि नहीं पाई थी.

वसीम अकरम का रिकॉर्ड भी नजदीक : स्टार्क अब उस रिकॉर्ड की ओर भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसे लंबे समय से कोई नहीं छू पाया. पाकिस्तान के महान लेफ्ट-आर्म पेसर वसीम अकरम टेस्ट क्रिकेट में 414 विकेट के साथ दुनिया के सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं. मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अनुमान है कि स्टार्क इस एशेज सीरीज के दौरान यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं.

एशेज का पहला ही दिन स्टार्क के नाम रहा, और उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन ने सीरीज का रोमांच कई गुना बढ़ा दिया है.

बैडमिंटन | हमवतन खिलाड़ी आयुष को सीधे गेमों में 23-21, 21-11 से किया पराजित

ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन 2024: लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में

एजेंसियां। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के उभरते सितारे लक्ष्य सेन ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है. सिडनी में शुक्रवार को खेले गए रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने अपने ही हमवतन खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधी गेमों में 23-21, 21-11 से पराजित किया. यह जीत न केवल लक्ष्य के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली है बल्कि टूर्नामेंट में भारतीय उम्मीदों को भी मजबूती प्रदान करती है.

पहला गेम रहा कड़ा मुकाबला: मुकाबले की शुरुआत में ही यह साफ हो गया था कि दोनों खिलाड़ी जीत के लिए पूरी ताकत झोंकने वाले हैं. पहला गेम बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें आयुष शेट्टी ने लक्ष्य को कड़ी चुनौती दी. एक समय लक्ष्य 6-9 से पीछे थे, लेकिन लगातार चार अंक जीतकर उन्होंने 13-10 की बढ़त हासिल कर ली. इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक का अंतर लगातार घटता-बढ़ता रहा. मैच का तनाव तब चरम पर पहुंचा जब आयुष ने 21-21 की बराबरी कर ली, लेकिन लक्ष्य ने दो महत्वपूर्ण पॉइंट जीतते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया.

दूसरे गेम में लक्ष्य का एकतरफा वर्चस्व: दूसरे गेम में स्थिति बिल्कुल बदल गई. लक्ष्य सेन ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए 6-1 की मजबूत बढ़त बनाई. आयुष इस लय को तोड़ने में पूरी तरह नाकाम रहे और लक्ष्य का नियंत्रण बढ़ता गया. स्कोर जल्द ही 15-7 हो गया और आयुष की चुनौती कमजोर पड़ती गई. अंततः लक्ष्य ने दूसरा गेम 21-11 से जीतकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया. यह मुकाबला कुल 53 मिनट तक चला.

सेमीफाइनल में चाउ तिएन चेन से भिड़ंत: सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना चीनी-ताइपे के दूसरे वरीय चाउ तिएन चेन से होगा. विश्व रैंकिंग में नंबर 9 पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता तिएन चेन ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया. खास बात यह है कि इसी टूर्नामेंट में अल्वी ने भारत के अनुभवी खिलाड़ी एच.एस. प्रणय को हराकर बड़ा उलटफेर किया था. ऐसे में यह मुकाबला लक्ष्य के लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है.

पुरुष एकल में भारत की आखिरी उम्मीद: लक्ष्य सेन अब इस टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग में भारत की आखिरी उम्मीद हैं. भारत के दिग्गज खिलाड़ी प्रणय और किदांबी श्रीकांत शुरुआती दौर में ही बाहर हो चुके हैं, जिसके बाद लक्ष्य की जिम्मेदारी और बढ़ गई है.

सात्विक-चिराग की भी बड़ी परीक्षा: इसके साथ ही भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी क्वार्टर फाइनल में उतरेंगी. उन्होंने चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिंग हेंग और वू गुआन शुन को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी. अब उनकी भिड़ंत पांचवीं वरीय इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहेबुल फिकरी से होगी. लक्ष्य सेन के दमदार प्रदर्शन ने टूर्नामेंट में भारतीय उपस्थिति को जीवंत बनाए रखा है. अब सभी की निगाहें उनके सेमीफाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां उनसे एक और शानदार जीत की उम्मीद है.

दिल्ली की जहरीली हवा का क्रिकेट पर असर बीसीसीआई ने बदला अंडर-23 टूर्नामेंट का वेन्यू

एजेंसियां। नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है. जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में गंभीर दिक्कत हो रही है. कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया है. ऐसे हालात में जहाँ आम जिंदगी प्रभावित हो रही है, वहीं खेल जगत भी इससे अछूता नहीं रहा. दिल्ली की जहरीली हवा का असर अब क्रिकेट पर साफ दिखाई दे रहा है.

बीसीसीआई का बड़ा फैसला, वेन्यू हुआ शिफ्ट: खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई ने अंडर-23 मेन्स वनडे टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच दिल्ली में न कराने का फैसला लिया है. ये मुकाबले अब मुंबई में खेले जाएंगे. बीसीसीआई ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से अनुरोध किया है कि वे 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक नॉकआउट मैचों की मेजबानी के लिए तैयार रहें. वहीं, टूर्नामेंट का लीग स्टेज 21 नवंबर को वडोदरा में समाप्त होगा, जिसके बाद आठ टीमें नॉकआउट राउंड में उतरेंगी. नया शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा. एमसीए के एक अधिकारी ने बताया कि बीसीसीआई का फोन आया था और प्रदूषण के कारण टूर्नामेंट शिफ्ट किए जाने की जानकारी दी गई.

पहले भी प्रभावित हुआ है दिल्ली का क्रिकेट शेड्यूल: यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली का प्रदूषण क्रिकेट के रास्ते में बाधा बना हो. कुछ समय पहले बीसीसीआई ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच दिल्ली से हटाकर कोलकाता कर दिया था. हालांकि अक्टूबर में भारत–वेस्ट इंडीज टेस्ट मुकाबला दिल्ली में हुआ था, लेकिन तब प्रदूषण का स्तर इतना भयावह नहीं था.

2017 का मैच आज भी याद: दिसंबर 2017 में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच हुआ टेस्ट मैच आज भी लोगों की यादों में ताज़ा है. उस मुकाबले में श्रीलंकाई खिलाड़ी मास्क पहनकर मैदान में उतरे थे. एक्यूआई करीब 400 के आसपास पहुंच गया था और हवा इतनी खराब थी कि गेंदबाज लाहिरु गमागे को सांस लेने में दिक्कत हुई और खेल लगभग 17 मिनट के लिए रोकना पड़ा. यहां तक कि तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल को उल्टी और घबराहट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा. स्थिति ऐसी हो गई थी कि श्रीलंका के पास सिर्फ 10 फिट खिलाड़ी ही बचे थे और ड्रेसिंग रूम में ऑक्सीजन सिलेंडर तक मंगवाए गए थे.

चितरपुर में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम, गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने पर जोर

शुभम संदेश। रामगढ़

चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बोरोविंग पंचायत भवन में शुक्रवार को 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी ने किया, साथ ही विशिष्ट अतिथि सीओ दीपक मिंज, मुखिया बसंती देवी और झामुमों के केंद्रीय सदस्य चित्रगुप्त महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. ममता देवी ने कहा कि गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार का दायित्व है, और इसी उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है. मुखिया बसंती देवी ने कहा कि संबंधित स्टॉल पर पदाधिकारी अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की आवश्यकता है. बीडीओ एवं सीओ दीपक मिंज ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी और लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की. कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक कुमार विवेक सिंह ने किया. मौके पर बीपीओ नितिन कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा, पंचायत सेवक अजय मरांडी, बीपीआरओ बिनोद करमाली, रोजगार सेवक बिनोद कुमार, मो इरशाद, एकरामूल हक, राजकपूर राम, युगेश महतो सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉलों में सामाजिक सुरक्षा, लगान रसीद (आय, जाति, आवासीय) प्रमाण पत्र, मनरेगा, अबुआ आवास योजना, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, कृषि विभाग, कौशल विकास योजना, शिवा प्रोटेक्शन फोर्स, जेएसएलपीएस, खाद्य आपूर्ति, समेकित बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग शामिल थे. इन स्टॉलों पर उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याओं और योजनाओं के लिए आवेदन जमा किए.

भेलवारा पंचायत में "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा" शिविर का शुभारंभ

विष्णुगढ़। भेलवारा पंचायत में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा" के तहत विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया. शिविर में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की अच्छी-खासी भीड़ रही. शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुँचाना है. मौके पर विभागीय कर्मियों ने ऑन–स्पॉट जाँच, स्वीकृति और निबंधन की प्रक्रिया भी शुरू की. ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताया और कहा कि अब सरकारी सेवाएँ आसानी से पंचायत स्तर पर उपलब्ध हो रही हैं. प्रशासन ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में ऐसे शिविरों के माध्यम से और अधिक लाभुकों को सेवाएँ प्रदान की जाएँगी.

रिमी पंचायत में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ, ग्रामीणों ने उठाया लाभ

लावालौंग। प्रखंड के रिमी पंचायत में शुक्रवार को 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन एसडीओ सन्नी राज, बीडीओ सह सीओ बिपिन भारती और मुखिया सुगी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.

शिविर में लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए और ग्रामीणों की भारी भीड़ ने भाग लिया. ग्रामीणों ने विभिन्न प्रमाण-पत्रों और सेवाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए. ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण के माध्यम से आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया गया और मौके पर ही कई शिकायतों का निवारण किया गया. जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, भूमि मापी और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी सेवाओं को प्राथमिकता दी गई.

इस कार्यक्रम से जनता और सरकार के बीच दूरी कम हुई और नागरिकों को सरकारी सेवाओं का सुगम और समयबद्ध लाभ मिलने का अवसर मिला. मौके पर बीपीओ, रोजगारसेवक, पंचायत सेवक, मुखिया पति जगदीश यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अवधेश कुमार यादव और उपाध्यक्ष विकास कुमार यादव सहित कई लोग उपस्थित थे.

रामगढ़ जिले में 21 से 28 नवम्बर तक पंचायतों में आयोजित होगा सेवा का अधिकार सप्ताह

रामगढ़। राज्य सरकार ने जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों में 21 से 28 नवम्बर 2025 तक ₹आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार – सेवा का अधिकार सप्ताह₹ आयोजित करने का निर्णय लिया है. यह कार्यक्रम विशेष रूप से ₹झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011₹ को प्राथमिकता देते हुए आयोजित किया जाएगा. इस दौरान पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर अधिनियम में सूचीबद्ध विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ आमजनों को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाएगा. शिविरों में जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, दाखिल–खारिज मामलों का निष्पादन, भूमि मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जाएंगे. साथ ही, आम जनों से अन्य सेवाओं और लोक–कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन भी लिए जाएंगे. प्रत्येक आवेदन को पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और शिकायतों का ऑन–द–स्पॉट निवारण करते हुए समाधान कागजात एवं आवेदक की तस्वीर अपलोड की जाएगी. आवेदनों की ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से की जाएगी, जिससे समय–सीमा के भीतर सभी शिकायतों का निष्पादन सुनिश्चित होगा. इस पहल से सरकारी सेवाओं की सहज उपलब्धता और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी.

केरेडारी में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन, जनता ने किए 190 से अधिक आवेदन

केरेडारी प्रखंड के पंचायत भवन में झारखंड के रजत समारोह के अवसर पर 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख सुनीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, अंचलाधिकारी राम रतन वर्णवाल, दक्षिणी जिला परिषद सदस्य अनीता सिंह, उप प्रमुख अमेरिका महतो एवं मुखिया सोनिया देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया.

शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहाँ जनता ने विभिन्न समस्याओं और योजनाओं के लिए आवेदन जमा किए. इस अवसर पर अंचलाधिकारी राम रतन वर्णवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम जन समस्याओं के समाधान और योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है. शिविर में मजदूरों को जॉब कार्ड और अन्य योजनाओं के तहत 190 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 'माय्या समान योजना' के लिए 220 आवेदन आए. लेकिन 'माय्या सम्मान योजना' का पोर्टल खुला नहीं था, जिससे महिलाएं हताश दिखाई दीं. इस दौरान पंचायत सेवक रोहित कुमार, रोजगार सेवक अनीश कुमार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, बैजनाथ महतो, पंकज साहा सहित कई पुरुष और महिलाएं उपस्थित थे.

चौपारण और ताजपुर पंचायत में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम

चौपारण प्रखंड के चौपारण और ताजपुर पंचायत भवन परिसर में बीडीओ नितेश भास्कर और सीओ संजय कुमार यादव के नेतृत्व में ₹आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन चौपारण-2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, चौपारण मुखिया पिंकी देवी और ताजपुर मुखिया उषा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. अतिथियों का माला और बुके देकर स्वागत किया गया.

शिविर में अबुआ आवास, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई. विभागवार स्टॉल लगाए गए और आम लोगों के आवेदन जमा किए गए. आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया. चौपारण पंचायत में 564 आवेदन जमा हुए, जिनमें 8 का निष्पादन हुआ और 555 पेंडिंग रखे गए. ताजपुर में 334 आवेदन सभी पेंडिंग में रखे गए.

"हमारी छात्रवृत्ति कौन देगा?"-छात्रवृत्ति बकाया पर छात्रों ने निकाला अधिकार मार्च

केंद्र और राज्य सरकार की फंडिंग विवाद नुकसान गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों को

हजारीबाग। झारखंड प्रदेश में छात्रवृत्ति वितरण पर गंभीर संकट गहराता जा रहा है. हजारीबाग, रांची सहित अन्य जिलों के लाखों छात्र समय पर छात्रवृत्ति न मिलने के कारण अपनी पढ़ाई में बाधित होने की कगार पर हैं. कल्याण विभाग के अनुसार हजारीबाग में 70,246 छात्रों ने आवेदन किया, लेकिन केवल 3,700 छात्रों को ही छात्रवृत्ति मिली, जिसमें अधिकांश छात्र इंटर और स्नातक स्तर के हैं. समय पर छात्रवृत्ति न मिलने से फीस, हॉस्टल चार्ज, किराया, किताबें और अन्य शैक्षणिक खर्च प्रभावित हो रहे हैं.

इस गंभीर स्थिति को लेकर छात्रवृत्ति अधिकार मंच के नेतृत्व में अभिषेक राज कुशवाहा ने हज़ारीबाग में निर्मल महतो पार्क से समाहरणालय तक छात्रवृत्ति अधिकार मार्च निकाला. मार्च में शामिल छात्रों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और "छात्रवृत्ति तुरंत जारी करो, हमारी छात्रवृत्ति कौन देगा" की मांग जोरदार तरीके से उठाई. अभिषेक राज कुशवाहा ने कहा कि 2024-25 की छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित है, केवल 10% छात्रों को राशि मिली है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो संघर्ष और व्यापक होगा.

छात्र नेता जीवन यादव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की फंडिंग विवाद और प्रशासनिक लापरवाही का सबसे बड़ा नुकसान गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों को हो रहा है. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार छात्रवृत्ति राशि 35,000 से 1,00,000 रुपये तक बढ़ा रही है, जबकि केंद्र सरकार मात्र 20,000 रुपये दे रही है, जिससे वितरण प्रक्रिया रुकी हुई है.

मार्च में उपस्थित छात्रों ने डीसी कार्यालय के माध्यम से राज्य सरकार, केंद्र सरकार और उच्च शिक्षा विभाग से तत्काल छात्रवृत्ति भुगतान शुरू करने की मांग की. इसमें आदर्श आनंद, लवकुश, राजेश महतो, गोलू पासवान, सोनू मेहता, युवराज संकेत, पुरुषोत्तम प्रताप, सिद्धार्थ मेहता, जयवर्धन कुशवाहा, राजा, शाहबाज, गुलाम सर्वर, निर्जला, रजनीश, धीरज, आकाश, कृति, पायल, सूर्यकांत, रविन्द्र पासवान, राहुल पासवान सहित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पीजी सेंटर, अन्नदा कॉलेज, के.बी महिला महाविद्यालय और मारखम कॉलेज के सैकड़ों छात्र शामिल थे.

छात्रों का स्पष्ट संदेश था कि यदि छात्रवृत्ति जल्द नहीं दी गई, तो उनकी पढ़ाई आर्थिक कठिनाई के कारण प्रभावित होगी, और वे चुप नहीं बैठेंगे.

चौपारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

दो फरार और प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

शुभम संदेश। चौपारण

चौपारण पुलिस ने हाल ही में दो अलग-अलग मामलों में फरार और प्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की बड़ी कार्रवाई की. इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश गया. पहले मामले में, तीन वर्षों से फरार चल रहे बीरबल साव, पिता स्वर्गीय चरण साव, निवासी मयूरहंड को जमीन दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी के मामले (चौपारण थाना कांड संख्या 34/25) में गिरफ्तार किया गया. समाजसेवी अनिल सिंह की शिकायत पर दर्ज इस मामले में आरोपी रुपये लेने के बाद धमकी देकर फरार हो गया था. थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि तकनीकी निगरानी और लगातार खोजबीन के बाद आरोपी को नोएडा (दिल्ली) से दबोचा गया. दूसरे मामले में, चौपारण थाना कांड संख्या 317/25 (दिनांक 20 नवंबर 2025) के प्राथमिक अभियुक्त राम प्रकाश रवानी, पिता स्वर्गीय रामस्वरूप रवानी, निवासी हथिया (चौपारण), को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया. पुलिस ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया. पुलिस ने कहा कि दोनों मामलों में कानूनी प्रक्रिया तेजी से जारी रहेगी और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई प्राथमिकता में रहेगी.

झारखंड स्थापना दिवस पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन, 51 यूनिट रक्त एकत्रित

हजारीबाग। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया. विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस सामाजिक कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. शिविर का संचालन आईक्यूएसी और एनएसएस इकाई के सहयोग से किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने स्वयं रक्तदान कर की. कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जो

जरूरतमंद मरीजों के लिए अमूल्य योगदान साबित होगा. डॉ. गोविंद ने कहा कि रक्तदान केवल मानव सेवा नहीं, बल्कि मानवता का सबसे बड़ा उत्सव है. कुलपति प्रो. पी.के. नायक ने कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं में सामाजिक जागरूकता बढ़ाते हैं, वहीं समकुलपति डॉ. गौरव शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ मानवीय मूल्यों का भी संवर्धन करता है. छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. एस.आर. रथ और एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रिति कुमारी ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की.

अवैध खनन पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, प्राथमिकी दर्ज

रामगढ़। जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने अधिकारियों को योजनाबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया. इसी क्रम में रजरप्पा थाना अंतर्गत कुल्ही चौक पर एक ट्रैबरो वाहन जिसमें 200 घनफुट पत्थर चिप्स लदे थे, को जप्त किया गया. वाहन चालक और मालिक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. साथ ही, पीटीपीएस रोड नंबर 4 के पास सौंदा-पतरातु मार्ग से बालू लदे हाईवा को बिना परिवहन चालान के जप्त किया गया, जिसमें लगभग 1000 घनफुट बालू पाया गया. इसके अलावा, पतरातु-खैरा मांझी रोड स्थित सावित्री पेट्रोल पंप के पास हाईवा भी बिना चालान के जप्त किया गया. दोनों हाईवा वाहनों के संबंध में खनन राजस्व की हानि और खान एवं खनिज अधिनियम के तहत वाहन मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

अनावरण | बड़कागांव में हरली पंचायत में 26 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज का भूमिपूजन

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में है यह ऐतिहासिक कदम

शुभम संदेश। बड़कागांव

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा. क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हरली पंचायत स्थित ग्राम हरली में डिग्री कॉलेज के निर्माण का विधिवत् भूमिपूजन संपन्न हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विशेष अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी उपस्थित रहे. दोनों नेताओं ने पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर कॉलेज की नींव रखी.

यह डिग्री कॉलेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अंतर्गत संचालित होगा और करीब 26 करोड़ रुपये की लागत से 4.07

एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा. भवन निर्माण निगम लिमिटेड को निर्माण का जिम्मा दिया गया है, जिसे 21 महीने में पूर्ण करना है. कॉलेज परिसर में जी+2 एकेडमिक भवन, एसआरसी भवन, विशाल खेल मैदान और अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा. इसमें लगभग 2000 विद्यार्थी एक साथ अध्ययन कर सकेंगे.

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस कॉलेज के निर्माण में कोई विघ्न-बाधा नहीं आनी चाहिए और स्थानीय लोगों को शिक्षा के उत्थान में सहयोग करना चाहिए. उन्होंने बताया कि क्षेत्र के छात्र पहले स्नातक शिक्षा के लिए हजारीबाग, रामगढ़ और रांची जैसे शहरों की ओर जाते थे, लेकिन अब उन्हें उच्च शिक्षा सुविधा अपने गृह क्षेत्र में ही मिलेगी. विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि शिक्षा से समाज में विकास और बदलाव संभव है. उन्होंने छात्रों के बेहतर भविष्य और तकनीकी शिक्षा के विकास के लिए सांसद के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया.

समारोह का संचालन सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया. मौके पर हरली पंचायत की मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, बड़कागांव विधानसभा प्रतिनिधि पूनम साहू, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे. इस कदम से बड़कागांव क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का अवसर अपने क्षेत्र में मिलने से न केवल पढ़ाई का तनाव कम होगा, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और सामाजिक विकास भी बढ़ेगा.

एक नजर

उपायुक्त कीर्तिश्री ने जिले में शुरू किया 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार'

चतरा। जिले में डिप्टी कमिश्नर कीर्तिश्री ने 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरुआत की. 21 से 28 नवंबर 2025 तक जिले के सभी ब्लॉक और पंचायतों में अधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाना है. पहले दिन डीसी ने सदर ब्लॉक की लेम पंचायत में कैंप का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जन्म प्रमाण पत्र, आय/निवासी प्रमाण पत्र, जमीन से जुड़े मामले, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के आवेदन तथा राशन कार्ड जैसी समस्याओं का मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए. लाभार्थियों में जन्म प्रमाण पत्र, धोती-साड़ी और अन्य संपत्तियां भी वितरित की गई. डीसी कीर्तिश्री ने आम लोगों से अपील की कि वे तय तारीख पर पंचायतों में पहुंचे और उपलब्ध सरकारी सेवाओं का लाभ उठाएँ. मौके पर डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला योजना अधिकारी मन्नू कुमार, बीडीओ हरिनाथ महतो, अंचल अधिकारी अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

हनुमान मंदिर की नई कार्यकारिणी समिति का गठन

झुमरी तिलैया, कोडरमा। पीपल वाले पेड़ के समीप स्थित कोडरमा स्टेशन हनुमान मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्री अशोक राय ने की. बैठक में समाज के अनेक महत्वपूर्ण व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे. समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका था, इसलिए सर्वसम्मति से नई समिति का 2 वर्ष का कार्यकाल तय किया गया. मंदिर समिति के संरक्षक के रूप में श्री नितेश चंद्रवंशी एवं श्री अशोक राय मनोनीत हुए. अध्यक्ष बने श्री अशोक कुमार शाह, उपाध्यक्ष श्री देवेश भगत एवं कुणाल गुप्ता, सचिव श्री सुरेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार बंसल, सहसचिव श्री मुन्ना मिश्रा और श्री रवि कुमार सिंह. सभी पदाधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया. संरक्षक श्री नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि समिति मिलकर मंदिर परिसर को भव्य और व्यवस्थित बनाएगी.

कानीकेंद में सड़क हादसे में युवकों पर हत्या का आरोप, परिजनों ने की कानूनी कार्रवाई की मांग

कोडरमा। नवलशाही थाना क्षेत्र के कानीकेंद में 17 वर्षीय अनूप यादव की सड़क दुर्घटना के दौरान मृत्यु को लेकर उसके परिजनों ने दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है. परिजनों ने नवलशाही थाना व कोडरमा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामला दर्ज कराया. आवेदन में बताया गया कि सूरज गोस्वामी और अभिजीत वर्मा ने अनूप यादव को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाया. बाद में पता चला कि अनूप की हत्या कर लाश को चंचाल जंगल में फेंक दिया गया. परिजन का कहना है कि एक्सीडेंट में दोनों आरोपी बिल्कुल सुरक्षित हैं, जबकि उनके बेटे की मौत हुई. उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि जानबूझकर हत्या है. उन्होंने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

डीएलएड सत्र 2023-25 का परिणाम: अनुपम कुमारी प्रथम स्थान पर, 86.92 प्रतिशत अंक हासिल

रामगढ़। चितरपुर प्रखण्ड के सुकरीगढ़ा लारी स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के डीएलएड सत्र 2023-25 का परिणाम झारखंड अधिविद्य परिषद, नामकुम, राँची द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित किया गया. परिणाम में अनुपम कुमारी 86.92 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही. वहीं, द्वितीय स्थान प्रियंका कुमारी (86.78%) और तृतीय स्थान शमा परवीन (86.57%) ने हासिल किया. महाविद्यालय और मातृ संस्था जन आकांक्षा समिति के सचिव मणिकांत सिन्हा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव संजय कुमार प्रभाकर और प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय ने सभी शीर्ष प्रशिक्षुओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. डीएलएड विभागाध्यक्ष सीमा कुमारी, मुरारी कुमार दुबे, सुप्रिया बर्मन, बाबुचंद प्रसाद, नयन कुमार मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों ने भी प्रशिक्षुओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया.

केरेडारी/टंडवा चूंदरू पुल मरम्मत में अनियमितता का आरोप

केरेडारी/टंडवा। हजारीबाग-चतरा-रांची-लातेहार लाइफलाइन मार्ग पर टंडवा सूर्य मंदिर स्थित जर्जर चूंदरू पुल की मरम्मत कार्य में स्थानीय लोगों ने भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया है. आरोप है कि निर्माण में घटिया बालू, गिट्टी और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है और सरिया का उपयोग भी नहीं किया गया. जानकारी के अनुसार, निविदा में संवेदक को 25 लाख रुपये की टेंडर मिली है, लेकिन कार्य युद्धस्तर पर घटिया तरीके से किया जा रहा है. कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता ने कहा कि मरम्मत कार्य में घोर अनियमितता हो रही है और पैसे का बंदर बाट किया जा रहा है, जिसे जांच का विषय बनाया जाना चाहिए.

रामगढ़ के बरलंगा थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की छापेमारी, अवैध शराब की भट्ठियां नष्ट

रामगढ़। सहायक आयुक्त उत्पाद बिमला लकड़ा के निर्देशन में उत्पाद विभाग ने बरलंगा थाना क्षेत्र के डीमरा, कदलाटांड़, नावाडीह एवं गोला थाना क्षेत्र के कोचलटांड़ में सघन और व्यापक छापेमारी अभियान चलाया. इस अभियान के दौरान कई अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट किया गया और लगभग 400 किलोग्राम जावा महुआ तथा 80 लीटर महुआ शराब बरामद की गई.छापेमारी के दौरान डीमरा निवासी तिजु साव, कदलाटांड़ निवासी कंदरु रजवार, नावाडीह निवासी पूरण रजवार, राजेंद्र साव, चमन साव और कोचलटांड़ निवासी धनेश्वर महतो, राजेश महतो के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया.

दनुआ घाटी में सड़क हादसों से बचाव के लिए नया मंदिर, प्रशासन ने भी किए सुरक्षा इंतज़ाम

चौपारण। चौपारण प्रखंड की "मौत की घाटी" कहे जाने वाली दनुआ घाटी में बार-बार होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों ने ब्लैक स्पॉट के बीचोंबीच एक नया मंदिर का निर्माण किया है. ग्रामीणों का मानना है कि मंदिर बनने से यात्रियों को मनोवैज्ञानिक सुरक्षा मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी.

पेज तीन का शेष

40 से ज्यादा ठिकानों पर छापा करोड़ों की....

कई दस्तावेजों से यह भी पता चला है कि कोयला ट्रांसपोर्ट माफिया की गतिविधियों में स्थानीय अधिकारियों और कुछ निजी कंपनियों की मिलीभगत भी रही है. इसके साथ-साथ धनबाद में ईडी ने कोयला कारोबारी एलबी सिंह उर्फ लाल बाबू सिंह के परिसरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की. सरायढेला स्थित उनके आवास, झरिया स्थित 'देव प्रभा आउटसोर्सिंग' के कार्यालय सहित कुल 18 स्थानों की तलाशी ली गई. बताया जा रहा है कि उनके घर पर छापेमारी के दौरान कुत्तों को छोड़ दिया गया, जिससे ईडी की टीम को अंदर प्रवेश करने में करीब दो घंटे की देरी हुई. सिंह का नाम पहली बार 2011 में तब सुर्खियों में आया था, जब उनके झरिया स्थित घर से आयकर विभाग ने 100 करोड़ रुपये नकद बरामद किए थे. तब वे बीसीसीएल के छोटे ठेकेदार माने जाते थे, लेकिन ब्लैक मनी को निवेश करने के आरोपों के बाद उन्होंने आउटसोर्सिंग के माध्यम से कोयला खदानों का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर लिया. आज वे कई खदानों का संचालन कर रहे हैं और उन पर करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं. ईडी के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार और बड़े अधिकारियों की मिलीभगत के पुख्ता सबूत मिले हैं. ईडी ने दोनों राज्यों में हुए ऑपरेशन में बड़ी मात्रा में डिजिटल डेटा, बैंक डिटेल्स, फर्जी चालान, संदिग्ध लेजर और नकदी बरामद की है. अपराध से अर्जित संपत्ति की पहचान और रिकवरी के लिए आगे जांच जारी है. यह ऑपरेशन पूर्वी भारत में कोयला माफियाओं के खिलाफ सबसे बड़ा और निर्णायक माना जा रहा है.

मिस यूनिवर्स 2025 बनीं मेक्सिको की फातिमा बॉश

बैंकाक। मिस यूनिवर्स 2025 का भव्य फिनाले थाईलैंड में शानदार अंदाज़ में सम्पन्न हुआ, जहां दुनिया भर की निगाहें इस रोमांचक प्रतियोगिता पर टिकी रहीं. 130 से अधिक देशों की प्रतिभागियों ने अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और कौशल से मंच को जगमगाया. हालांकि, इस बार भारत के लिए निराशा का पल रहा, क्योंकि देश की उम्मीद मनिका विश्वकर्मा टॉप 12 में जगह नहीं बना सकीं. इसमें मेक्सिको की फातिमा बॉश ने बाज़ी मारते हुए मिस यूनिवर्स 2025 का ताज अपने नाम किया. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनियाभर के 130 देशों की प्रतिभाशाली महिलाओं ने हिस्सा लिया. इन्हीं में भारत की मनिका विश्वकर्मा भी शामिल थीं, जिनसे देश को बड़ी उम्मीदें थीं. फाइनल राउंड में जगह बनाने के बाद भारत की उम्मीदें राजस्थान की इस खूबसूरत प्रतिभागी से और बढ़ गईं, लेकिन वह ताज अपने नाम करने से चूक गईं. दूसरी ओर मेक्सिको की फातिमा बॉश ने अपनी सुंदरता, प्रतिभा और बेहतरीन जवाबों से सबका दिल जीत लिया और मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया. राजस्थान के छोटे से शहर से ताल्लुक रखने वाली मनिका अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता के दम पर न सिर्फ फाइनल राउंड तक पहुंचीं, बल्कि शीर्ष पसंदीदा प्रतियोगियों में भी शामिल रहीं.

न्यूज अपडेट

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 2026 विस चुनाव की तैयारी शुरू की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारी निर्वाचन आयोग ने शुरू कर दी है. राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच, आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट की जांच एवं मतदान अभ्यास का कार्यक्रम तय किया है. उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में प्रथम स्तर की जांच टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर मशीनों की उपलब्धता और प्रशिक्षण के मुद्दों पर चर्चा की. इस बार नए नियमों के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार की छवि भी इवीएम पर दिखाई जाएगी, जिसे प्रशिक्षण के दौरान भी इस्तेमाल किया जाएगा.

बेलेम में जलवायु सम्मेलन स्थल में लगी आग, 21 घायल

बेलेम। ब्राजील के अमेज़न स्थित बेलेम शहर में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी30) के मुख्य स्थल पर गुरुवार को आग लगने के कारण कम से कम 21 लोग घायल हो गए. हालांकि किसी बड़े हादसे में तब्दील होने से पहले ही इसपर काबू पा लिया गया. आग की चपेट में आने से कम से कम 21 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश धुएं में सांस लेने के कारण बीमार हैं. हालांकि, अधिकारियों ने दावा किया कि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया और सम्मेलन बिना किसी रूकावट के जारी रहेगा. रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3 बजे हुई, जब सम्मेलन के 'ब्लू जोन' क्षेत्र के एक पवेलियन में धुआं दिखाई दिया. प्रतिनिधियों को तुरंत निकासी का आदेश दिया गया जिसके बाद 190 से अधिक देशों के राजनयिक, वैज्ञानिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सड़कों पर भागे.

कोस्ट गार्ड ने बांग्लादेश की नाव समेत 28 लोगों को हिरासत में लिया

कोलकाता। भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) ने बंगाल की उत्तरी खाड़ी में भारत के विशिष्ट आर्थिक जल क्षेत्र में अवैध रूप से घुसी बांग्लादेश की मछली पकड़ने वाली एक नाव को पकड़ा है. इस दौरान इस नाव पर सवार 28 लोगों को हिरासत में लिया गया. कोस्ट गार्ड ने शुक्रवार को बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की निगरानी के दौरान भारतीय तटरक्षक बल के पोत ने एक संदिग्ध नाव को भारतीय जलक्षेत्र में देखा. रोकने पर यह नाव बांग्लादेश का मछली पकड़ने वाला पोत निकला. यह नाव मरीन जोन्स ऑफ इंडिया एक्ट 1981 का उल्लंघन करते मिली. भारतीय तटरक्षक बल की टीम ने नाव की तलाशी ली.

इंडोनेशिया के जावा प्रांत में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या हुई 30

जकार्ता। इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मरने वालों की तादाद बढ़ कर 30 हो गई है और 25 से ज्यादा लोग लापता हैं. बानजरनेगारा जिले के पहाड़ी गांव में सोमवार देर रात लगातार तेज बारिश से ढलान वाला एक बड़ा क्षेत्र अचानक धंस गया और कई मकान इसकी चपेट में आ गए. इसमें जानमाल का भारी नुकसान हुआ. स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) ने बताया कि अब तक 30 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 25 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं. घायलों की संख्या 19 बताई गई है. बीएनपीबी के मुताबिक बचाव कार्य में भारी मशीनों के साथ सैकड़ों बचावकर्मी, पुलिस और सेना के जवान जुटे हुए हैं.

चीन बना रहा दुनिया का पहला सेल्फ-सस्टेनिंग तैरता हुआ आर्टिफिशियल आइलैंड

2028 तक चालू करने की है योजना

एजेंसी। बीजिंग

चीन अपनी सैन्य और वैज्ञानिक क्षमताओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है. देश अब एक अनोखा तैरता हुआ आर्टिफिशियल आइलैंड बना रहा है, जिसे विशेष रूप से न्यूक्लियर धमाकों और खतरनाक समुद्री परिस्थितियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है. यह 78,000 टन का सेमी-सबमर्सिबल ट्विन-हल प्लेटफॉर्म दुनिया का पहला मोबाइल और पूरी तरह से आत्मनिर्भर तैरता हुआ द्वीप होगा. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नई फैसिलिटी चीन के सबसे बड़े फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर जितनी बड़ी है. इसमें 238 लोग बिना किसी बाहरी सप्लाई के चार महीने तक रह सकते हैं. इस परियोजना को 2028 तक चालू करने की योजना है. एक बार ऑपरेशनल होने पर यह विवादित समुद्रों में चीन की शक्ति को काफी हद तक बढ़ा सकता है.

शंघाई जिओ टोंग यूनिवर्सिटी (एसजेटीयू) के प्रोफेसर यांग डेकिंग ने बताया कि यह "डीप-सी मेजर साइंटिफिक फैसिलिटी" हर मौसम और लंबे समय तक रहने के लिए तैयार की गई है. इसके सुपरस्ट्रक्चर में जरूरी कम्पार्टमेंट हैं जो इमरजेंसी पावर, कम्युनिकेशन और नेविगेशन कंट्रोल सुनिश्चित करते हैं. इसके चलते न्यूक्लियर ब्लास्ट जैसी आपात स्थितियों में भी सुरक्षा प्रदान की जा सकती है. एसजेटीयू के अनुसार, इस फैसिलिटी का आधिकारिक नाम डीप-सी ऑल-वेदर रेजिडेंट फ्लोटिंग रिसर्च फैसिलिटी रखा गया है. यह चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में नेशनल मेजर साइंटिफिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में शामिल है. यह तैरता हुआ मोबाइल आइलैंड एक दशक की रिसर्च और योजना के बाद बन रहा है. दिसंबर 2024 में चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉर्पोरेशन के साथ यूनिवर्सिटी के डिजाइन कॉन्ट्रैक्ट के तहत इसका निर्माण किया जा रहा है.

प्लेटफॉर्म की लंबाई 138 मीटर और चौड़ाई 85 मीटर होगी, जिसमें मुख्य डेक पानी की सतह से 45 मीटर ऊपर होगा. इसका ट्विन-हल डिजाइन इसे सी स्टेट 7 जैसी उबड़-खाबड़ समुद्री लहरों में भी काम करने योग्य बनाता है. इसे कैटेगरी 17 के टाइफून से बचाव करने के लिए भी तैयार किया गया है. इस तैरते हुए द्वीप की सबसे बड़ी खासियत इसकी मोबिलिटी और आत्मनिर्भरता है. पारंपरिक फिक्स्ड रिसर्च स्टेशनों और सप्लाई सीमित जहाजों की तुलना में, यह आर्टिफिशियल आइलैंड 15 नॉट की रफ्तार से समुद्र में चल सकता है. इसका ऑपरेटिंग एरिया साउथ चाइना सी जैसे विवादित समुद्री इलाके भी हो सकते हैं, जिससे चीन अपनी रणनीतिक पहुंच और सैन्य ताकत को और बढ़ा सकेगा. विशेषज्ञों के अनुसार, यह परियोजना चीन के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और सैन्य दृष्टिकोण से एक बड़ा कदम है. यह न केवल नई तकनीकों और विज्ञान की दिशा में चीन की अग्रणी स्थिति को दर्शाती है, बल्कि उसे वैश्विक स्तर पर समुद्री शक्ति के मामले में एक महत्वपूर्ण बढ़त भी देती है.

आगरा में कश्मीरी युवकों और डॉ. परवेज कनेक्शन पर सुरक्षा एजेंसियों की छानबीन

एजेंसी। आगरा

दिल्ली कार धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आगरा में कश्मीरी युवकों की पहचान और सत्यापन के लिए कड़ा अभियान चलाया. मंटोला क्षेत्र में रहने वाले कई कश्मीरी युवकों को थाने बुलाकर उनकी जांच और पहचान कराई गई. डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि यह कार्रवाई एलआईयू से मिली जानकारी के आधार पर की गई, जिसमें कहा गया था कि मंटोला में कश्मीरी युवक रहते हैं. पुलिस ने युवकों से पूछताछ की और उनके प्रमाण-पत्रों के आधार पर कश्मीर से भी सत्यापन कराया जा रहा है. शुरुआती जांच में कोई संदिग्ध नहीं पाया गया. जानकारी के अनुसार, ये युवक वर्षों से सर्दियों में आगरा में किराए पर मकान लेकर गर्म कपड़े बेचते हैं. पुलिस की कार्रवाई से इलाके में खलबली मची रही, लेकिन बाद में मामले की स्पष्टता के बाद लोगों ने राहत की सांस ली. सुरक्षा एजेंसियां डॉ. परवेज से जुड़े कनेक्शन की भी जांच कर रही हैं. दिल्ली कार धमाके में लखनऊ में पकड़े गए डॉ. परवेज ने आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज से एमडी की थी. एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि पढ़ाई के दौरान वह किन लोगों के संपर्क में था और उसके करीबी कौन-कौन थे. इसके साथ ही उसकी बहन डॉ. शाहीन का आगरा आना भी एजेंसियों के लिए जांच का हिस्सा है. एसटीएफ और यूपी एटीएस की टीमों ने एसएन मेडिकल कॉलेज में हॉस्टल और मेडिसिन विभाग की छानबीन की और 2009 से 2016 तक के जूनियर डॉक्टरों की डिटेल्स मांगी हैं.

किसी विशेष समूह का हिस्सा बनना उनकी फितरत में नहीं: शिवकुमार

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर बढ़ रही अटकलों के बीच उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने स्थिति स्पष्ट की है. उन्होंने कहा कि किसी विशेष समूह का हिस्सा बनना उनकी फितरत में नहीं है और उनके लिए सभी 140 विधायक समान हैं. शिवकुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सरकार और कैबिनेट में फेरबदल का निर्णय लिया है, इसलिए सभी मंत्री बनने के इच्छुक हैं और यह स्वाभाविक है कि वे दिल्ली जाकर पार्टी नेताओं से मुलाकात करें. उन्होंने यह भी कहा कि कुछ विधायक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मिले हैं. यह उनकी व्यक्तिगत इच्छा है और वे अपनी जिम्मेदारी दिखाने का प्रयास कर रहे हैं. डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही चर्चाओं को नई घटना नहीं बताते हुए कहा कि पिछले 2.5 साल से बैठकें होती रही हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विधायकों को मंत्री बनने का अधिकार है और मुख्यमंत्री अपनी पांच साल की अवधि पूरी करेंगे, जिसमें सभी उनके साथ काम करेंगे. कर्नाटक कांग्रेस में सीएम पद को लेकर चर्चाएं तब तेज हुईं जब कुछ कांग्रेस विधायकों ने बीते गुरुवार रात दिल्ली में मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की. इस घटना के बाद सियासी तापमान बढ़ गया. वहीं, भाजपा ने भी इस मामले में चुटकी लेना शुरू कर दिया है. हबल्ली से भाजपा नेता महेश तेंगनकाई ने कहा कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है, लेकिन मीडिया में जो सामने आ रहा है उससे प्रतीत होता है कि पार्टी में बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है. उन्होंने दावा किया कि नवंबर अंत तक कांग्रेस में बड़ा बवाल देखने को मिल सकता है.

न्यूज अपडेट

कांग्रेस के डीएनए में राष्ट्र विरोध: गौरव भाटिया

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने चिली की नेता मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी पुरस्कार दिए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के डीएनए में भारत विरोध है. उन्होंने कहा कि सबसे पुराना राजनीतिक दल कांग्रेस एक माओवादी संगठन की तरह काम करने लगा है. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि एक अवॉर्ड सेरेमनी में 'इंदिरा गांधी प्राइज़ फॉर पीस, डिसआर्मामेंट एंड डेवलपमेंट 2024' सोनिया गांधी की मौजूदगी में चिली की पूर्व प्रेसिडेंट मिशेल बैचलेट को दिया गया. भाटिया ने मिशेल की पृष्टभूमि पर सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा कि वे चिली की पहली महिला राष्ट्रपति और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार की पूर्व प्रमुख रहीं. इस दौरान उन्होंने भारत की संप्रभुता पर कई बार हमला किया. उन्होंने आर्टिकल 370 में बदलाव और कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन की बात कही. ह्यूमन राइट्स काउंसिल के 42वें सेशन में उन्होंने सवाल उठाया कि कश्मीर में मानवाधिकार का उल्लंघन हो रहा है. अनुच्छेद 370 हटाया नहीं जाना चाहिए. मिशेल भारतीय नागरिक भी नहीं हैं, फिर भी उन्होंने सीएए पर याचिका दायर कर दावा किया कि इससे मानवाधिकारों को ठेस पहुंचेगी.

जुबिन नौटियाल महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए

उज्जैन। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में आज प्रातः देश के सुप्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल ने भस्म आरती में उपस्थित होकर महाकाल भगवान के दर्शन किए. पवित्र भस्म आरती का दिव्य वातावरण और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त कर नौटियाल भाव-विभोर दिखे. दर्शन उपरांत मंदिर परिसर में उनका स्वागत एवं सम्मान मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने किया . समिति ने उन्हें शॉल, प्रसाद और स्मृति चिह्न भेंट कर महाकाल बाबा की परंपरागत आतिथ्य परंपरा के अनुरूप सम्मानित किया. इस अवसर पर जुबिन नौटियाल ने महाकाल मंदिर की व्यवस्था, अनुशासन, सुरक्षा और भव्यता की खुलकर सराहना की. उन्होंने कहा कि उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर की दिव्यता और धार्मिक गरिमा अद्भुत है.

पुलिस ने प. बंगाल के श्रमिकों को हिरासत में लिया

मेदिनीपुर। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के पांशकुड़ा के राधाबल्लभचक क्षेत्र के कई निवासियों को ओडिशा पुलिस ने बांग्लादेश का नागरिक होने के संदेह में हिरासत में लिया है. ये सभी लोग रोजगार के उद्देश्य से ओड़िशा के भद्रक क्षेत्र में कार्यरत थे. सूत्रों के अनुसार, एस.आई.आर. की प्रक्रिया के दौन गुरुवार शाम ये श्रमिक बांग्ला भाषा में बातचीत कर रहे थे, तभी ओडिशा पुलिस ने उन्हें विदेशी नागरिक समझकर हिरासत में ले लिया. वर्षों से कोई फेरी का कार्य कर रहा था, तो कोई व्यापारिक काम से ओड़िशा में रह रहा था. स्थानीय पहचान होते हुए भी उन्हें संदेह के आधार पर रोक दिया गया. तब से इनके परिवार बेहद चिंतित हैं. पूर्व मेदिनीपुर के जिलाधिकारी यूनिस ऋषिन इस्माइल ने कहा, "हम मामले की जांच कर रहे हैं. यदि यह प्रमाणित होता है कि वे हमारे जिले के निवासी हैं, तो आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा." हिरासत में लिए गए श्रमिकों ने वीडियो संदेश के माध्यम से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से उन्हें थाने से मुक्त कराने और सुरक्षित घर वापस लाने में मदद करने की गुहार लगाई है

संवेदनशील जानकारी लीक मामले में दो गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक के मालपे से बड़ी खबर सामने आई है, जहां पुलिस ने भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत से जुड़ी संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है. यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा और ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 के उल्लंघन से संबंधित है. जांच की शुरुआत तब हुई जब उडुपी कोचीन शिपयार्ड के सीईओ ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद मालपे पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 और ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट की धाराओं 3 और 5 के तहत मामला दर्ज किया. कार्कला सबडिविजन की एएसपी हर्षा प्रियामवदा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम ने जांच शुरू की और शीघ्र ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी 29 वर्षीय रोहित और 37 वर्षीय संत्री के रूप में हुई.

राजमहेंद्रवरम में 58वां राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह मनाया गया, बोले डॉ. आनंद कुमार पिंगली

विद्यार्थी को ज्ञान संपदा का पूरा लाभ उठाना चाहिए

एजेंसी। राजमहेंद्रवरम

पूर्वी गोदावरी जिला पुस्तकालय संघ के निर्देशन में राजमहेंद्रवरम के इन्निसुपेटा शाखा पुस्तकालय में 58वां राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों और पुस्तक प्रेमियों के बीच पुस्तकालयों के महत्व और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम की शुरुआत पद्मश्री अय्यंकी वेंकट रामनैया और डॉ. चागंती वेंकट लक्ष्मी नरसिंह राव (सेवानिवृत्त प्राचार्य) द्वारा की गई, जिन्होंने छात्रों को पुस्तकालयों के उपयोग और लाभ के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पंथम कोंडालाराव (सीसीसी चैनल प्रमुख) और डॉ. आनंद कुमार पिंगली (एएसआर होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, ताडेपल्लीगुडेम के प्राचार्य) उपस्थित थे. पद्मश्री वेंकट रामनैया ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया. इसके बाद, बी.एन.वी. श्रीकांत (तेलुगु पंडित) की उपस्थिति में जूनियर और सीनियर छात्रों के लिए ₹आपकी पसंदीदा कहानी पुस्तक₹ विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया. मुख्य वक्ता डॉ. आनंद कुमार पिंगली ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पुस्तकालय में उपलब्ध ज्ञान संपदा का पूरा लाभ उठाना चाहिए. उन्होंने बताया कि पुस्तकालयों की स्थापना पुस्तकालय आंदोलनों के प्रयासों का परिणाम है और ये जीवन के विकास तथा सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. कार्यक्रम के दौरान पुस्तकालय विकास समिति के सदस्यों और राजमहेंद्री चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने इन्निसुपेटा पुस्तकालय के सर्वश्रेष्ठ पाठक श्री वनपल्ली श्रीरामचंद्रमूर्ति और डॉ. आनंद कुमार पिंगली को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. इसके अतिरिक्त टी नगर पुस्तकालय समिति की अध्यक्ष श्रीमती वद्रेवु अलिवेलु, सदस्य पाला सत्यनारायण, ट्रस्ट सदस्य श्रीमती रमेश व श्री बोड्डू श्रीनिवास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे. 21वें वार्ड के टीडीपी अध्यक्ष श्री कोम्मा रमेश बाबू और जिला पुस्तकालय संगठन के पूर्व सचिव श्री मारिसेट्टी सत्यनारायण ने भी कार्यक्रम में भाग लिया. इसके अलावा पुस्तकालय में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें गणमान्य व्यक्तियों ने छात्रों को पढ़ाई और पुस्तकों के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया.

आंध्र प्रदेश को लाल चंदन संरक्षण के लिए 39.84 करोड़ रुपये जारी

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने आंध्र प्रदेश को लाल चंदन के संरक्षण और सुरक्षा के लिए 39.84 करोड़ रुपये जारी किए जिनमें 38.36 करोड़ रुपये वन विभाग को और 1.48 करोड़ रुपये राज्य जैव विविधता बोर्ड को दिए गए. इस राशि के साथ देश में एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग के तहत कुल वितरण 110 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है जो जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है. केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, भारत में गहरी लाल लकड़ी के लिए प्रसिद्ध लाल चंदन प्राकृतिक रूप से केवल आंध्र प्रदेश के पूर्वी घाट के चुनिंदा क्षेत्रों अनंतपुर चित्तूर कडप्पा प्रकाशम और कुरनूल में पाया जाता है. वन विभाग द्वारा नीलाम या जब्त की गई लकड़ी की नियंत्रित बिक्री से 87.68 करोड़ रुपये लाभ राशि के रूप में प्राप्त हुए थे. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण अब तक आंध्र प्रदेश कर्नाटक ओडिशा के वन विभागों और आंध्र प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड को लाल चंदन के संरक्षण सुरक्षा और अनुसंधान के लिए 49 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी कर चुका है. इसके अलावा आंध्र प्रदेश के 198 किसानों को 3 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के 18 किसानों को 55 लाख रुपये भी लाभ के रूप में दिए गए हैं. अभी दी गई 38.36 करोड़ रुपये की राशि से वन विभाग को फील्ड स्टाफ की क्षमता बढ़ाने सुरक्षा उपायों को मजबूत करने वैज्ञानिक प्रबंधन को प्रोत्साहन देने जैव विविधता प्रबंधन समितियों के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने और दीर्घकालिक निगरानी कार्यक्रमों को मजबूत करने में सहायता मिलेगी. साथ ही राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने आंध्र प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा एक लाख लाल चंदन पौध तैयार करने की योजना को स्वीकृति दी है जिसके लिए 2 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं. पहले जारी राशि के बाद अब शेष 1.48 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.